मौसम

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.2 | 23.6 |
| डालटनगंज | 33.6 | 24.5 |
| धनबाद | 32.6 | 26.3 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, मंगलवार 02 सितंबर 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 146 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12


## शिखर बैठक: एससीओ में सब पर भारी पड़ी भारत और रूस की यारी, दोनों देशों के रिश्ते में नई गरमाहट

# पुतिन बोले प्रिय दोस्त, तो मोदी ने कहा मुश्किल वक्त का साथी

एजेंसियां। तिआनजिन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को चीन के तिआनजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के इतर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय बैठक की. इस दौरान उन्होंने कहा कि यूक्रेन में शांति का रास्ता खोजना पूरी मानवता की पुकार है. ये वक्त की जरूरत भी है.

पीएम मोदी ने आगे कहा, आपसे मिलना एक यादगार अनुभव होता है, ऐसा मैं हमेशा महसूस करता हूं. हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का मौका मिलता है. हम लगातार संपर्क में रहते हैं. दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च स्तरीय बैठकें होती रहती हैं. 140 करोड़ भारतीय आपके लिए इस साल दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. यह हमारे विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है. उन्होंने कहा, भारत और रूस हमेशा सबसे कठिन परिस्थितियों में एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं. हमारा घनिष्ठ सहयोग केवल दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है. बैठक में भारत और रूस की दोस्ती अलग पर पहुंची. साझा बयान के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने जहां पीएम मोदी को प्रिय दोस्त कह कर संबोधित किया, तो वहीं पीएम मोदी ने भी रूस को भारत का कठिन वक्त का साथी बताया. बैठक के बाद मोदी स्वदेश लौट आए.

### ये दोस्ती है बेमिसाल, एक ही कार में मीटिंग के लिए पहुंचे मोदी-पुतिन



चीन के तिआनजिन में शंघाई शिखर संगठन की बैठक के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को चिढ़ाने वाली एक और तस्वीर सामने आई है. पीएम मोदी और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक ही कार में सवार होकर द्विपक्षीय वार्ता के लिए पहुंचे हैं.



भारत-रूस की दोस्ती तोड़ने के लिए की गईं ट्रंप की लाख कोशिशें बेकार होती नजर आ रही हैं, क्योंकि मोदी-पुतिन औपचारिक स्तर की बातचीत से पहले रिश्तों को पर्सनल टच देने के लिए एक ही कार में बैठे नजर आए. पीएम मोदी ने एक्स पर तस्वीर पोस्ट करते हुए लिखा, एससीओ शिखर सम्मेलन स्थल पर कार्यवाही के बाद, राष्ट्रपति पुतिन और मैं द्विपक्षीय वार्ता स्थल पर साथ-साथ गए. उनके साथ बातचीत हमेशा ज्ञानवर्धक होती है. भारत और रूस पुराने दोस्त रहे हैं और बदलती दुनिया में भी दोनों देशों के रिश्ते समय के साथ मजबूती हुए हैं.

### पुतिन ने कही ये बड़ी बातें

1. प्रिय दोस्त, 21 दिसंबर को भारत-रूस की स्पेशल पार्टनरशिप को 15 साल पूरे हो रहे हैं.
2. हम सच्चाई से यह बता सकते हैं कि हमारे रिश्ते सिद्धांतों पर बढ़ते हैं.
3. हमारे बीच बहुत बहुमुखी सहयोग जारी है.
4. आज की बातचीत से रिश्तों को और आगे बढ़ाने का मौका मिला है.

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कही ये बड़ी बातें

1. मुझे हमेशा लगता है कि आपसे (पुतिन से) मिलना एक यादगार बैठक होती है. हमें कई विषयों पर जानकारी साझा करने का अवसर मिला है. हम लगातार संपर्क में रहे हैं. दोनों पक्षों के बीच नियमित रूप से कई उच्च-स्तरीय बैठकें हुई हैं.
2. 140 करोड़ भारतीय इस वर्ष दिसंबर में होने वाले हमारे 23वें शिखर सम्मेलन के लिए आपका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. यह हमारी विशेष साझेदारी की गहराई और व्यापकता को दर्शाता है.
3. कठिन से कठिन हालात में भी भारत और रूस कंधे से कंधा मिलाकर चले हैं.
4. हमारा करीब सहयोगी दोनों देशों के लोगों के लिए ही नहीं, वैश्विक शांति और स्थिरता के जरूरी.
5. हम यूक्रेन में चल रहे संघर्ष पर लगातार चर्चा कर रहे हैं. हम शांति के लिए हाल के सभी प्रयासों का स्वागत करते हैं. हमें उम्मीद है कि सभी पक्ष रचनात्मक रूप से आगे बढ़ेंगे. संघर्ष को जल्द से जल्द खत्म करने और स्थायी शांति स्थापित करने का रास्ता ढूंढना होगा. यह पूरी मानवता की पुकार है.

### पाकिस्तान के सामने पीएम मोदी ने किया पहलगाम हमले का जिक्र, आतंकवाद को समर्थन पर सवाल उठाए

पीएम नरेंद्र मोदी ने एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में कहा कि पहलगाम में हुआ भयावह आतंकवादी हमला न केवल भारत के लिए एक झटका है, बल्कि मानवता में विश्वास रखने वाले हर देश के लिए एक खुली चुनौती है. पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मौजूदगी में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि एससीओ को आतंकवाद पर दोहरे मानदंडों को स्पष्ट रूप से और सर्वसम्मति से खारिज करना चाहिए. उन्होंने कहा, यह मानवता के प्रति हमारा कर्तव्य है।' पाकिस्तान का नाम लिए बिना पीएम मोदी ने कहा कि यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या कुछ देशों की ओर से आतंकवाद का खुला समर्थन हमें स्वीकार्य हो सकता है? प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत पिछले चार दशकों से आतंकवाद का दंश झेल रहा है. कई माताओं ने अपने बच्चों को खो दिया और कई बच्चे अनाथ हो गए.

-पेज 12 भी देखें

#### नरम पड़े ट्रंप के तेवर

एससीओ शिखर सम्मेलन पर पूरी दुनिया की निगाहें इस सम्मेलन पर थी. खासकर अमेरिका द्वारा दुनिया के कई देशों पर भारी-भरकम टैरिफ लगाए जाने से उपजे तनाव के बीच यह बैठक हो रही थी. ऐसा लग रहा है कि भारत-चीन और रूस के बीच बढ़ती नजदीकियां देखकर अमेरिका के तेवर नरम पड़ गए हैं. जिस वक्त पीएम मोदी तिआनजिन में मौजूद रहे, उसी वक्त दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास ने भारत-अमेरिका संबंधों को लेकर ट्वीट किया है. 'अमेरिका और भारत के बीच साझेदारी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है. यह 21वीं सदी का निर्णायक रिश्ता है. इस महीने, हम उन लोगों, प्रगति पर प्रकाश डाल रहे हैं जो हमें आगे बढ़ा रहे हैं. नवाचार और उद्यमिता से लेकर रक्षा और द्विपक्षीय संबंधों तक, यह हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच की स्थायी मित्रता ही है जो इस यात्रा को ऊर्जा प्रदान करती है.

## ब्रीफ न्यूज

### पीएम आज बिहार जीविका निधि साख सहकारी संघ का करेंगे शुभारंभ

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का शुभारंभ करेंगे. प्रधानमंत्री संस्था के बैंक खाते में 105 करोड़ रुपये भी हस्तांतरित करेंगे. पीएमओ ने सोमवार को बताया कि जीविका निधि की स्थापना का उद्देश्य जीविका से जुड़े सामुदायिक सदस्यों को सस्ती ब्याज दरों पर आसानी से धन उपलब्ध कराना है.

### बेंगलुरु में पूर्व प्रेमी ने महिला को जिंदा जलाया

**बेंगलुरु।** यहां 35 वर्षीय महिला को उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर ने मंदिर से लौटते समय पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया. महिला की पहचान वनजाक्षी के रूप में हुई है. पुलिस ने 52 वर्षीय आरोपी कैब चालक विठल को गिरफ्तार कर लिया है. वनजाक्षी और विठल चार से पांच साल पहले लिव-इन रिश्ते में थे. दोनों पहले भी शादीशुदा रह चुके थे. लेकिन विठल की शराब की लत और उसके द्वारा की जा रही परेशानियों के कारण महिला ने उसे छोड़ दिया था.

### महिला वर्ल्ड कप के लिए बढ़ी प्राइज मनी का ऐलान

**नयी दिल्ली।** महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2025 की शुरुआत में अब एक महीने से भी कम का समय बचा है. इसी बीच भारत और श्रीलंका में आयोजित होने वाले इस मेगा टूर्नामेंट के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने प्राइज मनी का ऐलान कर दिया है. आठ टीमों वाले इस बड़े टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 13.88 मिलियन अमेरिकी डॉलर यानी करीब 122 करोड़ रुपये तय की गई है. यह 2022 में न्यूज़ीलैंड में खेले गए पिछले संस्करण की तुलना में 297 प्रतिशत ज्यादा है.

## पटना में वोटर अधिकार समापन रैली में गरजे सीएम हेमंत सोरेन

# मैं जेल न गया होता तो लोस चुनाव में बीजेपी का खाता भी नहीं खुलता

शुभम संदेश। पटना

वोटर अधिकार यात्रा की समापन रैली में सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा, मुझे झूठे मामले में जेल में डाल दिया गया. अगर मैं जेल न गया होता, तो झारखंड में लोकसभा चुनाव में बीजेपी का खाता नहीं खुलने देता. उन्होंने कहा कि विस चुनाव में मैं बाहर आया, तो सीन बदल गया. हमारी बड़ी जीत हुई. उन्होंने कहा, झारखंड की आधी आबादी को हमने पलायन करने से रोका है. इसके लिए मंईयां सम्मान जैसी कई योजनाएं शुरू कीं.

मुख्यमंत्री ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा, भाजपा वोट चोरी के सहारे सत्ता में बनी हुई है. यह कोई नई बात नहीं, ये गोरखधंधा बहुत पहले से चला आ रहा है. लेकिन नेता प्रतिपक्ष और हमारे बड़े भाई राहुल गांधी ने इसका सबूत जुटा कर जनता के सामने लाए हैं, जिसके लिए पूरा देश उनका आभारी है. उन्होंने कहा, इसका मुकाबला सिर्फ एकजुटता से किया जा सकता है. वोट चोरी के मुद्दे पर इंडिया गठबंधन के नेता आज पूरी तरह एकजुट हैं. पटना में उमड़ी भीड़ इसका प्रमाण है.

**वोट किसी पार्टी का नहीं देश का है:** मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जो वोट चोरी हो रही है वो किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश का वोट हैं. इसी वोट से देश और संविधान बचता और टूटता है. दुर्भाग्य से 2014 में कुछ चालाक-चतुर लोगों ने धनबल पर सत्ता हासिल किया है. 2014 से देश को तबाह किया. आजादी के बाद जितने लोग इस देश में नहीं मरे, 2014 से लेकर अबतक उससे कई गुना ज्यादा लोग मर चुके हैं.

**जनप्रतिनिधियों को डराने का काम कर रहे :** हेमंत ने कहा, एनडीए की सरकार फूट डालो शासन करो की नीति पर चल रही है. धनबल से सरकार को चला रही है. ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के जोर पर जनप्रतिनिधियों को डराने का काम हो रहा है. इस राज्य और देश के आदिवासी पिछड़ा दलित के लिए चुनाव सिर्फ चुनाव नहीं है. ये चुनाव सिर्फ बिहार को नहीं, बल्कि देश को बचाने का चुनाव होगा.

**हम एकजुट होंगे तो ये कहीं नहीं टिकेंगे :** हेमंत सोरेन ने कहा कि इंडिया ब्लॉक इन षडयंत्रकारियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर रहा है. बिहार की धरती से ऐतिहासिक फैसले हुए हैं. राजनीतिक रास्ते तय हुए हैं. जब दलित-आदिवासी एकजुट होगा ये कहीं नहीं टिकेंगे. हम जब भी एकजुट होकर लड़े हैं जीत मिली है. और इसलिए हमें आगे भी ऐसे ही लड़ना होगा.

**बिहार चुनाव देश बचाने का संकल्प होगा :** सीएम ने बिहार चुनाव को लेकर कहा, ये चुनाव केवल चुनाव नहीं बल्कि देश बचाने का संकल्प होगा. उन्होंने एसआईआर पर सवाल उठाते हुए कहा कि ये स्पेशल वोटर इंसेंटिव रिविजन हो रहा है वो क्या है. उन्होंने पलायन पर बात करते हुए कहा कि ये बहुत बड़े तीस मारखां नहीं. जब आदिवासी दलित समाज एकजुट होता है तो कहीं नहीं टिकते हैं. इसलिए हमें एकजुट होना होगा. और ये आवाज दूर दूर तक पहुंचाइए कि इस देश में कैसे लोगों के हक़ मारे जा रहे हैं. हमारे यहां लोग पलायन करते थे लेकिन हमने आधी आबादी मदद देकर पलायन को रोका है. ये आवाज न डरने वाली है न ही डिगने वाली. आपकी ताकत ही देश की तकदीर लिखेगी.



### फैक्ट्री गुजरात में, विक्ट्री चाहिए बिहार में: तेजस्वी

तेजस्वी यादव ने भी पीएम मोदी और सीएम नीतीश पर हमले किये. कहा,



मोदीजी फैक्ट्री लगाएंगे गुजरात में विक्ट्री चाहिए बिहार में. यहां की जनता उड़ती चिड़िया को हल्दी लगाना जानती है. बिहार में इनके डबल इंजन का एक इंजन अपराध और दूसरा भ्रष्टाचार में चला गया है. हमें अपने वोट की रक्षा करना है. बड़ी चालाकी से फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं. बिहार में गड़बड़ करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देना है.

### 22 जिले, 110 विधानसभा, 16 दिन में 1300 किमी

## एटम बम के बाद वोट चोरी के हाइड्रोजन बम लाएंगे राहुल



**पटना।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कथित वोट चोरी से जुड़े अपने खुलासे का हवाला देते हुए सोमवार को कहा कि एटम बम के बाद अब हाइड्रोजन बम आने वाला है. उन्होंने वोटर अधिकार यात्रा के समापन के मौके पर ये दावा भी किया कि वोट चोरी का हाइड्रोजन बम आने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जनता को अपना चेहरा नहीं दिखा पाएंगे. लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि 'वोट चोरी' का मतलब अधिकार, आरक्षण, रोजगार, शिक्षा और युवाओं के भविष्य की चोरी है. राहुल गांधी ने दावा किया कि वोट चोरी के बाद लोगों के राशन कार्ड और जमीन छीन ली जाएगी. हम इन्हें संविधान की हत्या नहीं करने देंगे.

कांग्रेस नेता ने यह दावा फिर किया कि पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव चोरी किया गया था. उन्होंने कहा, भाजपा के लोगों, तैयार हो जाओ, हाइड्रोजन बम आ रहा है. आपकी वोट की चोरी पूरे देश को पता लगने जा रही है. इससे पहले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, राजद नेता तेजस्वी यादव और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के कई अन्य नेताओं ने गांधी मैदान से डाक बंगला चौराहे तक एक खुले वाहन में सवार होकर मार्च निकाला. 'वोटर अधिकार यात्रा' 22 जिलों में 110 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों से गुजरी और इसमें 1300 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की गई. सपा के अध्यक्ष अखिलेश यादव, द्रमुक नेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री तथा पार्टी के कई वरिष्ठ नेता इस यात्रा में शामिल हुए. सासाराम से 17 अगस्त को निकाली गई इस यात्रा को विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन के व्यापक चुनाव अभियान के तौर पर देखा जा रहा है. इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं.



## पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही, भारत ने भेजी मदद

# 800 से अधिक लोगों की मौत 2500 घायल, राहत कार्य जारी

एजेंसियां। काबुल

पूर्वी अफगानिस्तान में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई. अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है. रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ.

अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था. इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी. कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं. इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए. तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि मृतकों की संख्या बढ़कर 800 हो गई है. 2,500 लोग घायल हुए हैं. ज्यादातर लोग कुनार प्रांत में हताहत हुए हैं.

**पूरा गांव ही तबाह हो गया:** कुनार के सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में से एक नूरगल जिले के एक निवासी ने बताया कि लगभग पूरा गांव ही तबाह हो गया है. बच्चे मलबे के नीचे हैं. बुजुर्ग मलबे के नीचे हैं. युवा मलबे के नीचे हैं. हमें मदद की जरूरत है. हमें लोगों की जरूरत है, जो यहां आकर हमारी मदद करें. आइए हम दबे हुए लोगों को बाहर निकालें. कोई भी ऐसा नहीं है, जो आकर मलबे के नीचे से शवों को निकाल सके. स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रवक्ता शराफत जमान ने बताया कि बचाव अभियान जारी है. कुनार, नंगरहार और राजधानी काबुल से चिकित्सा दल इलाके में पहुंच गए हैं. जमान ने कहा कि कई इलाकों से हताहतों की संख्या की सूचना नहीं मिल पाई है. मौतों और घायलों की सूचना मिलने पर संख्या में बढ़ोतरी की आशंका है. -पेज 12 भी देखें

### भारत ने बढ़ाया मदद का हाथ

भारत ने अफगानिस्तान में भूकंप प्रभावित लोगों के लिए मदद भेजी है. भारत की तरफ से 1000 फैमिली टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी गई है. वहीं, आने वाले दिनों में और ज्यादा मात्रा में राहत और बचाव सामग्री भारत की तरफ से भेजी जाएगी. इससे पहले भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अफगानिस्तान की मदद करने का वादा किया और मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की. उन्होंने इस कठिन समय में अफगानिस्तान को भारत की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया. विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा, अफगानिस्तान के कुनार प्रांत में आया विनाशकारी भूकंप गहरी चिंता का विषय है. भारत इस मुश्किल घड़ी में सहायता प्रदान करेगा. पीड़ितों के परिवारों के प्रति हमारी संवेदनाएं. घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना. पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, अफगानिस्तान में भूकंप के कारण हुई जान-माल की हानि से मुझे गहरा दुख हुआ है. इस कठिन घड़ी में हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं. भारत प्रभावित लोगों को हर संभव मानवीय सहायता और राहत प्रदान करने के लिए तैयार है.

## सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी: बिहार एसआईआर पर भ्रम भरोसे का मुद्दा

# राजनीतिक दल भी खुद को वोटरों की मदद में सक्रिय करें

एजेंसियां। नयी दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग के इस कथन पर संज्ञान लिया कि बिहार ड्राफ्ट रोल में मतदाता पंजीकरण के लिए दावे और आपत्तियों पर 1 सितंबर की समय सीमा के बाद भी विचार होगा. कोर्ट ने आयोग के कथन पर संज्ञान लेते हुए समय सीमा बढ़ाने का कोई आदेश पारित नहीं किया. कोर्ट ने बिहार विधिक सेवा प्राधिकरण को सभी जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों को निर्देश जारी करने का आदेश दिया कि वे मतदाताओं या दलों को दावे, आपत्तियां, सुधार ऑनलाइन जमा करने में मदद के लिए अर्ध-विधिक स्वयंसेवकों की नियुक्ति करें या उन्हें अधिसूचित करें. कोर्ट ने कहा कि इसके बाद प्रत्येक स्वयंसेवक को जिला एवं सत्र जज को गोपनीय रिपोर्ट पेश करनी होगी. स्वयंसेवकों से प्राप्त जानकारी राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों के स्तर पर एकत्र की जा सकती है.



**1 सितंबर के बाद भी दायर किए जा सकते हैं सुधार :** इससे पहले आयोग ने कोर्ट को बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत तैयार मतदाता सूची के मसौदे में दावे, आपत्तियां और सुधार 1 सितंबर के बाद भी दायर हो सकते हैं, लेकिन मतदाता सूची के अंतिम रूप देने के बाद ही इन पर विचार किया जाएगा. जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने ईसी के इस कथन पर गौर किया कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि तक दावे और आपत्तियां दायर की जा सकती हैं.

**अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करें:** शीर्ष अदालत ने बिहार एसआईआर को लेकर फैले भ्रम को काफी हद तक विश्वास का मामला बताते हुए राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देश दिया कि वह 1 अगस्त को प्रकाशित मसौदा सूची पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने में व्यक्तिगत मतदाताओं और राजनीतिक दलों की सहायता के लिए अर्ध-कानूनी स्वयंसेवकों को तैनात करे. कोर्ट ने राजनीतिक दलों से भी खुद को 'सक्रिय' करने को कहा.

**पार्टी ने केवल 10 दावे दाखिल किए:** निर्वाचन आयोग की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश द्विवेदी ने कहा, समय सीमा में किसी भी तरह का विस्तार पूरी प्रक्रिया और अंतिम मतदाता सूची को अंतिम रूप देने में बाधा उत्पन्न करेगा. चुनाव आयोग ने आगे कहा कि मसौदा मतदाता सूची में शामिल 2.74 करोड़ मतदाताओं में से 99.5 फीसदी ने पात्रता संबंधी दस्तावेज दाखिल कर दिए हैं. राजद के दावों (जिसमें 36 दावे दाखिल करने की बात कही गई थी) का खंडन करते हुए आयोग ने कहा कि पार्टी ने केवल 10 दावे दाखिल किए हैं.

### मतदाताओं को सात दिनों के भीतर नोटिस जारी करेगा, जिनके दस्तावेज अधूरे

द्विवेदी ने आगे कहा कि राजद पार्टी की ओर से अपनी याचिका में उल्लिखित 36 दावों को भी विधिवत स्वीकार कर लिया गया है. चुनाव आयोग ने कहा कि वह उन मतदाताओं को सात दिनों के भीतर नोटिस जारी करेगा, जिनके दस्तावेज अधूरे हैं. आयोग ने एसआईआर को निरंतर प्रक्रिया बताया. चुनाव आयोग ने कहा कि राजनीतिक दलों की ओर से दायर अधिकांश दावे और आपत्तियां मतदाता सूची से नामों को शामिल करने के लिए नहीं, बल्कि हटाने के लिए थीं.

### जो लोगों को मूर्ख बना सकता है, वही सबसे अच्छा नेता : गडकरी

**नागपुर।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी बेबाक बयान देने के लिए जाने जाते हैं. गडकरी का नया बयान चर्चा में है. एक कार्यक्रम में उन्होंने राजनेताओं को लेकर ऐसा बयान दे दिया, जिसे शायद ही आपने किसी केंद्रीय मंत्री स्तर के नेता से सुना होगा. लोग कहते तो हैं कि नेता वोट हासिल करने के लिए झूठे वादों के जाल में जनता को फंसाते हैं. जनता को मूर्ख बनाते हैं, यही बात गडकरी ने सार्वजनिक मंच से कह दी, जिसे सुन लोग चौंक गए. गडकरी ने नागपुर के एक कार्यक्रम में कहा, मैं जिस क्षेत्र में काम करता हूं, वहां पूरे मन से सच बोलना मना है. जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही अच्छा नेता हो सकता है. गडकरी से यह बात सुन मौजूद सभी लोग हंसने लगे. किसी को ऐसी उम्मीद नहीं थी कि गडकरी ऐसा कह सकते हैं.

## बाढ़ से भारी मुसीबत में पंजाब

# पीड़ितों के लिए आगे आए सितारे ग्राउंड जीरो तक पहुंचा रहे मदद

एजेंसियां। चंडीगढ़

पंजाब के कई जिलों में लगातार भारी बारिश हो रही है. साथ ही हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में भी भारी बारिश के कारण कई नदियां उफान पर हैं. इस वजह से पंजाब में बाढ़ आ गई है. जिस वजह से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है. बाढ़ से न सिर्फ अब तक 29 लोगों की जान गई बल्कि पशुओं के पानी में बहने के वीडियो भी सामने आ रहे हैं. राज्य के करीब 12 जिलों के ढाई लाख से अधिक लोग बाढ़ से पीड़त हैं. ऐसे मुश्किल समय में एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के कलाकार भी मदद को आए हैं. बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद, दिलजीत दोसांझ और सिंगर गुरु रंधावा की टीम लोगों की मदद में जुटी हुई है.

#### मदद को उतरे सोनू सूद

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद लोगों की मदद के लिए खड़े हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए मैसेज सभी तक पहुंचाया है. ये भी कहा कि पंजाब उनकी आत्मा है और चाहे कुछ भी कुर्बान करना पड़े, लेकिन वो पीछे नहीं हटेंगे. एक्टर ने वीडियो शेयर कर लिखा, मैं पंजाब के साथ हूं. वहीं पंजाबी सिंगर दिलजीत दोझांस की टीम भी बाढ़ पीड़ित लोगों की मदद के लिए आगे आई है. बाढ़ से प्रभावित गांवों में जाकर खाने का सामान, पीने का पानी, दवाइयां लोगों तक पहुंचा रहे हैं. इसके अलावा संजय दत्त, मीका सिंह समेत कई अन्य सितारे भी पंजाब के लोगों की मदद में आगे आए हैं.

### मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि के खर्च को लेकर समीक्षा बैठक

# 50% राशि खर्च होने के बाद ही केंद्र से मिलेगी 1020.27 करोड़ की बकाया राशि

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने स्वास्थ्य मद में 15वें वित्त आयोग की 50 प्रतिशत राशि का खर्च अक्टूबर के मध्य तक सुनिश्चित करने का निर्देश सभी उपायुक्तों को दिया है. उन्होंने कहा कि 50 प्रतिशत राशि खर्च होने के बाद ही केंद्र से 1020.27 करोड़ की बकाया राशि पर दावा किया जा सकता है. इसे लेकर उन्होंने उपायुक्तों को मिशन मोड में तत्परता से कार्य करने पर बल दिया. इसके लिए एक्शन प्लान बनाने का निर्देश दिया, ताकि यह पता चलता रहे कि आगे कैसे बढ़ना है. मुख्य सचिव सोमवार को अपनी अध्यक्षता में 15वें वित्त आयोग की स्वास्थ्य मद की राशि के खर्च को लेकर समीक्षा बैठक कर रही थीं.



### 948 पंचायतों में बनेंगे स्वास्थ्य उप केंद्रः अपर मुख्य सचिव

गौरतलब है कि 15वें वित्त आयोग की राशि से राज्य के तमाम इलाके में 1344.08 करोड़ रुपये से एचएससी, पीएचसी, सीएचसी, बीपीएचयू (ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट), यूएएम (अरबन आयुष्मान आरोग्य मंदिर), पीएम अभीम आदि का निर्माण हो रहा है. उसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विकसित किया जा रहा है. स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि निर्माण के लिए जगह का चयन करने में अंचलाधिकारियों का सहयोग लें. वहीं आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के लाभुकों का केवाईसी कराने में आपूर्ति और स्वास्थ्य पदाधिकारियों के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया. उन्होंने एचएससी, पीएचसी, सीएचसी आदि के निर्माण में बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया. अपर मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य में और 168 स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण की योजना है. इसे सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में और आदिम जनजाति इलाके में स्थापित करना है. इसके लिए सभी उपायुक्त अपने क्षेत्र में स्थान चिह्नित कर 15 दिनों में प्रस्ताव दें, ताकि इस पर आगे बढ़ा जा सके. उन्होंने बताया कि 948 पंचायतों में भी स्वास्थ्य उप केंद्र बहाल करना है.

**जहां भवन बना, वहां स्वास्थ्य सुविधा बहाल करें**

मुख्य सचिव ने कहा कि जहां भवन का निर्माण हो चुका है, वहां जरूरी स्वास्थ्य सुविधा मुख्यालय से प्राप्त कर उसे क्रियाशील करें. इसकी हर सप्ताह समीक्षा करने का भी निर्देश दिया. मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य के दौरे के क्रम में उन्होंने कई जगह देखा कि स्वास्थ्य केंद्र का भवन बन गया है, लेकिन स्वास्थ्य सुविधा बहाल नहीं हुई है. उन्होंने कहा कि भवन बना है, तो उसका उपयोग भी सुनिश्चित होना चाहिए। उपायुक्त जरूरी सुविधा मुहैय्या कराते हुए उसे चालू कराएं, ताकि आम लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मिल सके। जहां निर्माण पूर्ण हो चुका है, उसका भुगतान करने और डाटा को अद्यतन करने को कहा. उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिया कि जरूरत महसूस होने पर संबंधित विभाग से संपर्क करें और समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएं. वहीं इस कार्य के सफल और समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए विशेष तौर पर जिलों में प्रतिनियुक्त तकनीकी कर्मियों को अपने नियंत्रण में लेकर उपायुक्तों को काम लेने का निर्देश दिया. उपायुक्तों ने मुख्य सचिव को बताया कि बारिश के कारण काम में थोड़ा विलंब हुआ है, लेकिन 15 अक्टूबर तक स्वास्थ्य मद की 50 प्रतिशत राशि का काम हो जाएगा.

## पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस को एमपी-एमएलए कोर्ट से बड़ा झटका

**रांची।** मुख्यमंत्री आवास घेराव करने के मामले में नामजद आरोपी पूर्व मंत्री और आजसू नेता रामचंद्र सहिस को बड़ा झटका लगा है. उनकी ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका को सिविल कोर्ट रांची स्थित एमपी/एमएलए कोर्ट ने खारिज कर दी है. रामचंद्र सहिस की डिस्चार्ज याचिका पर अदालत ने सुनवाई पूरी होने के बाद 19 अगस्त को कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. रामचंद्र सहिस ने इस मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए 13 मई को डिस्चार्ज याचिका दाखिल की थी. इसी मामले में आरोपी सुदेश महतो और सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी की डिस्चार्ज याचिका अदालत खारिज कर चुकी है. डिस्चार्ज याचिका खारिज करने के बाद अब कोर्ट आरोप गठन की प्रक्रिया शुरू करेगा. मुख्यमंत्री आवास घेराव करने का यह मामला वर्ष 2021 का है. ओरमांझी के तत्कालीन सीओ विजय केरकेट्टा ने लालपुर थाना में 8 सितंबर 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी.

## सीएम हेमंत ने बसंत सोरेन को जन्मदिन पर दी शुभकामनाएं

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने छोटे भाई और दुमका विधानसभा के विधायक बसंत सोरेन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक भावनात्मक पोस्ट साझा करते हुए बसंत सोरेन के स्वस्थ और लंबी आयु की कामना की.

**भाई के नाम भावनात्मक संदेश**

हेमंत सोरेन ने अपने पोस्ट में लिखा कि आज के इस पावन अवसर पर हमारे पूज्यनीय बाबा दिशोम गुरुजी भले ही शारीरिक रूप से हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके आदर्श और विचार हमेशा हमें मार्गदर्शन करते रहेंगे. उन्होंने मरांग बुरु से बसंत सोरेन के लिए स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना की.



**झलक रहा परिवारिक प्रेम**

हेमंत सोरेन के पोस्ट से उनके परिवारिक प्रेम और भाई के प्रति स्नेह का पता चल रहा है. बसंत सोरेन के जन्मदिन पर मुख्यमंत्री की शुभकामनाएं दोनों भाइयों के बीच के गहरे संबंधों को दर्शाती है.

## महिला दारोगा मीरा सिंह मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी, ईडी ने दाखिल की प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन



**रांची।** अक्सर विवादों में रहने वाली झारखंड पुलिस की महिला सब-इंस्पेक्टर मीरा सिंह की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई हैं. तुपुदाना ओपी की पूर्व प्रभारी रही मीरा सिंह को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाया है. ईडी ने उनके खिलाफ कांड संख्या ईसीआईआर-8/2025 में प्रॉसिक्यूशन कंप्लेन (पीसी) दाखिल की है. हालांकि, फिलहाल इस पर विशेष पीएमएलए कोर्ट ने संज्ञान नहीं लिया है और 17 सितंबर को सुनवाई की तारीख तय की है. गौरतलब है कि ईडी ने पिछले वर्ष मार्च में मीरा सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी. इस दौरान 12.50 लाख रुपये नकद और आठ मोबाइल फोन बरामद किए गए थे. पूछताछ के दौरान वे नकदी के स्रोत की संतोषजनक जानकारी नहीं दे सकीं. मीरा सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है. खूंटी में पदस्थापन के दौरान एसीबी ने उन्हें 10 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था. इसी मामले को बाद में ईडी ने टेकओवर किया और अब मनी लॉन्ड्रिंग की धारा में उन्हें आरोपी बनाया है. मीरा सिंह झारखंड की पहली पुलिस अधिकारी हैं, जिन्हें ईडी ने किसी प्रकरण में अभियुक्त बनाया है. एसीबी के ट्रैप केस में उन्हें पहले ही जमानत मिल चुकी है, लेकिन ईडी की कार्रवाई के बाद उनकी कानूनी मुश्किलें और गहरा गई हैं.

### टीजीटीः हाईकोर्ट ने फैक्ट एक सदस्यीय फाइंडिंग कमेटी बनायी

# रिक्त 2034 पदों पर अविलंब भर्ती करने का दिया आदेश

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सोमवार को टीजीटी (ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर) नियुक्ति मामले में रिक्त 2034 पदों पर अविलंब भर्ती करने का निर्देश दिया है. साथ ही पूरे मामले की जांच के लिए न्यायमूर्ति एसएन पाठक की एक सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी के गठन का आदेश दिया है. न्यायालय ने कहा कि सोनी कुमारी बनाम झारखंड सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश के बाद जो नियुक्तियां हुई है, उसमें कई खामियां हैं. हाईकोर्ट के सामने सही तथ्य भी प्रस्तुत नहीं किया गया. साथ ही जिन हजारों अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, उनके मार्क्स सार्वजनिक नहीं किए गए.

कोर्ट ने सुनवाई के दौरान गलत ढंग से नियुक्त अभ्यर्थियों को हटाने का भी आदेश दिया है. साथ ही इसमें शामिल अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध आपराधिक अथवा विभागीय कार्यवाही संचालित करने का आदेश दिया है. न्यायालय ने सुनवाई के दौरान कहा कि जेएसएससी और जेपीएससी की प्रतियोगिता परीक्षाओं मे पारदर्शिता का भारी अभाव है. इस कारण कई मामले न्यायालय में आ रहे हैं. इससे न्यायालय का समय जाया हो रहा है. इसलिए राज्य सरकार एक प्राधिकार का गठन करे, जहां छात्र या अभ्यर्थी अपनी बात रख सकें.

न्यायमूर्ति दीपक रोशन की एकलपीठ ने मीना कुमारी व अन्य बनाम राज्य सरकार [डब्ल्यू\.पी.(एस) नंबर. 582/2023] मामले की सुनवाई करते हुए नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर खामियों को रेखांकित किया. अदालत ने पूरे मामले की गहन जांच के लिए एक वन मैन फैक्ट फाइंडिंग कमेटी गठित करने का आदेश दिया हैं. यह कमेटी झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश डॉ. जस्टिस एसएन पाठक की अध्यक्षता में बनेगी. साथ ही, अदालत ने झारखंड सरकार और जेएसएससी को शेष 2034 रिक्त पदों को शीघ्र भरने का निर्देश दिया है. सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार और अधिवक्ता चंचल जैन ने दलीलें पेश की. उन्होंने अदालत को बताया कि नियुक्ति प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई है और पारदर्शिता की भारी कमी रही हैं.

मीना कुमारी ने झारखंड हाईकोर्ट में याचिका दायर कर स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा के मेरिट लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया था. अदालत ने पूछा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश से कितने पदों पर नियुक्ति हुई कितने पद सुरक्षित रखे गए, यह भी पूछा था. मालूम हो कि स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा 2016 में कुल 17552 पदों के लिए विज्ञापन निकाला गया था. इसमें 2034 पदों को रिक्त रखा गया था. इन पदों पर कोई नियुक्ति नहीं की गयी थी. इस आदेश को टीजीटी अभ्यर्थियों के लिए एक बड़ी राहत और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम माना जा रहा है.




### जानें वरीय अधिवक्ता ने क्या कहा

प्रार्थियों की ओर से उपस्थिति वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बताया कि सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद रिवाइज मेरिट लिस्ट जारी नहीं की गई और न ही कोर्ट के सामने कोई लिस्ट पेश की गई. 13700 केंडिडेट की लिस्ट कोर्ट के सामने पेश की गई, जिसमें कई खामियां हैं. जेएसएससी का शपथपत्र राज्य सरकार के संकल्प से विरोधाभासी है और यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार द्वारा जारी संकल्प के अनुसार 8172 नियुक्तियां 2024 तक हुई थी तो किस परिस्थिति में 8820 नियुक्ति 2022 में हुई यह बताया गया. सरकार और जेएसएससी द्वारा दी गई अभ्यर्थियों की सूची में लगभग 1000 नाम ऐसे हैं, जिन्होंने सर्विस नहीं ली. ऐसे में संभावना है कि उन पदों पर अयोग्य लोगों को नियुक्ति कर दिया गया. कोर्ट यह मानती है कि पूरे मामले में गंभीर अनियमितता बरती गई है. वैसे अभ्यर्थियों को जिनकी नियुक्ति सही नहीं है, उन्हें हटाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी.

### कांग्रेस दफ्तर पर बीजेपी कार्यकर्ताओं का हंगामा

## तनाव के बाद पुलिस ने संभाला मोर्चा



**शुभम संदेश। रांची**

बिहार के दरभंगा में महागठबंधन के एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी मां के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं ने रांची में सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया. प्रदर्शन के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय के बाहर नारेबाज़ी की और जमकर हंगामा किया, जिससे इलाके में तनाव का माहौल बन गया. हंगामे के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिसकर्मियों के बीच तीखी झड़प भी देखने को मिली. हालात बिगड़ते देख पुलिस को हल्का बल प्रयोग करना पड़ा और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त बल भी बुलाया गया.

रांची पुलिस के डीएसपी संजीव कुमार बेसरा ने मीडिया से बात करते हुए कहा, स्थिति अब पूरी तरह से नियंत्रण में है. प्रदर्शन के दौरान कुछ कहासुनी हुई थी, लेकिन फिलहाल सब शांत है और किसी बड़ी घटना की कोई जानकारी नहीं है. इन घटनाओं की पृष्ठभूमि में यह भी देखा गया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की मांग थी कि कांग्रेस की ओर से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए और राहुल गांधी इस पर बयान दें. प्रदर्शन के दौरान कुछ भावनात्मक अपीलें भी की गईं और कुछ प्रदर्शनकारियों ने अपने घरों पर झंडा उतारने जैसी व्यक्तिगत प्रतिक्रियाएं दीं. दरभंगा में हुई टिप्पणी ने झारखंड की सियासत को भी गर्मा दिया है और आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर सियासी बयानबाज़ी और तेज हो सकती है.प्रशासन सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी में है.

## त्रिदिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट का समापन सीआईडी के निशांत कुमार बने इंडिविजुअल चैंपियन

**रांची।** झारखंड सीआईडी प्रांगण में आयोजित त्रिदिवसीय क्षेत्रीय पुलिस ड्यूटी मीट-2025 का समापन सोमवार को हुआ. यह प्रतियोगिता डीआईजी चंदन झा के नेतृत्व में संपन्न हुई. समापन समारोह में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल और ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया.प्रतियोगिता में सीआईडी, एसीबी, एसटीएफ, स्पेशल ब्रांच और रेल पुलिस के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया. सीआईडी के सब-इंस्पेक्टर निशांत कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इंडिविजुअल चैंपियन का खिताब जीता, वहीं उनके सहयोगी किरण पंडित इंडिविजुअल रनर-अप घोषित हुए.अब चयनित प्रतिभागी राज्य स्तरीय पुलिस ड्यूटी मीट में भाग लेंगे.

## पटना में राबड़ी देवी आवास पहुंचे हेमंत सोरेन, लालू प्रसाद से की मुलाकात

**शुभम संदेश। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोरेन पटना स्थित राजद की वरिष्ठ नेता एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास पहुंचे और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से भेंट की. इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लालू प्रसाद यादव का हालचाल जाना और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली. मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच देश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों, सामाजिक-आर्थिक हालात तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में विस्तार से चर्चा हुई.

**संघर्ष और न्याय की राजनीति के प्रतीक है लालू प्रसाद यादव>**

मुख्यमंत्री ने कहा कि लालू प्रसाद यादव संघर्षशील नेता हैं, जिन्होंने हमेशा गरीब, पिछड़ों और वंचित समाज के अधिकारों की लड़ाई लड़ी है. उनके अनुभव और मार्गदर्शन से देश के लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की राजनीति को मजबूती मिलती रही है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड और बिहार के बीच ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रिश्ते हैं. दोनों राज्यों की एकजुटता और आपसी सहयोग से क्षेत्र का विकास और भी तेज़ी से संभव हो सकेगा. इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी सहित परिवार के सदस्य व अन्य वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे.



## हेमंत सोरेन अपनी सत्ता बचाने के लिए पटना गए थेः प्रतुल शाहदेव

**शुभम संदेश। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने पटना की सभा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति को अपनी सत्ता को बचाए रखने का प्रयास बताया. कहा वस्तुतः वह इंडी एलायंस की सभा में नहीं गए थे, बल्कि झारखंड में अपनी सत्ता कायम रखना उनका मुख्य उद्देश्य था. मुख्यमंत्री ने वहा "एसआइआर" का अर्थ स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बजाय स्पेशल इंसेंटिव रिवीजन बता दिया. ऐसा उन्होंने अपने भाषण के दौरान चार बार किया. यह साबित करता है कि हेमंत सोरेन को हर चीज़ में केवल परसेंटेज और इंसेंटिव ही दिखाई देता है.

**झारखंडी अस्मिता को तार-तार कर रहे हैं हेमंत :** झारखंड मुक्ति मोर्चा को इंडी गठबंधन ने बिहार में एक भी सीट नहीं दी. बड़े बे-आबरू होकर तेरे कूचे से निकले हम की कहावत इस पर पूरी तरह सटीक बैठती है. इनको बैठकों में निमंत्रण भी नहीं मिला. फिर भी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उनकी यात्रा में शामिल हुए. यह झारखंडी अस्मिता के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात है.



### सत्ता के लोभ में भूल गए पिता पर हुए अत्याचार

राहुल गांधी की यात्रा में शामिल होकर हेमंत सोरेन ने यह भी दिखा दिया कि सत्ता के लोभ में वे अपना अतीत भी भूल गए हैं. कांग्रेस ने ही उनके पिता, स्वर्गीय शिबू सोरेन को दो-दो बार मुकदमों में फंसाकर जेल भेजा था. जेल में उनको प्रताड़ना का सामना करना पड़ा था. आज उसी कांग्रेस के साथ कदमताल करना झारखंड की जनता के साथ भी अन्याय है और अपने पूर्वजों की विरासत का अपमान है.

## भाजपा जान ले, अब जनता उनके धनबल, ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के हथकंडों से डरने वाली नहीं : विनोद पांडेय

**शुभम संदेश। रांची**

झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने भाजपा पर तीखा पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि पटना की ऐतिहासिक रैली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने साफ-साफ कहा कि यदि वे जेल से बाहर रहते तो भाजपा झारखंड में लोकसभा चुनाव में खाता तक नहीं खोल पाती. यह बात विपक्ष की ताकत और भाजपा के भय को उजागर करती है. मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में स्पष्ट कर दिया कि यह संघर्ष किसी पार्टी का नहीं बल्कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा का है. जब हेमंत सोरेन जेल से बाहर आए, तो उनकी अगुवाई में इंडिया गठबंधन को झारखंड में जनता ने 2024 के विधानसभा चुनाव में अपना भरपूर आशीर्वाद दिया. पूर्ण बहुमत की सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतरकर जनभावनाओं के अनुरूप शासन कर रही है और यही बात विरोधी भाजपा को नहीं पच रही है.



पांडेय ने कहा कि भाजपा नेताओं को अब यह समझ लेना चाहिए कि जनता उनके धनबल, ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स जैसे हथकंडों से डरने वाली नहीं है. हेमंत सोरेन ने रैली से स्पष्ट संदेश दिया कि आदिवासी, दलित, किसान और पिछड़े वर्गों की आवाज को दबाने वाली भाजपा की साजिश अब बेनकाब हो चुकी है. यही कारण है कि भाजपा नेताओं को झूठे आरोप और शब्दों की तोड़मरोड़ कर सियासत करनी पड़ रही है. उन्होंने भाजपा के आरोपों पर कटाक्ष करते हुए कहा कि भाषण में किसी शब्द की पुनरावृत्ति पर बयान जारी कर भाजपा अपनी सोच और मानसिकता को दिखाती रही है. असल मुद्दों पर बात करने के बजाय भाजपा झूठ और अफवाह परोस रही है.

विनोद ने कहा कि शिबू सोरेन जी की विरासत बलिदान और संघर्ष की रही है. कांग्रेस और झामुमो का साथ लोकतंत्र व जनता के अधिकार बचाने की लड़ाई के लिए है. इसके विपरीत भाजपा लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर कर रही है और खरीद-फरोख्त की राजनीति कर रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा को झारखंडी अस्मिता की बात करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है. जनता सब समझ रही है और आने वाले समय में भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी.

**झारखंड में लागू हुई नई उत्पाद नीति**

# शराब की बिक्री और कीमतों में बड़ा बदलाव

**शुभम संदेश। रांची**

झारखंड में 1 सितंबर 2025 से एक बड़ा बदलाव हुआ है. राज्य सरकार ने नई उत्पाद नीति लागू कर दी है, जिसके तहत अब राज्य की खुदरा शराब दुकानों का संचालन निजी हाथों में सौंप दिया गया है. इससे शराब की बिक्री प्रणाली, कीमतें और वितरण व्यवस्था—तीनों में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है.

**शराब दुकानों का संचालन निजी हाथों में :** नई नीति के तहत राज्य में कुल 1343 शराब दुकानें संचालित होंगी, जिनमें 1184 कंपोजिट (विदेशी शराब) दुकानें और 159 देशी शराब की दुकानें शामिल हैं. राजधानी रांची में सबसे अधिक 150 दुकानें खोली गई हैं. विभाग के अनुसार, जो दुकानें पहले से चल रही थीं, उन्हें 3 दिनों के लिए शराब की आपूर्ति कर दी गई है, जबकि नई दुकानें दोपहर 12 बजे के बाद डिपो से स्टॉक ले सकती हैं.

**सरकार को क्या उम्मीद :** राज्य सरकार को उम्मीद है कि नई उत्पाद नीति से शराब बिक्री में पारदर्शिता, राजस्व में वृद्धि और कुशल आपूर्ति श्रृंखला सुनिश्चित होगी. साथ ही, निजीकरण से संचालन में भी सुधार आएगा.



### शराब की कीमतों में बड़ा बदलाव

**नई नीति के साथ-साथ शराब की कीमतों में भी भारी बदलाव किया गया है :**

| ब्रांड | कीमत में बदलाव |
|---|---|
| देश में बनी विदेशी शराब | 300रु तक महंगी |
| विदेश में बनी विदेशी शराब | 6000रु तक सस्ती |
| देसी शराब | 20 रु महंगी |
| बीयर | 20रु महंगी |

कुछ पॉपुलर ब्रांड्स की कीमतों में वृद्धि हुई है, जबकि इंपोर्टेड शराब पहले से कहीं ज्यादा सस्ती हो गई है, जिससे हाई-एंड ग्राहकों को राहत मिल सकती है.

- **अब राज्य में होंगे 21 शराब डिपो :** पूर्व में सिर्फ 8 डिपो थे, लेकिन नई नीति लागू होने के बाद अब इनकी संख्या बढ़ाकर 21 कर दी गई है. इससे स्टॉक की आपूर्ति और लॉजिस्टिक्स प्रक्रिया में तेज़ी आएगी.

## आईटीएस में एनआईए का प्रशिक्षण कार्यक्रम

**रांची।** राजधानी रांची के होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय (आईटीएस) में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने सोमवार को दो दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया. इसका उद्देश्य झारखंड पुलिस अधिकारियों को आतंकवाद से संबंधित मामलों की जांच और मुकदमे चलाने के बारे में खास तौर पर प्रशिक्षित करना है. प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में आईजी प्रशिक्षण और एसपी अजय सिन्हा और एनआईए रांची के एसपी वैभव सक्सेना मौजूद रहे. कार्यशाला में कुल 56 पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं. इनमें तीन प्रशिक्षु आईपीएस अधिकारी, झारखंड पुलिस सेवा के 13 प्रशिक्षु अधिकारी, राज्य के जिलों में तैनात 31 पुलिस उपाधीक्षक, 4 पुलिस निरीक्षक शामिल हैं.

## फूड सेफ्टी ऑफिसर व सीडीपीओ का रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर जेपीएससी कार्यालय पर प्रदर्शन




**रांची।** जेपीएससी फूड सेफ्टी ऑफिसर (एफएसओ) और सीडीपीओ परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा में हो रही देरी को लेकर जेपीएससी परीक्षार्थियों ने सोमवार को जेपीएससी कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया. विद्यार्थियों ने कहा कि डेढ़ साल परीक्षा दिए हुए हो गए हैं, लेकिन रिजल्ट जारी नहीं हुआ है. जेपीएससी परीक्षा तो लेता है, लेकिन रिजल्ट दबाकर रखता है. फूड सेफ्टी ऑफिसर के 56 पदों के लिए 27 मई 2024 को परीक्षा हुई थी. लेकिन आज तक न रिजल्ट आया और न ही प्रक्रिया आगे बढ़ी. इसी तरह सीडीपीओ की पीटी परीक्षा 10 जून 2024 को हुई थी, जिसका रिजल्ट 15 जुलाई को जारी हुआ. केवल 16 दिन की तैयारी अवधि देकर 2 से 4 अगस्त 2024 को मुख्य परीक्षा आयोजित कराई गई. इसमें 64 पदों पर नियुक्ति होनी थी, जिनमें 50% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित थी. लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी परिणाम घोषित नहीं किया गया.

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, मंगलवार 02 सितंबर 2025 ● भाद्रपद शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 146 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12






### गिरिडीह में कमजोर दिखी स्वास्थ्य व्यवस्था

## गर्भवती महिला को खटिया पर ही पहुंचाया गया अस्पताल

**गिरिडीह ।** जिले के देवरी प्रखंड से एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां आदिवासी खटोरी पंचायत के जेवडा गांव में सड़क नहीं रहने की वजह से एक गर्भवती महिला को अस्पताल तक खटिया पर टांग कर कंधा के सहारे लाया गया. बताया गया कि नरेश सोरेन की 19 वर्षीय पत्नी सलगी मुर्मू गर्भवती थी और इस दौरान प्रसव पीड़ा से परेशान थी. जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी की जाने लगी. लेकिन एबुलेंस या मोटरसाइकिल के लिए गांव पहुंचने तक रास्ता नहीं होने की वजह से परिजनों और ग्रामीणों ने गर्भवती महिला को खटिया पर लेटा कर कंधे के सहारे मुख्य मार्ग तक पहुंचाया. उसके बाद फिर वहां से तिसरी स्थित स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.



लोगों ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक इस गांव को जोड़ने वाली सड़क नहीं बनी है. एक नदी पार कर लोगों को निकलना पड़ता है. अभी बरसात का मौसम है. नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है. ऐसे में पूरा गांव टापू बन गया है. आने-जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. इधर खाट पर महिला को अस्पताल लाने का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है ओर लोग स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़ा कर रहे हैं.

### झारखंड में फिलहाल मानसून कमजोर पड़ा

## बंगाल की खाड़ी में बन रहा नया सिस्टम दे सकता है राहत

शुभम संदेश। रांची

झारखंड में मानसून की रफ्तार धीमी पड़ गई है. पिछले 24 घंटे में कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी के अलावा अधिकतर जिलों में बारिश नहीं हुई. रांची मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, आने वाले कुछ दिनों में सामान्य बारिश की संभावना बेहद कम है, हालांकि गरज-चमक और वज्रपात की आशंका बनी हुई है. मौसम विभाग के अनुसार, 2 सितंबर को बंगाल की खाड़ी में एक निम्न दबाव क्षेत्र विकसित होने की संभावना है. इसके प्रभाव से 2 से 5 सितंबर के बीच झारखंड के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. इस दौरान गरज-चमक, आंधी और



बिजली गिरने की आशंका है. विभाग ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है.

**तापमान में 2-3 डिग्री की गिरावट संभव :** मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, लेकिन इसके बाद तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट देखी जा सकती है.

**अगस्त में सामान्य से 13% कम हुई बारिश :** मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, 1 अगस्त से 31 अगस्त के बीच सामान्य बारिश 290.6 मिमी मानी जाती है, जबकि इस बार केवल 251.5 मिमी वर्षा हुई. यानी अगस्त में झारखंड में सामान्य से करीब 13 प्रतिशत कम बारिश हुई. देवघर, गढ़वा, गोड्डा और पाकुड़ जैसे जिलों में सबसे कम वर्षा दर्ज की गई.

**अब तक 27% अधिक मानसूनी बारिश :** हालांकि, जून से अगस्त के बीच झारखंड में कुल 1013.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जबकि सामान्य औसत 798.8 मिमी होती है. इस प्रकार, राज्य में मानसून अब तक सामान्य से 27% अधिक सक्रिय रहा है. रांची, धनबाद समेत 10 जिलों में 1000 मिमी से अधिक बारिश दर्ज की गई है.

### बारिश रुकते ही गर्मी और उमस ने बढ़ाई परेशानी

राजधानी रांची सहित झारखंड के विभिन्न जिलों में मानसून की बारिश लगभग रुक गई है. बारिश रुकते ही गर्मी और उमस ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं. राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 35 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया है. वहीं उमस भी काफी बढ़ा हुआ है. पिछले 24 घंटों के दौरान रांची में 95 प्रतिशत उमस दर्ज किया गया. वहीं, मौसम विभाग ने राज्य के विभिन्न जिलों में अगले पांच दिनों तक रांची और आसपास एक से दो बार मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है. अन्य जिलों में भी बारिश होगी. मौसम केंद्र रांची से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में अगले तीन दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है. लेकिन इसके बाद अगले दो दिनों तक इसमें 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है. सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में मौसम साफ रहा और कड़ी धूप महसूस की गई. इस दौरान रांची में अधिकतम तापमान 31.8 डिग्री जमशेदपुर में 33 डिग्री, डाल्टनगंज में 33.8 बोकारो में 34.1 डिग्री और चाईबासा में अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया.

### ब्रीफ न्यूज

### बंद मकान में चोरी, नकदी सहित जेवरात ले उड़े चोर

**जमशेदपुर।** परसुडीह थाना क्षेत्र के प्रधान टोला में रविवार रात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया. चोरों ने मकान का ताला काटकर अंदर घुसते हुए अलमारी से नकदी और चांदी के गहने उड़ा लिए. साथ ही दीवार पर लगा एलसीडी टीवी और कुछ खाने-पीने का सामान भी अपने साथ ले गए. जानकारी के मुताबिक, मकान मालिक विनोद दास, जो गोविंदपुर थाना क्षेत्र में ड्राइवर का काम करते हैं, अपने परिवार के साथ टेल्को आवास पर गए हुए थे. वापसी पर उन्होंने घर की तलाशी ली तो करीब दस हजार रुपये नगद, चांदी के गहने, टीवी और अन्य सामान गायब मिले. स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरों को पहले से ही मकान के बंद होने की जानकारी थी. घटना की सूचना परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार को दी गई और फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है. थाना प्रभारी

### टाटा स्टील में चोरी की कोशिश नाकाम, एक आरोपी गिरफ्तार हुआ

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील की सुरक्षा टीम ने सतर्कता दिखाते हुए रविवार रात एलडी-1 ट्रैक हॉपर क्षेत्र में चोरी की एक बड़ी कोशिश को विफल कर दिया. गुप्त सूचना के आधार पर की गई घेराबंदी के दौरान एक आरोपित को मौके से गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले. घटना रात लगभग 11:50 बजे की है. सुरक्षा विभाग को पहले ही सूचना मिली थी कि कुछ असामाजिक तत्व चोरी की योजना बना रहे हैं. इसी आधार पर क्षेत्र में सुरक्षा घेराबंदी की गई. संदिग्ध गतिविधि दिखने पर सुरक्षाकर्मियों ने दबिश दी और रहमत कुरैशी (35), पिता अनमल कुरैशी, निवासी धातकीडीह ब्लॉक-ए, बड़ी मस्जिद के पास को रंगे हाथ पकड़ लिया. जानकारी के अनुसार, रहमत कुरैशी आदतन अपराधी है और पूर्व में भी दो बार चोरी की कोशिश में पकड़ा जा चुका है. नियमित प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे मेडिकल परीक्षण के लिए डब्ल्यूपीएफए ले जाया गया और फिर बिष्टुपुर थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया. टाटा स्टील के सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि कंपनी परिसर में किसी भी तरह की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा.

### लातेहार पुलिस को बड़ी सफलता : जेजेएमपी का लगभग सफाया

## नौ नक्सलियों ने हथियार के साथ किया सरेंडर, 5 पर 23 लाख इनाम

शुभम संदेश। लातेहार

जिला पुलिस को नक्सलवाद के खिलाफ सोमवार को बड़ी सफलता मिली है. यह सफलता एसपी के कुमार गौरव के नेतृत्व में हासिल की गई है. झारखंड सरकार की आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित और लातेहार पुलिस की दबिश से परेशान होकर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया. लातेहार पुलिस मुख्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के नौ नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया. इन बड़े नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने से जिले में पूर्ण रूप से जेजेएमपी उग्रवादी संगठन का चैप्टर क्लोज हो गया.

इस दौरान सीआरपीएफ के आईजी साकेत सिंह, आईजी अभियान माईकलराज एस, पलामू आईजी सुनील भास्कर, पलामू डीआईजी नौशाद आलम, लातेहार एसपी कुमार गौरव और सीआरपीएफ के कमाडेंट उपस्थित रहे.

**पूर्व में अति उग्रवाद प्रभावित जिला था लातेहार:** लातेहार जिला पूर्व में घोर उग्रवाद प्रभावित जिला की श्रेणी में अपनी पहचान बना चुका था. लेकिन पुलिस प्रशासन, सीएपीएफ और आम जनता के सहयोग से लातेहार पुलिस वर्तमान समय में इस चुनौती को पीछे छोड़कर शांति व विकास की ओर अग्रसर है. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा-निर्देश और झारखंड सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्य धारा से भटके हुए लोगों को मुख्य धारा में जोडने के लिए लातेहार पुलिस ने कई अथक प्रयास किए. इसके लिए झारखंड पुलिस मुख्यालय के अलावा जिला पुलिस और सीएपीएफ ने व्यापक प्रचार प्रसार किए. गांव गांव जाकर उग्रवादी संगठन से जुडे लोगों के परिजनों को झारखंड सरकार द्वारा वामपंथी उग्रवादियों के प्रत्यार्पण एवं पुनर्वास के लिए वर्ष 2018 में निधारित की गई नीति के बारे में बताया गया और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए प्रोत्साहित किया गया.

**2025 से अबतक 75 नक्सली गिरफ्तार :** लातेहार पुलिस ने जनवरी 2025 से अब तक कुल 75 नक्सलियों को गिरफ्तारी किया है. बीते 24 मई को नक्सली अभियान के दौरान हुई मुठभेड़ में दस लाख का इनामी पप्पू लोहरा और पांच लाख का इनामी सुदेश गंझू उर्फ प्रभात को मार गिराया था. वहीं 26 मई को भी पुलिस और माओवादी बीच मुठभेड हुई थी, जिसमें भाकपा माओवादी संगठन के सबजोनल कमांडर और पांच लाख का इनामी मनीष यादव मारा गया था. जबकि दस लाख का इनामी कुंदन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था.





### जानिए किस उग्रवादी ने कितने हथियारों के साथ किया सरेंडर

- जोनल कमांडर रविंद्र यादवः पांच लाख इनामी, कुल 14 मामले दर्ज, दो एके 47, तीन राइफल और 1241 कारतूस के साथ किया आत्मसमर्पण
- सब जोनल कमांडर अखिलेश रविंद्र यादवः पांच लाख इनामी, 10 मामले दर्जस एक एके 47 और 256 कारतूस के साथ किया आत्मसमर्पण
- सब जोनल कमांडर बलदेव गंझूः पांच लाख इनामी, नौ मामले दर्ज
- सब जोनल कमांडर मुकेश राम यादवः पांच लाख इनामी, 21 मामले दर्ज
- सब जोनल कमांडर पवन उर्फ राम प्रसादः तीन लाख इनामी, तीन मामले दर्ज, एक रायफल के साथ आत्मसमर्पण किया
- एरिया कमांडर ध्रुवः तीन मामले दर्ज, एक रायफल के साथ किया आत्मसमर्पण
- एरिया कमांडर विजय यादवः दो मामले दर्ज, रायफल के साथ किया आत्मसमर्पण
- एरिया कमांडर श्रवण सिंहः दो मामले दर्ज है. एक एके 47, एक रायफल और 131 राउंड कारतूस के साथ किया आत्मसमर्पण

### 10 संगठनों के उग्रवादी कर चुके हैं सरेंडर

पिछले कुछ दिनों में 10 अलग-अलग संगठनों के उग्रवादियों ने लातेहार पुलिस के समक्ष सरेंडर किया है. इनमें जेजेएमपी का सब जोनल कमांडर व पांच लाख का इनामी लवलेश गंझू, एक लाख का इनामी प्रमोद गंझू, एक लाख का इनामी पलेंद्र गंझू, एक लाख का इनामी तुलसी गंझू समेत अन्य उग्रवादी शामिल हैं.

### आरोपी को पीएम मोदी कर चुके हैं बर्थ-डे विश

## झारखंड की महिला के साथ हरियाणा में रेप





शुभम संदेश। रांची

हरियाणा एक नामी व्यवसायी अमित गुप्ता पर उनके घर में काम करने वाली प्रवासी घरेलू सहायिका ने दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है. महिला की शिकायत पर करनाल महिला थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 और 351 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. पीड़िता मूल रूप से झारखंड की रहने वाली है और एक एजेंसी के माध्यम से करनाल आई थी. शिकायत के अनुसार, 14 अगस्त को जब घर में व्यवसायी की पत्नी और बेटी मौजूद नहीं थीं, तो आरोपी ने उसे चाय देने के बहाने ऊपर कमरे में बुलाया, दरवाजा बंद किया और कथित तौर पर जबरन दुष्कर्म किया.

महिला का आरोप है कि घटना के बाद जब उसने इसका विरोध किया और आरोपी की पत्नी को सच बताने की बात कही, तो उसे जान से मारने की धमकी दी गई. आरोपी ने चुप रहने के एवज में 10 हजार रुपये वेतन बढ़ाने का भी लालच दिया. लेकिन पीड़िता ने पुलिस से संपर्क कर शिकायत दर्ज करवाई. महिला ने बताया कि तीन साल पहले वह दिल्ली में काम करने गई थी और हाल ही में श्याम एजेंसी के माध्यम से करनाल आई थी. 5 अगस्त को उसे आरोपी के घर पर काम मिला था और तीसरे दिन ही उसके साथ छेड़छाड़ की गई थी. तब आरोपी ने माफी मांगते हुए दोबारा ऐसा न करने की बात कही थी.

शुरुआती शिकायत के बावजूद स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने पर महिला ने 22 अगस्त को महिला चौकी, मॉडल टाउन में लिखित शिकायत दी. इसके बाद मामला थाना सिविल लाइन भेजा गया, जहां एफआईआर दर्ज की गई. पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवा लिया गया है और नमूने फोरेंसिक जांच के लिए मधुबन लैब भेजे गए हैं.

आरोपी अमित गुप्ता ने सभी आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया है. उनका कहना है कि उन्हें जानबूझ कर फंसाया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक, अमित गुप्ता करनाल के जाने-माने व्यवसायी हैं और पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के करीबी माने जाते हैं. साथ ही वे हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स के उपाध्यक्ष भी रह चुके हैं.

## पलामूः जलप्रपात में दो युवक डूबे, एक का शव बरामद हुआ

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह के दो युवक लातेहार जिले के हेरहंज के डातम पातम जल प्रपात में रविवार शाम डूब गए. घटना के कुछ देर बाद एक युवक का शव बरामद कर लिया है. दूसरे की तलाश की जा रही है. बरामद शव की पहचान 21 वर्षीय शनि कुमार, पिता इंदू राम के रूप में हुई है. शनि के पिता जैप के जवान के जवान हैं और धनबाद में कार्यरत हैं. डूब कर लापता युवक की पहचान 20 वर्षीय नीतीश कुमार पिता मनोज राम के रूप में हुई है. नीतीश को ढूंढने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है. पूरे गांव में शोक की लहर है. शनि और नीतीश के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल बना हुआ है. घटना की जानकारी मिलने पर दोनों युवकों के घर सोमवार सुबह 8 बजे से परिजन एवं गांव के लोगों का आना-जाना लगा हुआ है. घटना पर दुख व्यक्त किया जा रहा है. शनि का शव पोस्टमार्टम के लिए लातेहार सदर अस्पताल ले जाया गया है. दोपहर में डेड बॉडी आ गई.

## चालक का अपहरण कर पाटन में लूटपाट के बाद हत्या का प्रयास

शुभम संदेश। मेदिनीनगर

पलामू जिले के रेहला के बी मोड़ से रविवार रात हैदरनगर के कार चालक का अपहरण कर लूटपाट करने के बाद पाटन में हत्या की कोशिश की गई. ब्लेड से गला काट दिया, जबकि हाथ एवं शरीर के अन्य हिस्सों पर भी वार किया. एमआरएमसीएच में सोमवार को प्राथमिक उपचार के बाद चालक को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया है. उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. चालक की पहचान हैदरनगर के पंसा गांव के 35 वर्षीय विनय कुमार चंद्रवंशी के रूप में हुई है. घायल विनय के अनुसार रविवार की रात वह कार से एक रिश्तेदार को मेदिनीनगर सेवा सदन में भर्ती कराने आया था. वापस जा रहा था. इसी बीच रास्ते में रेहला के बी मोड़ के पास तीन अज्ञात लुटेरों ने कार रुकवाई और कहा कि हम जहां कहते हैं, वहां चलो. विनय ने इनकार किया तो लुटेरों ने हाथ में ब्लेड मार दिया. ब्लेड लगने के बाद विनय डर गया और लुटेरों की बात मान ली. लुटेरे उसे पाटन थाना क्षेत्र के कोरियाडीह लेकर चले गए. वहां पर लुटेरों ने विनय कुमार को कार से उतार कर उसके गर्दन पर ब्लेड से वार किया और उसके पास से मोबाइल और पैसे लूट लिए. लुटेरे उसे कार में बंद कर फरार हो गए. सोमवार की सुबह ग्रामीणों ने देखा कि एक व्यक्ति घायल अवस्था में कार में पड़ा हुआ है.

ग्रामीणों ने विनय को कार से बाहर निकाला और उसे थाना जाने की सलाह दी. विनय किशनपुर ओपी गया और पुलिस को घटना के बारे में बताया. पुलिस ने विनय को इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले गए, जहां इलाज के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया है. सूचना मिलने के बाद पाटन और रेहला थाना

## चाईबासा में दिनदहाड़े 5 लाख की लूट, पेट्रोल पंप का कर्मचारी घायल

**चाईबासा।** पश्चिम सिंहभूम जिला मुख्यालय (चाईबासा) में सोमवार सुबह दिनदहाड़े लूट की वारदात सामने आई है. गांधी मैदान स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा के बाहर बाइक सवार तीन अपराधियों ने पेट्रोल पंप के कर्मचारियों पर हमला कर पांच लाख रुपये लूट लिए. इस घटना में एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया.

घटना सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे की है. आईबीपी पेट्रोल पंप के मालिक पुनित सेठिया के कर्मचारी विमलेश कुमार और संजय नंदी पांच लाख रुपये बैंक में जमा करने पहुंचे थे. जैसे ही वे बैंक गेट तक पहुंचे, वहां घात लगाए अपराधियों ने उन पर हमला कर दिया. अपराधियों ने रिवॉल्वर की बट से प्रहार कर विमलेश को घायल कर दिया और पिस्तौल की नोक पर पैसों से भरा बैग लूट लिया. बैंक और बाजार के आसपास भारी भीड़ होने के बावजूद किसी ने अपराधियों को पकड़ने का साहस नहीं किया. पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है. सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी तरुण कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल कर्मचारी को सदर अस्पताल भेजा.

### सक्सेस स्टोरी: गुमला के शिवम राज को गूगल ने दिया 2 करोड़ का पैकेज

## दोबारा दी थी 12वीं की परीक्षा, राह नहीं थी इतनी आसान

शुभम संदेश। गुमला

गुमला जिले के सालेगुटू गांव से ताल्लुक रखने वाले शिवम राज ने अपने जज़्बे और मेहनत के दम पर टेक्नोलॉजी की दुनिया में बड़ी छलांग लगाई है. फिलहाल वे गूगल में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं और उन्हें करीब 2 करोड़ रुपये सालाना का पैकेज मिला है. मगर यहां तक पहुंचने का सफर उनके लिए बिल्कुल भी आसान नहीं था.

दरअसल, देश के नामी इंजीनियरिंग संस्थानों में दाखिले के लिए 12वीं में कम से कम 75% अंक जरूरी होते हैं, लेकिन पहली बार में शिवम को सिर्फ 74% अंक




मिले. एक खबर के अनुसार इस एक प्रतिशत की कमी के चलते वे जेईई एडवांस की पात्रता से चूक गए. लेकिन शिवम ने हार मानने के बजाय एक साल ड्रॉप लेकर दोबारा 12वीं की परीक्षा दी और इस बार 86% अंक प्राप्त किए. इसके बाद उन्होंने जेईई मेन और जेईई एडवांस दोनों परीक्षाएं पास कर लीं.

शिवम की प्रारंभिक शिक्षा रांची स्थित जेवीएम श्यामली स्कूल में हुई. उन्होंने 2021 में बीआईटी मेसरा से कंप्यूटर साइंस में बीटेक पूरा किया. कैंपस प्लेसमेंट में ही उन्हें 52 लाख रुपये सालाना का ऑफर मिला, जिससे उनके करियर की शुरुआत शानदार रही. इसके बाद शिवम ने दो साल तक फ्रंटएंड डेवलपर के तौर पर कार्य किया और अपने तकनीकी कौशल को और निखारा. फिर उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ मैसाचुसेट्स, ऐमहर्स्ट से कंप्यूटर साइंस में मास्टर्स किया. पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने गूगल के करियर पोर्टल से आवेदन किया और चार इंटरव्यू राउंड के बाद उन्हें फाइनल ऑफर मिला.

शिवम के पिता प्रो. राजकुमार ओहदार, एनआइएएमटी, रांची में प्रोफेसर हैं, और मां डॉ. अर्चना कुमारी, मरवाड़ी कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं. वर्तमान में उनका परिवार रांची के अरगोड़ा इलाके में रहता है.

शिवम का मानना है कि निरंतर पढ़ाई और नई चीजें सीखने की जिज्ञासा ही सफलता की कुंजी है. वे कहते हैं कि, हर असफलता हमें खुद को सुधारने का मौका देती है. जरूरी नहीं कि आप कितनी देर पढ़ाई करते हैं, जरूरी ये है कि आप रोज़ कुछ नया सीखें.

### होटल प्रबंधन संस्थान आईएचएम ने शुरू की पहल, दिया आवेदन

## मड़ुआ छिलका को जीआई टैग दिलाया जाएगा

शुभम संदेश। रांची

झारखंड के पारंपरिक मोटे अनाज मड़ुआ से तैयार किए जाने वाले विशेष व्यंजन मड़ुआ छिलका को भौगोलिक संकेतक (जीआई टैग) दिलाने की दिशा में औपचारिक पहल शुरू कर दी गई है. राज्य सरकार के पर्यटन विभाग के निर्देश पर होटल प्रबंधन संस्थान (आईएचएम), रांची ने जीआई टैग के लिए आवेदन दिया है.

जीआई टैग की प्रक्रिया के तहत केंद्रीय उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) द्वारा कुछ तकनीकी व सांस्कृतिक प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर तैयार करने का कार्य आईएचएम रांची को सौंपा गया है. संस्थान को यह स्पष्ट करना होगा कि मड़ुआ छिलका किस प्रकार अन्य व्यंजनों से भिन्न है, इसकी सांस्कृतिक व ऐतिहासिक महत्ता क्या है, पारंपरिक



विधि क्या है, और जीआई टैग मिलने से राज्य को क्या लाभ हो सकते हैं.

आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने बताया कि मड़ुआ छिलका अपने स्वाद, पारंपरिक पकाने की विधि, अनोखे प्रस्तुतीकरण और पोषणीय विशेषताओं के कारण जीआई टैग के लिए उपयुक्त है. उन्होंने कहा कि संस्थान आवेदन प्रक्रिया का समन्वयनकर्ता बनकर इस पहल को आगे बढ़ा रहा है. उन्होंने यह भी बताया कि जीआई टैग न केवल इस व्यंजन को वैश्विक मान्यता दिलाएगा, बल्कि यह प्रमाणित भी करेगा कि झारखंड की यह पारंपरिक रेसिपी राज्य की सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है. इसके साथ ही उत्पादकों, विक्रेताओं, विपणकों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस) और सखी मंडलों से सहमति लेने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है, ताकि यह प्रयास स्थानीय समुदायों को आर्थिक रूप से भी सशक्त बना सके.


# बेटी नहीं होगी, तो बहू कहां से लाओगे : रूबी रश्मि

शुभम संदेश। रांची



मारवाड़ी युवा मंच रांची दक्षिण और महिला जागृति शाखा दक्षिण के संयुक्त तत्वावधान में कन्या भ्रूण संरक्षण अभियान के तहत सोमवार को डोरंडा बालिका उच्च विद्यालय में संगोष्ठी और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कन्या भ्रूण हत्या को महापाप बताते हुए इसके खिलाफ लोगों को जागरूकता फैलाने का आह्वान किया. कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रीना गोटकारा ने कहा कि कन्या भ्रूण हत्या महिलाओं के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करती है और इससे अनेक बीमारियां होती हैं. झारखंड उच्च न्यायालय की अधिवक्ता रूबी रश्मि ने सावधान करते हुए कहा कि भ्रूण हत्या से स्त्री-पुरुष अनुपात बिगड़ता है और अपराधों में बढ़ोतरी होती है. उन्होंने कहा कि अगर बेटियां ही नहीं होंगी तो लोग बहू कहां से लाएंगे. विद्यालय की प्राचार्य उपमा पाल ने कन्या भ्रूण हत्या को महापाप करार देते हुए कहा कि यदि स्त्रियां नहीं होंगी तो पुरुष की उत्पत्ति भी प्रभावित होगी. संस्था की ओर से मंच के अध्यक्ष ऋषभ रामपुरिया और महिला जागृति शाखा अध्यक्ष प्रमिला सराफ ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना है, ताकि कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथा पर रोक लग सके. इससे पहले चित्रकला प्रतियोगिता में साक्षी कुमारी प्रथम, आरुषि कुमारी द्वितीय और कल्पना कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं. सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया गया और 10 वीं में उच्च अंक प्राप्त विद्यार्थियों को पुस्तकें और प्रोत्साहन राशि भी दी गई. इस अवसर पर विद्यालय सचिव घेवर चंद्र नाहटा, मंच के पूर्व अध्यक्ष रोहित शारदा, बालवीर जैन, सुरेश चंद्र बोथरा, राजीव केडिया, राजू रामपुरिया सहित बड़ी संख्या में मंच और महिला शाखा के सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद थे.

## सीताराम मारू के जन्म शताब्दी दिवस पर जारी होगा डाक टिकट



**रांची** । सीताराम मारू के जन्म शताब्दी दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम (11-12 अक्टूबर) का आयोजन उनके परिजनों द्वारा रांची में किया जाएगा. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में चिन्मय मिशन के ग्लोबल प्रमुख गुरु स्वामी तेजोमयानंद उपस्थित रहेंगे. जन्म शताब्दी दिवस के अवसर पर भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा सीताराम मारू पर एक डाक टिकट एवं एक पुस्तिका का भी विमोचन होगा. पहले दिन का कार्यक्रम शाम को रांची क्लब में और दूसरे दिन 12 अक्टूबर का कार्यक्रम प्रातः सूर्य उपासना भवन, बुंडू में संपन्न होगा. उक्त जानकारी राज्यसभा के पूर्व सांसद अजय मारू ने दी है.

## उपायुक्त भजंत्री ने छह आश्रितों को चौकीदार पद का नियुक्ति पत्र सौंपा

शुभम संदेश। रांची

जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजुनाथ भजन्त्री ने समाहरणालय परिसर में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में जिला अनुकंपा आधारित नियुक्ति प्रक्रिया के तहत 6 आश्रितों को चौकीदार पद के लिए नियुक्ति पत्र सौंपे. इस अवसर पर उन्होंने सभी नवनियुक्त कर्मियों को समाज के प्रति जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का संदेश दिया और नशामुक्ति को लेकर विशेष अपील की.

**नशे के खिलाफ उपायुक्त का संदेश :** उपायुक्त भजन्त्री ने कहा, आप सभी को किसी भी परिस्थिति में नशे से दूर रहना है और किसी को इसके लिए प्रेरित भी नहीं करना है. नशा समाज, विशेषकर युवाओं के लिए एक अभिशाप बनता जा रहा है, जो न केवल व्यक्तियों को बल्कि पूरे परिवार को आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि नशे की लत के कारण कई परिवार आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, जिससे समाज में असंतुलन उत्पन्न हो रहा है.

**जिम्मेदारी निभाने की अपील :** सभी नवनियुक्त चौकीदारों को शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने कहा कि यह अवसर केवल नौकरी नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है जिसे निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाना चाहिए.

### रांची में होगा खिलाड़ियों का महाकुंभ

# 21 सितंबर से शुरू होगा सांसद खेल महोत्सव 2025

**25,000 युवा मैराथन में लेंगे हिस्सा, ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू**

शुभम संदेश। रांची



रांची में सांसद खेल महोत्सव 2025 का आयोजन 21 सितंबर से किया जाएगा, जिसका समापन 25 दिसंबर को होगा. इस आयोजन की जानकारी रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दी. उन्होंने कहा कि ₹स्वस्थ युवा, विकसित भारत₹ की थीम पर आधारित यह महोत्सव झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है. महोत्सव की शुरुआत 21 सितंबर को मोराबादी मैदान से साइक्लोथन के साथ होगी, जबकि 12 अक्टूबर को मैराथन होगी, जिसमें 25 हजार से अधिक युवाओं की भागीदारी संभावित है. रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया ऑनलाइन शुरू हो चुकी है, जिसे वेबसाइट या क्यूआर कोड के माध्यम से पूरा किया जा सकता है. रांची लोकसभा क्षेत्र के छह विधानसभा क्षेत्रों, रांची, हटिया, कांके, खिजरी, सिल्ली और ईचागढ़ में यह आयोजन किया जाएगा. पारंपरिक खेलों के साथ ओलंपिक स्तर के खेलों को भी महोत्सव में शामिल किया गया है.

खेल कार्यक्रम इस प्रकार होंगेः

**21 सितंबरः** साइक्लिंग (मोराबादी से ओटीसी ग्राउंड तक)
**12 अक्टूबरः** मैराथन (मोराबादी से ओटीसी ग्राउंड तक)
**8-9 नवंबरः** सीनियर वर्ग फुटबॉल (विधानसभा क्षेत्रों में)
**29-30 नवंबरः** जूनियर वर्ग फुटबॉल
**6-7 दिसंबरः** टेनिस बॉल क्रिकेट, लॉन बॉल्स, वूशु
**13-14 दिसंबरः** तीरंदाजी, एथलेटिक्स
**19-20 दिसंबरः** कबड्डी (जूनियर एवं सीनियर वर्ग)

25 दिसंबर को समापन समारोह में ₹खेल कार्निवाल₹ का आयोजन होगा, जिसमें योगा, गिल्ली-डंडा, लगोरी, सैक रेस, स्पून-मार्बल रेस जैसी मनोरंजक गतिविधियां होंगी. सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा और विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा. इसके साथ ही श्रेष्ठ खिलाड़ियों को ₹नमो फिट इंडिया लीडर्स₹ के रूप में आगे कार्य करने का अवसर. संजय सेठ ने कहा कि यह महोत्सव केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक सामाजिक अभियान है, जिसमें समाज के हर वर्ग की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी.

## गुजरात के भुज का स्वामी नारायण मंदिर का बन रहा है प्रारूप




**रांची।** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर एक से बढ़कर एक पंडाल का निर्माण हो रहा है. इसी क्रम में श्री रामलला पूजा समिति इस साल दुर्गा पूजा में गुजरात के भुज स्थित स्वामी नारायण मंदिर का भव्य प्रारूप बना रही है.
शहीद चौक के पास स्थित जिला स्कूल मैदान में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से बनने वाला यह पूजा पंडाल बिल्कुल सफेद संगमरमर की तरह दिखेगा. रात में लेजर लाइट से पंडाल का रंग बदलता रहेगा. पंडाल का मुख्य आकर्षण मुख्य द्वार पर भगवान विष्णु की 24 फीट ऊंची प्रतिमा होगी, जो विश्वरूप में रहेगी. इसमें सभी भगवान के रूप दिखेंगे. समिति के अध्यक्ष अशोक चौधरी और महासचिव कुणाल आजमानी ने सोमवार को बताया कि स्वामी नारायण मंदिर का प्रारूप भव्य होगा. पिछले साढ़े तीन महीने से पंडाल का निर्माण चल रहा है. समिति के संरक्षक उत्पाद व मद्य निषेध मंत्री योगेंद्र प्रसाद, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, उद्योग मंत्री संजय यादव, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, विधायक सीपी सिंह और विधायक नवीन जायसवाल हैं. वहीं, मुख्य संरक्षक रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ हैं.

## 14 महीने से वेतन बकाया, सड़क पर उतरे ट्रैक्टर संघ के कर्मचारी, लगा कचरे का अंबार


शुभम संदेश। रांची




रांची मे नगर निगम ट्रैक्टर संघ के कर्मचारी पिछले चार दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं. आरोप है कि निगम ने जुलाई 2024 से अगस्त 2025 तक की 14 महीने की सैलरी रोक रखी है, जबकि कर्मचारियों को हर माह 20,000 वेतन मिलना तय है.
काम पूरा कर चुके हैं, लेकिन पैसा नहीं मिल रहा.
कर्मचारियों का कहना है कि बार-बार सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा. विरोध में शामिल कर्मचारी छोटी महतो ने बताया कि हमारे पास ट्रैक्टर है, काम पूरा कर चुके हैं, लेकिन पैसा नहीं मिल रहा. परिवार तंगी में है, बच्चों को स्कूल से निकाल दिया गया है. अब या तो मरेंगे या लड़ेंगे. धरना दे रहे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि निगम के अधिकारी वेतन रोककर मिलीभगत से खेल कर रहे हैं. निगम ने पहले 72 घंटे में भुगतान का भरोसा दिलाया था, लेकिन अब 14 महीने के बदले सिर्फ 7 महीने का भुगतान करने की बात कही जा रही है. वहीं धरने का सीधा असर शहर की साफ-सफाई पर पड़ रहा है. रांची के 56 वार्डों में जगह-जगह कचरे का अंबार लग गया है, जिससे शहरवासियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं.

## झारखंड हिंदी साहित्य भारती की ओर से 21 सितंबर को होगा कार्यक्रम का आयोजन

शुभम संदेश। रांची



हिंदी साहित्य भारती झारखंड प्रदेश की ओर से आगामी 21 सितंबर को रांची प्रेस क्लब में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. यह निर्णय सोमवार को संस्था की एक महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया. बैठक की अध्यक्षता करते हुए संस्था के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक आयोजन न होकर हिंदी भाषा के गौरव, इसकी समृद्ध परंपरा और वैश्विक महत्व को रेखांकित करने वाला प्रेरणादायी अवसर बने. उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य भारती का उद्देश्य हिंदी को राष्ट्र की आत्मा के रूप में स्थापित करना और नई पीढ़ी को इसके महत्व से जोड़ना है. उन्होंने संस्था के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों से मिलकर इस आयोजन को ऐतिहासिक स्वरूप देने की अपील की.
बैठक में यह भी तय किया गया कि आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए सभी स्तरों से सक्रिय सहयोग लिया जाएगा, जिससे कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सके. वर्चुअली हुई इस बैठक से प्रदेश महामंत्री डॉ. सुनीता कुमारी, प्रदेश प्रभारी डॉ. अरुण सज्जन, बलराम पाठक, डॉ. आशा गुप्ता, नीरज पाठक, वंदना श्रीवास्तव, अनुज पाठक, डॉ. अंजना वर्मा, नरेश बंका सहित प्रदेश एवं जिला स्तर के बड़ी संख्या में पदाधिकारी शामिल हुए.

## कुपोषण से बचाव और प्रतिरोधक क्षमता के लिए आहार में मशरूम शामिल करें : डॉ दुबे

शुभम संदेश। रांची



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा है पौष्टिकता और औषधीय गुणों से भरपूर मशरूम झारखंड के किसानों के लिए रोजगार सृजन और आय का एक महत्वपूर्ण अतिरिक्त स्रोत हो सकता है. उन्होंने कहा कि यहां जलवायु विविधता के कारण लगभग सालों भर इसका उत्पादन किया जा सकता है. दैनिक आहार में इसे शामिल कर कुपोषण से बचा जा सकता है और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि की जा सकती है. डॉ दुबे सोमवार को कृषि महाविद्यालय सभाकक्ष में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित कर रहे थे.

**कैंसररोधी और लिवर के लिए लाभकारी :** कुलपति ने कहा कि मशरूम में 90 प्रतिशत अंश पानी और 10 प्रतिशत अंश सूखा पदार्थ रहता है. कैंसररोधी, लिवर और तंत्रिका-सुरक्षात्मक, एंटीवायरल, जीवाणुरोधी, मधुमेहरोधी जैसे कई गुणों से भरपूर मशरूम विटामिन बी और विटामिन डी का महत्वपूर्ण स्रोत है. इसे खाने से कोलेस्ट्रोल नियंत्रण में रहता है और हार्ट हेल्दी रहता है. बटन मशरूम पर आयोजित प्रशिक्षण में दो बैच में कुल 38 किसान और उद्यमी शामिल थे, जिनमें झारखंड के विभिन्न जिलों के 36 तथा बिहार के दो लोग थे. उन्हें कम्पोस्ट बनाने की विधि, बिजाई, केसिंग और बटन मशरूम उत्पादन की सम्पूर्ण तकनीकी जानकारी दी गयी एवं उन्होंने खुद सारी प्रक्रिया करके व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त किया. कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही ने किसानों, गृहणियों और छोटे उद्यमियों से व्यावसायिक मशरूम उत्पादन के लिए आगे आने का आह्वान किया.

## एक नजर

### श्री राधा अष्टमी पर भव्य आयोजन, हजारों श्रद्धालुओं ने श्री राधा-कृष्ण के किए दर्शन



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची के पुंदाग स्थित श्री राधा-कृष्ण प्रणामी मंदिर पुंदाग में प्रणामी ट्रस्ट की ओर से सोमवार को श्री राधा अष्टमी के पावन अवसर पर भव्य धार्मिक आयोजन संपन्न हुआ,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. सुबह से ही मंदिर में भक्तों एवं श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा. श्री राधा अष्टमी के अवसर पर मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रंग-बिरंगी रोशनी और पारंपरिक सजावट से सजाया गया था. श्री राधा-कृष्ण का अलौकिक श्रृंगार और झूलन भक्तों के लिए मुख्य आकर्षण रहा। कार्यक्रम में 225वां अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया. 151 किलो दूध से बनी केसरिया खीर सहित चूरमा, मालपुआ, रबड़ी व अन्य व्यंजन प्रसाद के रूप में श्रद्धालुओं के बीच वितरित किए गए.

### धूमधाम से मनी आदिगुरु श्रीचंद महाराज की जयंती




**रांची।** श्रीचंद नवमी के पावन अवसर पर बड़ा तालाब के पश्चिमी भाग स्थित फूलबाबा आश्रम में आदिगुरु श्रीचंद महाराज की जयंती श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई गई. कार्यक्रम की शुरुआत श्रीगणेश पूजन से हुई, इसके बाद श्री हनुमान जी, श्री शिव जी, श्री गुरुनानक देव जी व श्रीचंद जी महाराज की विधिवत पूजा-अर्चना की गई. 101 किलो घी से बने हलवा, लड्डू व फलों का प्रसाद अर्पित किया गया. फूलबाबा भंडारे में पूड़ी, सब्जी व बुंदिया का प्रसाद श्रद्धालुओं में वितरित किया गया. पूजा में यजमान के रूप में मौसम राज चौधरी उपस्थित रहे. प्रसाद वितरण की व्यवस्था ट्रस्ट के सचिव मनोज चौधरी, पूर्व सचिव विश्वनाथ नारसरिया, कोषाध्यक्ष हरिशंकर चौधरी और ट्रस्टी अरुण वुधिया ने संभाली. जयघोषों से गूंजते आश्रम में 1500 से अधिक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.

### जलेस रांची का बहुभाषीय कवि सम्मेलन; 13 भाषाओं के रचनाकारों ने दिखाई मातृभाषा के प्रति प्रतिबद्धता

**रांची।** जलेस रांची द्वारा बहुभाषीय कवि सम्मेलन का आयोजन गूगल मीट पर सुकेशी कर्मकार की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें देशभर से 13 भाषाओं के 60 से अधिक कवियों ने भाग लिया. दो घंटे से अधिक चले इस ऑनलाइन कार्यक्रम का संचालन विक्की मिंज ने और विषय प्रवेश जलेस सचिव एमजेड खान ने कराया. कवि सम्मेलन में डॉ. मेधाव्रत शर्मा, प्रवीर पीटर, प्रो. उत्तम कुमार ने हिंदी, डॉ. रेहाना, यास्मीन लाल, डॉ. मोबीन कुरैशी, अमीन रहबर, शम्मा परवीन ने उर्दू, डॉ. आलम आरा, नीलोफर मिंज, नाहिद साहेबा, रामदेव बड़ाईक, अमित लोहारा ने नागपुरी, सुकेशी कर्मकार ने संताली, डॉ. शांति खालखो, जगदीश उरांव ने कुड़ुख, रीता सोरेंग , ज्योति प्रिया राभा ने असमिया, सुषमा असुर ने असुर, सुरेंद्र बिरजिया ने बिरजिया, भानमती वाकरे ने छत्तीसगढ़ी, डॉ. उदय हयात, डॉ. नीतू गौरव ने भोजपुरी, अशोक शुभदर्शी ने अंगिका, सत्यनारायण मुंडा ने मुंडारी, अंकिता मीणा ने राजस्थानी में अपनी रचानाएं प्रस्तुत कीं.

### डीएवी हेहल में दो शिक्षकों का सेवानिवृत्ति पर सम्मान



**रांची।** डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल में सोमवार को आयोजित विशेष समारोह में वरिष्ठ शिक्षक डीके सिन्हा और शिक्षिका सविता सिन्हा को उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया. विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें पुष्प-गुच्छ, अंग-वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य बिपिन राय ने दोनों शिक्षकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी निष्ठा, परिश्रम और छात्रों के प्रति समर्पण सदैव स्मरणीय रहेगा. उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि ऐसे शिक्षक विद्यालय की अमूल्य धरोहर होते हैं, जिनकी प्रेरणा विद्यार्थियों को जीवनभर मार्गदर्शन देती रहती है. समारोह में शीला रमेश, शालनी प्रसाद और प्राथमिक-माध्यमिक शाखा की प्रभारी अजंता कुमारी तथा अनुपमा रानी ने भी अपने उद्‌गार व्यक्त कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे.

### पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखने की उठाई मांग

**रांची।** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल और महामंत्री विनोद कुमार जैन ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेज कर पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर करने की मांग की है. दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भी पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर करने की मांग की है. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर करने से करोड़ों अग्रवालों का सम्मान बढ़ेगा और साथ ही महाराजा अग्रसेन के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी. पत्र में बताया गया है कि समाजवाद के प्रवर्तक एवं अग्रवाल समाज के जनक महाराजा अग्रसेन आज करोड़ों अग्रवालों के कुलगुरु, संस्थापक एवं पथ प्रदर्शक हैं. एक रुपया और एक ईंट के सिद्धांत का पालन करते हुए आज अग्रवाल समाज पूरे विश्व में सेवा कार्य कर रहा है. आज जहां भी कुओं, बावड़ी, धर्मशाला, पनशाला, अस्पताल आदि हैं, उनमें से 80% से भी अधिक अग्रवाल समाज द्वारा निर्मित हैं. महाराजा अग्रसेन 5185 वर्ष पूर्व सूर्यवंशी क्षत्रिय कुल के मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के 34 वें पीढ़ी के शासक थे. भारत सरकार ने भी युद्धपोत का नाम महाराजा अग्रसेन के नाम पर रखा है और 1976 में उनके सम्मान में डाक टिकट भी जारी किया था. कई सड़कों के नाम भी महाराज अग्रसेन के नाम पर रखे गए हैं.

### संत जेवियर कॉलेज की छात्रा ने हॉस्टल में फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस कर रही जांच

**रांची।** राजधानी रांची के लालपुर थाना क्षेत्र में एक छात्रा ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. छात्रा की पहचान छत्तीसगढ़ की रहने वाली के रूप में हुई है, जो रांची के संत जेवियर कॉलेज में स्नातक की पढ़ाई कर रही थी. सोमवार को छात्रा अपने कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली. हॉस्टल प्रबंधन ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लिया. पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है. इस नोट में छात्रा ने अपनी आत्महत्या का कारण घरेलू परेशानियों और पारिवारिक विवादों को बताया है. पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और छात्रा के परिवार को सूचित कर दिया गया है. आगे की कार्रवाई जारी है.

**उत्सव** — बनहौरा जतरा मैदान में उमड़ा जनसैलाब, करम महोत्सव में झलकी जनजातीय संस्कृति

# करम पर्व मेहनत, एकता और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक : बंधु तिर्की

शुभम संदेश। रांची

**❖ परंपरा और भाईचारा ही हमारी पहचान : आलोक कुमार दूबे**

**❖ कांग्रेस हमेशा आदिवासी समाज के साथ : लालकिशोर नाथ शाहदेव**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की के सौजन्य से करम पूर्व संध्या पर बनहौरा जतरा मैदान में भव्य करम महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव में हजारों की संख्या में लोग जुटे, जहां जनजातीय संस्कृति की झलक देखने को मिली. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दूबे, विशिष्ट अतिथि मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव और प्रवक्ता डॉ. एम तौसिफ मौजूद रहे करम महोत्सव की शुरुआत बनहौरा क्षेत्र सहित विभिन्न पड़हा के दिवंगत प्रमुखों को श्रद्धासुमन अर्पित कर की गई. इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम मच गई. विभिन्न अखड़ा टोली अपने माथे पर जावा (धान का पौधा) लेकर पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत करते हुए जतरा मैदान पहुंची. निर्णायक मंडली द्वारा सर्वश्रेष्ठ अखड़ा टोली को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया.

**सांस्कृतिक खोड़हा कार्यक्रमों की रही धूम :** कार्यक्रम में विभिन्न टोली ने अपनी लोक-संस्कृति और नृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी. ऊपरटोली दहिसोत खोड़हा, डाहूटोली दहिसोत खोड़हा, माठातुरी अम्बसरना टोली खोड़हा, बगीचाटोली दहिसोत खोड़हा, बनहोरा बड़काटोली खोड़हा, बजरा खरसीटोली खोड़हा, बिरसा आवासीय असहाय बाल विकास विद्यालय कमड़े खोड़हा, सरहुल नगर बनहोरा खोड़हा, डीहपीड़ी मोरपा टोली खोड़हा, रंका टोली खोड़हा, हेसल पिस्का मोड़ सह केंद्रीय सरना संघर्ष समिति खोड़हा, फागुटोली डाडीकोचा खोड़हा, कमड़े खोड़हा ने अपने-अपने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए. इसके अलावा, संगीता तिर्की (ऊपरटोली), मेवा लकड़ा (बजरा खकसी टोली), रमली तिर्की (डाहूटोली दहिसोत), पनभोराईन तिर्की (रंका टोली), मकढली टोप्पो (डीहपीड़ी), सुक्रमनी उरांव, शंकर उरांव, दहिसोत नीचे टोली ग्रुप, रिया ग्रुप, जॉय मिंज (रंका टोली) आदि ने अपने शानदार नृत्य और गीत से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया.
बंधु तिर्की ने कहा कि "करम पर्व मेहनत, एकता और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है. यह हमारी संस्कृति और पहचान को जीवित रखता है. कांग्रेस पार्टी जनजातीय समाज की परंपराओं के संरक्षण और उत्थान के लिए लगातार प्रतिबद्ध है. मुख्य अतिथि आलोक कुमार दूबे ने कहा कि "करम महोत्सव केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि सामाजिक एकजुटता और भाईचारे का पर्व है. हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाएं. कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता लालकिशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आदिवासी समाज के साथ खड़ी रही है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत है.

## पेंशन दरबार-सह-विदाई समारोह, नौ शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के दिन ही मिले सभी लाभ

शुभम संदेश। रांची

समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कॉन्फ्रेंस कक्ष में सोमवार को जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में पेंशन दरबार-सह-सेवा निवृत्ति विदाई सम्मान समारोह का आयोजन हुआ. इस अवसर पर जिले के नौ सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ प्रदान किए गए. इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी शिक्षकों को मोमेंटो, शाल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया.
सम्मानित शिक्षकों के नाम इस प्रकार हैं-

1. **तलत फातमा** – राजकीय मध्य विद्यालय उर्दू हिन्दपीढ़ी, रांची
2. **सुनिता कुमारी** – राजकीय मध्य विद्यालय अशोकनगर, रांची
3. **रेखा कच्छप** : राजकीय मध्य विद्यालय चुद्ध, कांके
4. **सच्चिदानंद महतो** : राजकीय मध्य विद्यालय अरसंडे, कांके
5. नीलम अंजु पुर्ति – राजकीय मध्य विद्यालय मासु, अनगड़ा
6. **पुष्पा टोप्पो** : राजकीय मध्य विद्यालय अनगड़ा
7. **मनोज कुमार सिंह** : राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय गुड़गुड़जाड़ी, मांडर
8. **सोमर साहु** : राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय पांडु लापुंग
9. **खीस्त दुलारी सुबरदानी कुल्लू** : बेथेसदा बालिका मध्य विद्यालय, रांची

**उपायुक्त का संबोधनः** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने कहा –शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं. आप सभी ने शिक्षा के क्षेत्र में अमिट छाप छोड़ी है. जिला प्रशासन का प्रयास है कि सेवानिवृत्ति के दिन ही सभी लाभ उपलब्ध कराए जाएं. आप सभी अपने जीवन की अगली पारी में भी सक्रिय रहें और समाज को प्रेरित करते रहें. उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक और टीम की सराहना की तथा सभी सेवानिवृत्त शिक्षकों को उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की शुभकामनाएं दीं.
रांची जिला प्रशासन की पहलः यह आयोजन रांची जिला प्रशासन की संवेदनशील और त्वरित कार्यप्रणाली का उदाहरण है. पेंशन दरबार न केवल कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाता है बल्कि समाज में शिक्षा के महत्व को भी रेखांकित करता है. उपायुक्त ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम अन्य विभागों में भी आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि कर्मचारियों को उनके योगदान का सम्मान समय पर मिल सके.

शुभम संदेश
रांची, मंगलवार 02 सितंबर, 2025
05

## हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में 'तीसरी आंख' से होगी निगरानी, पांच प्रमुख स्थानों पर लगे सीसीटीवी कैमरे

# अपराध पर नियंत्रण के लिए पलामू पुलिस ले रही तकनीक का सहारा

**पवन कुमार सिंह । हुसैनाबाद**

पलामू पुलिस प्रशासन ने हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में अपराध नियंत्रण एवं विधि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सीसीटीवी कैमरा निगरानी प्रणाली की शुरुआत की है. सोमवार को हुसैनाबाद थाना के शहरी क्षेत्र में पांच प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए, जिनकी निगरानी अब थाना परिसर से 24 घंटे की जाएगी.

यह पहल पलामू पुलिस अधीक्षक रेष्मा रमेशन के निर्देशन में, हुसैनाबाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एस. मोहम्मद याकूब के नेतृत्व में की गई. इस अवसर पर



आयोजित कार्यक्रम में हरिहरगंज विधायक संजय कुमार सिंह यादव, जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह, छतरपुर एसडीपीओ अवध यादव, प्रशिक्षु आईपीएस शुभम नागर गोजे और थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी भी उपस्थित रहे.

शहर के जिन पांच स्थानो जेपी चौक, नहर मोड़, हरिहर चौक, देवरी रोड-दंगवार रोड और पटेल चौक को चिन्हित किया गया है, वहां प्रत्येक स्थल पर तीन-तीन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं. ये कैमरे सीधे हुसैनाबाद थाना में बनाए गए नियंत्रण कक्ष से जुड़े होंगे, जहां से संपूर्ण गतिविधियों की निगरानी की जाएगी.

पलामू एसपी रेष्मा रमेशन ने इस दौरान थाना परिसर में बने कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि बिहार की सीमावर्ती स्थिति को देखते हुए हुसैनाबाद में यह पहल अत्यंत आवश्यक थी. चूंकि यह इलाका बिहार के औरंगाबाद और रोहतास जिलों से सटा हुआ है, अतः अपराधियों की आवाजाही पर नियंत्रण रखने के लिए तकनीकी निगरानी अहम भूमिका निभाएगी.

कैमरों के संचालन, देखरेख और नियंत्रण की जिम्मेदारी थाना प्रभारी एवं वरीय पुलिस अधिकारियों को दी गई है, जो समय-समय पर निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगे. यह प्रणाली 24x7 सक्रिय रहेगी, जिससे हर संदिग्ध गतिविधि को न सिर्फ नोट किया जा सकेगा, बल्कि अपराध से पहले ही उस पर रोक लगाना संभव होगा.

एसपी ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे न केवल अपराध की रोकथाम में मदद करेंगे, बल्कि ट्रैफिक नियंत्रण और उपद्रवियों की पहचान में भी सहायक साबित होंगे. कैमरों में कैद फुटेज न्यायालय में कानूनी साक्ष्य के रूप में उपयोग किए जा सकेंगे, जिससे अपराधियों पर कानूनी शिकंजा कसना और भी आसान होगा.

इस तकनीकी पहल के माध्यम से हुसैनाबाद शहर को सुरक्षित और अपराधमुक्त बनाने की दिशा में पलामू पुलिस का यह प्रयास सराहनीय माना जा रहा है.

## खपरताला गांव में धूमधाम से मनाया गया मोनिका दिवस, महिलाओं को किया गया सम्मानित



**महुआडांड़ (लातेहार)** । साले पारीष के खपरताला गांव में मोनिका दिवस समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. इस खास अवसर पर पुरुषों ने ढोल और मांदर की थाप पर नाचते-गाते हुए गांव की सभी महिलाओं का स्वागत किया और उन्हें माला पहनाकर सम्मानित किया. समारोह में पुरुषों द्वारा महिलाओं के सम्मान में भोजन व जलपान की व्यवस्था भी की गई थी. महिलाओं ने इस अवसर पर संत मोनिका के साथ-साथ समाज की मृत, बेसहारा, विधवा, बीमारी से ग्रस्त और वृद्ध माताओं के लिए विशेष मिस्सा पूजा अर्पित की.संदेश में कहा गया कि एक मां अपने परिवार की खुशहाली के लिए हमेशा समर्पित रहती है. वह जीवन के हर सुख-दुख को संजीदगी से अपनाती है. संत मोनिका के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए बताया गया कि उन्होंने अपने पति और पुत्र के व्यवहार से पीड़ित होने के बावजूद, ईश्वर भक्ति के माध्यम से उन्हें धार्मिक मार्ग पर वापस लाया. आज भी संत मोनिका महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत और आदर्श बनी हुई हैं. इस अवसर पर राजेश टोप्पो, अमृत तिग्गा, अनुरंजन, किशोर, सुबल समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुषों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया.

## कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह पर जानलेवा हमला

**उंटारी रोड (पलामू)** । जिले में खाद माफियाओं का वर्चस्व लगातार बढ़ता जा रहा है. यूरिया की कालाबाजारी की खबरें रोजाना सामने आ रही हैं. इस पर कार्रवाई करते हुए एसडीओ पलामू के निर्देश पर उंटारी रोड प्रखंड विकास पदाधिकारी ने रविवार को क्षेत्र की खाद दुकानों का निरीक्षण किया. इस जांच से खाद माफियाओं में हड़कंप मच गया. जांच से नाराज एक दुकान संचालक ने कांग्रेस के उंटारी रोड प्रखंड अध्यक्ष रिंकू सिंह पर आरोप लगाते हुए उन पर जानलेवा हमला कर दिया. इस हमले में रिंकू सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए. प्रखंड अध्यक्ष ने इसकी लिखित शिकायत उंटारी रोड थाना में दर्ज कराई है.यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि राज्य में गठबंधन की सरकार है, लेकिन सरकार की सहयोगी पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष तक खाद माफियाओं की दबंगई से सुरक्षित नहीं हैं. इससे आम जनता की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है. थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने बताया कि शिकायत मिलने के बाद प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ने इस मामले में सख्ती से कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है और जांच जारी है.

- खाद माफियाओं की दबंगई

## विद्यालय में हिंदी व स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ

**लातेहार** । शहर के बाजकुम स्थित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय में सोमवार को हिंदी व स्वच्छता पखवाड़ा का शुभारंभ हुआ. यह पखवाड़ा 1 से 15 सितंबर तक मनाया जाएगा. कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्राचार्य रामायण पासवान द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई. वरिष्ठ शिक्षक कमलेश कुमार मिश्र ने सभी को हिंदी में कार्य करने और स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण कराया. छात्रों एवं शिक्षकों ने वर्ष में कम से कम 100 घंटे स्वच्छता के लिए देने और दैनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग का संकल्प लिया. प्राचार्य रामायण पासवान ने हिंदी भाषा की महत्ता एवं उसकी उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए इसके अधिकाधिक प्रयोग की बात कही. उन्होंने स्वच्छता को जीवन का जरूरी हिस्सा बताते हुए सभी से घर व आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की अपील की. कमलेश मिश्र ने बताया कि विद्यालय जल्द ही हिंदी में एक हस्तलिखित पत्रिका प्रकाशित करेगा, जिसमें शिक्षक, कर्मचारी और छात्रों की रचनाएं शामिल होंगी. मंच संचालन मीनाक्षी कुमारी ने किया. कार्यक्रम में सुखराम भगत, चारूलता डेम्टा, बी. बेदिया, धीरेन्द्र कुमार सहित कई शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे.

## मेदिनीनगर में डेढ़ दर्जन से अधिक क्लिनिक सील

मेदिनीनगर. जिले में अवैध रूप से संचालित हो रहे क्लिनिकों पर अंकुश लगाने के लिए उपायुक्त समीरा एस ने सख्त निर्देश दिए हैं. इसके तहत अंचल अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी एवं संबंधित थाना प्रभारी को अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे सभी अवैध क्लिनिकों की जांच कर उन्हें सील करने का आदेश दिया गया है. उपायुक्त के निर्देश के बाद जिले के सभी क्षेत्रीय पुलिस अधीक्षकों ने सक्रिय होकर जांच शुरू कर दी. जांच के दौरान जिन क्लिनिकों ने आवश्यक लाइसेंस या दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किए, उन्हें तुरंत सील कर दिया गया. सबसे ज्यादा कार्रवाई सदर अंचल में हुई, जहां लूपिन डायग्नोस्टिक, जानकी मेमोरियल, वैष्णवी डायग्नोस्टिक, रांची ईएनटी न्यूरोकेयर, विद्यांचल हॉस्पिटल के ओपीडी सहित कृष्णा हॉस्पिटल की फार्मेसी को सील किया गया. वहीं, हरिहरगंज में रागिनी क्लिनिक को सील किया गया जबकि पांच अन्य अस्पतालों की जांच जारी है.

## आयुक्त कार्यालय के नंदकिशोर राम सेवानिवृत्त, दी गई विदाई

# कर्मठता, ईमानदारी और समय के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक रहे

**शुभम संदेश । मेदिनीनगर**



प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में वर्षों तक अपनी सेवा देने वाले वरिष्ठ वाहन चालक नंदकिशोर राम 31 अगस्त 2025 को सेवानिवृत्त हो गए. उनके सम्मान में आयुक्त आवासीय कार्यालय परिसर में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों और कर्मचारियों ने उनके लंबे सेवाकाल को याद कर भावभीनी विदाई दी.

कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त के सचिव बिजय वर्मा ने की. इस अवसर पर उन्होंने सेवानिवृत्त चालक नंदकिशोर राम को अंगवस्त्रम, ट्रॉली बैग, छाता सहित अन्य उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया. बिजय वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि नंदकिशोर राम अपने पूरे सेवाकाल में कर्मठता, ईमानदारी और समय के प्रति प्रतिबद्धता के प्रतीक रहे हैं. उन्होंने कहा कि ऐसे कर्मचारी दूसरों के लिए प्रेरणा का स्रोत होते हैं और उनसे सीख लेकर अन्य कर्मचारियों को भी अपने कार्यों में निष्ठा लानी चाहिए. विदाई समारोह में मौजूद सभी अधिकारियों और कर्मचारियों ने फूलों की माला पहनाकर, गुलदस्ता और उपहार भेंट कर नंदकिशोर राम को विदाई दी और उनके स्वस्थ, सुखमय एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की. इस दौरान माहौल भावनात्मक हो गया, जब नंदकिशोर राम ने अपने साथियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह कार्यालय उनके लिए एक परिवार की तरह रहा है और वह यहां के हर पल को हमेशा याद रखेंगे. समारोह में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनके साथ बिताए पलों को साझा किया और उनकी सेवाओं की सराहना की. कार्यक्रम में प्रशाखा पदाधिकारी राजेश कुमार, एपीआरओ बिजय कुमार ठाकुर, पेशकार देवेश कुमार वर्मा, पीए आदित्य कुमार, राकेश दुबे, अरुण कुमार, तनवीर अंसारी, राहुल कुमार, अमित कुमार, वसीम अंसारी, दुर्गेश कुमार, रामजी बैठा, गणेश, शिवशंकर सिंह, कमल हसन, चतुरेश, एडवर्ड केरकेट्टा, शंकर समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे.

यह समारोह न केवल एक सेवानिवृत्त कर्मचारी को विदाई देने का अवसर था, बल्कि यह एक प्रेरणा के पल के रूप में भी सामने आया, जिसमें एक कर्मयोगी के योगदान को खुले दिल से सराहा गया.

## बरवाडीह में नदी से मिला युवक का शव

**बरवाडीह** । बरवाडीह थाना क्षेत्र के बेतला पंचायत अंतर्गत छेचानी गांव के पास औरंगा नदी में एक अज्ञात युवक (लगभग 35 वर्ष) का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया. ग्रामीणों ने शव देख कर तुरंत बरवाडीह थाना प्रभारी अनूप कुमार को सूचना दी. थाना प्रभारी को जानकारी मिलते ही वे अपने जवानों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को नदी से निकाल कर कब्जे में लिया. शव से काफी दुर्गंध आ रही थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि यह शव कई दिनों पुराना है. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है.समाचार लिखे जाने तक युवक की पहचान नहीं हो पाई थी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भी नहीं भेजा गया था. पुलिस मृतक की पहचान और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है. ग्रामीणों में शव मिलने को लेकर चिंता और चर्चा का माहौल है.पुलिस ने लोगों से अपील की है कि यदि किसी के परिवार में कोई युवक लापता है तो वे तुरंत सूचना दें ताकि जांच में तेजी लाई जा सके और परिवार को न्याय मिल सके. घटना के आसपास सतर्कता बढ़ा दी गई है.

# पप्पू की मौत के बाद जेजेएमपी हो गया कमजोर पुलिसिया दबिश के कारण करना पड़ा सरेंडर

**शुभम संदेश । लातेहार**

झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के सुप्रीमो पप्पू लोहरा और प्रभात गंझू की 24 जुलाई 2025 को पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मौत के बाद संगठन की ताकत तेजी से कमजोर पड़ गई है. पप्पू लोहरा की मौत के कुछ ही दिनों बाद जेजेएमपी के कई शीर्ष उग्रवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया, जिससे संगठन का लगभग सफाया हो गया है. एक सितंबर को जेजेएमपी के जोनल कमांडर रविंद्र यादव सहित कुल नौ उग्रवादियों ने हथियारों के साथ सरेंडर किया. इससे पहले भी सब जोनल कमांडर लवलेश गंझू और बैद्यनाथ सिंह ने पुलिस के बढ़ते दबाव के कारण आत्मसमर्पण कर दिया था. अब इन सरेंडरों से स्पष्ट हो गया है कि जेजेएमपी की जमीनी पकड़ पूरी तरह ढह गई है.



फाइल फोटो

**सरेंडर करने वाले उग्रवादियों में शामिल हैं** : रविंद्र यादव (जोनल कमांडर): 5 लाख इनामी, 14 मामले दर्ज, दो एके-47, तीन रायफल और 1241 कारतूस के साथ आत्मसमर्पण.

अखिलेश यादव (सब जोनल कमांडर): 5 लाख इनामी, 10 मामले, एक एके -47 और 256 कारतूस के साथ सरेंडर.

बलदेव गंझू: 5 लाख इनामी, नौ मामले.

मुकेश राम यादव : 5 लाख इनामी, 21 मामले.

पवन उर्फ राम प्रसाद : 3 लाख इनामी, तीन मामले, एक रायफल के साथ आत्मसमर्पण.

ध्रुव (एरिया कमांडर) : तीन मामले, एक रायफल.

विजय यादव : दो मामले, रायफल सहित आत्मसमर्पण.

श्रवण सिंह : दो मामले, एक एके -47, एक रायफल और 131 राउंड कारतूस.

मुकेश गंझू : दो मामले, एक एके -47 और 154 राउंड कारतूस.

**पूर्व में भी हो चुके हैं कई सरेंडर** : मनोज परिहया, लवलेश गंझू, बैद्यनाथ सिंह, रघुनाथ सिंह खेरवार, सतेंद्र यादव, संजय प्रजापति, दीपक कुमार भुइंया, तुलसी गंझू, पलेंद्र भोक्ता, प्रमोद गंझू, पप्पू साव और चंदन प्रसाद जैसे नामी उग्रवादी पहले ही सरेंडर कर चुके हैं.

### पप्पू कभी पुलिस का साथी, फिर बना सिरदर्द

पप्पू लोहरा कभी पुलिस के साथ नक्सल विरोधी अभियानों में शामिल होता था. 2018 में एक तस्वीर वायरल हुई थी जिसमें वह सीआरपीएफ अधिकारियों के साथ नजर आया था, जबकि उस समय भी उस पर 10 लाख का इनाम था. बाद में वह पुलिस के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गया. 28 सितंबर 2021 को लातेहार के सलैया जंगल में हुई मुठभेड़ में बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट राजेश कुमार शहीद हो गए थे. अब एक के बाद एक हो रहे आत्मसमर्पणों से जेजेएमपी का अस्तित्व लगभग समाप्त हो गया है और सुरक्षा बलों को इस बड़ी चुनौती से राहत मिली है.

## करमा महोत्सव

## महुआडांड़ में पारंपरिक विधि-विधान व उत्साह के साथ मनाया गया उत्सव

# सरना संस्कृति की झलक से सजा आयोजन स्थल

**शुभम संदेश । महुआडांड़ (लातेहार)**



महुआडांड़ प्रखंड में करमा महोत्सव सोमवार को पारंपरिक धूमधाम और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया. सरना आदिवासी विकास एकता मंच, महुआडांड़ के तत्वावधान में आयोजित यह प्रखंड स्तरीय करमा पूर्व संध्या महोत्सव अम्बवाटोली स्थित बैगई जमीन पर सम्पन्न हुआ. महोत्सव की शुरुआत करम वृक्ष की पूजा से हुई, जिसे मुले बैंगा और अन्य बैंगाओं द्वारा पारंपरिक विधि-विधान के साथ संपन्न कराया गया. पूजा-अर्चना के दौरान बड़ी संख्या में सरना आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए. महिलाएं लाल पाड़ की पारंपरिक साड़ी, और पुरुष धोती, कुर्ता व गमछा पहनकर पारंपरिक वेशभूषा में नजर आए. मांदर की थाप, करमा गीत और लोक नृत्य ने पूरे आयोजन को सांस्कृतिक रंग से सराबोर कर दिया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम बिपिन कुमार दुबे थे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीपीओ शिवपूजन बहेलिया और थाना प्रभारी मनोज कुमार उपस्थित रहे.

एसडीएम श्री दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत में पर्व-त्योहार सामूहिकता और सौहार्द का संदेश देते हैं. उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक आयोजनों में समाज की एकजुटता झलकती है, और इस एकता को बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है.

महोत्सव स्थल पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे. शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी.

इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुतियाँ हुईं, जिसमें करमा नृत्य, झूमर, और लोकगीत प्रमुख रहे. युवाओं व बच्चों ने भी मंच पर उत्साहपूर्वक भाग लिया.

अतिथियों में जिला परिषद सदस्य इस्तेला नागेसिया, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया उषा खलखो, सुषमा कुजूर, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तिखार अहमद, अजित पाल कुजूर, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष नुरूल हसन, और नसीम अंसारी प्रमुख रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर आयोजन समिति से मंगलदेव नगेसिया, शुशील उरांव, विनोद उरांव, चितरंजन उरांव, कुंवर मुंडा सहित बड़ी संख्या में सरना आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए.महोत्सव के माध्यम से न केवल आदिवासी संस्कृति का प्रदर्शन हुआ, बल्कि समाज की एकजुटता और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिली.

## चंदवा के रक्तदान शिविर में 70 यूनिट रक्त का संग्रह हुआ

**चंदवा (लातेहार)**। स्थानीय साईं नर्सिंग होम परिसर में सोमवार को एक सफल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 70 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। साईं नर्सिंग होम के संचालक डॉ. रोहित कुमार ने बताया कि रक्तदान करने वाले प्रत्येक दानवीर को एक हेलमेट और रक्तदान प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। इस प्रमाण पत्र के माध्यम से रक्तदाताओं को भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। डॉ. रोहित ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए समय पर रक्त उपलब्ध कराना और समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है जो कई लोगों की जान बचाने में सहायक होता है।

## एक नजर

### जनजातीय विकास हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न, विभिन्न आयामों पर हुई चर्चा



**बरवाडीह (लातेहार)** । आदि कर्म योगी अभियान के तहत चिन्हित 11 पंचायतों में जनजातीय समुदाय के विकास एवं परिवर्तन को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्रखंड कार्यालय सभागार में किया गया.कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज, कनीय अभियंता प्यूष रंजन, और मल्टी आर्ट ग्रुप के मास्टर ट्रेनर द्वारा दीप प्रज्वलन कर संयुक्त रूप से किया गया. प्रशिक्षण हॉल को आंगन का स्वरूप देते हुए गोलाकार संरचना में दीप जलाए गए, जिससे सहभागिता और सामूहिकता का संदेश दिया गया.प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को अभियान के उद्देश्य, लक्ष्य और चुनौतियों से अवगत कराया गया. बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने बताया कि यह अभियान जनजातीय क्षेत्रों के शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आजीविका और सामाजिक विकास को ध्यान में रखकर संचालित किया जा रहा है. सत्र के दौरान यह भी बताया गया कि विभागीय समन्वय और सहभागिता से अभियान को अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है. कार्यक्रम में बीपीओ ओमप्रकाश गुप्ता, श्याम मनोहर यादव, अशोक यादव, सत्येंद्र कुमार सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे.

### बेतला राष्ट्रीय उद्यान में सर्पदंश प्रबंधन और रेस्क्यू प्रशिक्षण शिविर लगा, 70 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**बरवाडीह (लातेहार)** । पलामू टाइगर रिजर्व (नॉर्थ) के अंतर्गत बेतला राष्ट्रीय उद्यान में सोमवार को एक दिवसीय सर्पदंश प्रबंधन एवं रेस्क्यू प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर का नेतृत्व पीटीआर (नॉर्थ) के उप निदेशक प्रजेश जेना ने किया. प्रशिक्षण में लातेहार जिला पुलिस बल, पलामू, गढ़वा और लातेहार जिलों के वनकर्मी, ट्रेकर गार्ड, तथा स्थानीय सर्प रेस्क्यू विशेषज्ञ सहित लगभग 70 प्रतिभागियों ने भाग लिया. भारतीय प्राणी सर्वेक्षण (जेडएसआई) के विशेषज्ञों द्वारा प्रतिभागियों को सर्पदंश की स्थिति में प्राथमिक उपचार, विषैले व गैर-विषैले सांपों की पहचान, तथा सुरक्षित रेस्क्यू तकनीकों की जानकारी दी गई. प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन के माध्यम से सांप पकड़ने के उपाय भी सिखाए गए. विशेषज्ञों ने बताया कि साँप पर्यावरण का अहम हिस्सा हैं, और उन्हें मारने के बजाय सुरक्षित रेस्क्यू कर पुनर्वासित करना चाहिए. साथ ही, सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक से बचते हुए "गोल्डन आवर" में एंटी-वेनम उपचार लेना जरूरी है. शिविर में रेंजर उमेश दुबे, अजय टोप्पो, फॉरेस्टर शशांक पाण्डेय, संतोष कुमार, रजनीश सिंह समेत कई अधिकारी उपस्थित रहे.

### लातेहार में विश्वकर्मा समाज की बैठक संपन्न प्रदेश कमेटी में चयनित सदस्यों का हुआ सम्मान



**लातेहार** । विश्वकर्मा समाज की जिलास्तरीय एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को लातेहार स्थित कौशल विकास केंद्र में जिलाध्यक्ष सिकंदर शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई. बैठक में समाज के प्रबुद्ध और वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के समग्र उत्थान और संगठन को मजबूत करने पर गहन विचार-विमर्श किया. इस अवसर पर बरियातू के जीतन राणा, बरवाडीह के अर्जुन विश्वकर्मा और लातेहार के रविंद्र प्रसाद को प्रदेश कमेटी में स्थान मिलने पर बधाई दी गई और उन्हें सम्मानित किया गया. सम्मान समारोह के दौरान उपस्थित सदस्यों ने इसे पूरे जिले के लिए गर्व की बात बताया. बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सिकंदर शर्मा ने कहा कि संगठन को मजबूती देने के लिए सभी प्रखंडों में प्रखंड कमेटियों का शीघ्र विस्तार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि एक मजबूत संगठन ही समाज की एकजुटता और विकास का आधार बन सकता है.

### मेदिनीनगर में आधार ऑपरेटरों को नये दिशा-निर्देशों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



**मेदिनीनगर** । पलामू जिले के सभी आधार ऑपरेटरों को केंद्र सरकार के यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) द्वारा जारी नई नियमावली और तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी देने हेतु सोमवार को उप विकास आयुक्त सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में जिला परियोजना पदाधिकारी उदय सिंह ने आधुनिक संस्कार यूनिवर्सल क्लाइंट (एसयूके) सॉफ्टवेयर के माध्यम से आधार नामांकन एवं अद्यतन की पूरी प्रक्रिया समझाई. उन्होंने आधार कार्ड के नामांकन और पहले से बने आधार कार्ड के अद्यतन की मानक प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन, बायोमैट्रिक सत्यापन, ऑपरेटर लॉग मॉनिटरिंग सहित तकनीकी सावधानियों पर विस्तार से चर्चा की. प्रशिक्षण में आधार ऑपरेटरों को नये सॉफ्टवेयर के सही उपयोग के तरीके और संभावित त्रुटियों से बचाव के उपाय भी बताये गए. साथ ही उन्होंने बताया कि इन नियमों का कड़ाई से पालन कर आधार नामांकन एवं अद्यतन प्रक्रिया को अधिक विश्वसनीय और पारदर्शी बनाया जाएगा.

### मजदूरी के लिए गए नाबालिग की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत, परिवार में मातम पसरा

**महुआडांड़ (लातेहार)** । महुआडांड़ के नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत अर्तग्रम लूरगुमी खुर्द निवासी शंकर नायक के 17 वर्षीय पुत्र कुश नायक की बंगलुरू में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई. कुश मजदूरी करने के लिए चार महीने पहले बंगलौर गया था परिजनों को अचानक यह दुखद खबर मिलने के बाद परिवार में कोहराम मच गया है. शंकर नायक ने बताया कि दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया. आर्थिक तंगी के कारण परिवार मृतक का शव बंगलौर से वापस लाने में असमर्थ है. शव फिलहाल बंगलौर में ही रखा हुआ है. मृतक के परिवार ने स्थानीय प्रशासन से शव को महुआडांड़ तक पहुंचाने की सहायता की अपील की है ताकि उनका बेटा घर पर अंतिम संस्कार किया जा सके.इस मामले में कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि इफ्तेखार अहमद ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद विधायक रामचंद्र सिंह ने महुआडांड़ के बीडीओ सह सीओ संतोष बैठा को निर्देश दिया है कि गरीब परिवार को हर संभव मदद तुरंत उपलब्ध कराई जाए और शव को सुरक्षित घर लाने के लिए उचित व्यवस्था की जाए.

### न्याय के लिए जेएलकेएम ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**बालूमाथ (लातेहार)** । झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकर्ताओं ने पप्पू यादव के नेतृत्व में बालूमाथ प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव को ज्ञापन सौंपा। आवेदन में सीसीएल की मगध परियोजना से विस्थापित स्थानीय लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन में बताया गया कि विस्थापितों को आज तक न तो रोजगार मिला है और न ही सड़क, अस्पताल जैसी बुनियादी सुविधाएं। कार्यकर्ताओं ने सीसीएल से लोकल सेल चालू करने, वेलफेयर मद से सड़क मरम्मत कराने, और खनन परियोजनाओं में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता देने की मांग की.

## अबुआ आवास योजना की कार्य प्रगति पर कड़ी निगरानी

**कोडरमा।** प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मरकच्चो हुलास महतो ने सोमवार को ग्राम पंचायत मरकच्चो मध्य के विभिन्न ग्रामों का स्थलीय निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना और अबुआ आवास योजना के तहत लाभुकों को आवंटित आवासों की निर्माण प्रगति की समीक्षा की.निरीक्षण में पाया गया कि कुछ लाभुकों के आवास निर्माण कार्य 60 दिनों से अधिक समय से रुके हुए हैं.इस पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने लाभुकों को तत्काल आवास निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए. स्थलीय निरीक्षण के दौरान प्रखण्ड समन्वयक (आवास) एवं पंचायत सचिव भी मौजूद थे. साथ ही, सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया गया कि वे योजनाओं के सुचारू कार्यान्वयन में कोई शिथिलता न बरतें और नियमित निगरानी सुनिश्चित करें.

# पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने राज्य सरकार के साथ ऋत्विक माइनिंग कंपनी पर लगाए गंभीर आरोप

**शुभम संदेश । हजारीबाग**



झारखंड के पूर्व कृषि मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता योगेंद्र साव ने हजारीबाग स्थित अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार और एनटीपीसी के अधीन ऋत्विक माइनिंग कंपनी पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में चल रहे खनन कार्यों के दौरान ग्रामीणों के अधिकारों का उल्लंघन हो रहा है और प्रशासन की मिलीभगत नजर आ रही है।

योगेंद्र साव ने दावा किया कि एनटीपीसी और ऋत्विक माइनिंग कंपनी भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 का उल्लंघन कर रही हैं। ग्रामीणों की जमीन और मकानों पर बिना उचित मुआवजे के बुलडोजर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब ग्रामीण विरोध करते हैं तो पुलिस प्रशासन रिश्वत लेकर उनकी आवाज दबा देता है और उनके साथ बेरहमी से व्यवहार करता है। इसके पीछे डीजीपी अनुराग गुप्ता और हजारीबाग के पुलिस अधीक्षक की जानकारी होने का भी आरोप लगाया।

व्यक्तिगत नुकसान का जिक्र करते हुए साव ने बताया कि उनकी फैक्ट्री, जो परिवार की आजीविका का स्रोत थी, बिना मुआवजा दिए ध्वस्त कर दी गई। उन्होंने बताया कि आंदोलन के चलते उन पर और उनके परिवार के सदस्यों पर झूठे मुकदमे दर्ज किए गए हैं. "मुझ पर क्राइम कंट्रोल एक्ट लगा, हमें जेल जाना पड़ा और परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है," उन्होंने कहा।


ऋत्विक माइनिंग कंपनी के मालिक आर. रमेश पर भी साव ने आरोप लगाए कि उन्होंने उनकी बेटी अंबा प्रसाद को धमकी दी है कि उनकी राजनीतिक जिंदगी खत्म कर देंगे। उन्होंने इसे लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि पुलिस प्रशासन पीड़ितों को ही दंडित कर रहा है।

हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए योगेंद्र साव ने कहा कि सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा और गुरुजी शिबू सोरेन के सपनों को कॉरपोरेट कंपनियों के हाथ बेच दिया है। सरकार गरीबों और किसानों के खिलाफ काम कर रही है. उन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के चुनावी वादों का भी जिक्र करते हुए कहा कि विस्थापन आयोग का गठन, झूठे मुकदमों की जांच और उचित मुआवजा देने का वादा किया गया था, लेकिन सरकार इन्हें दरकिनार कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दबा रही है।

योगेंद्र साव ने एनटीपीसी और ऋत्विक माइनिंग कंपनी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई, ग्रामीणों को उचित मुआवजा व पुनर्वास, और झूठे मुकदमों की निष्पक्ष जांच की मांग की। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि वे बड़कागांव की जनता के हक और सम्मान की लड़ाई तब तक जारी रखेंगे जब तक न्याय नहीं मिल जाता.

## एक नजर

### हजारीबाग में थल सेना भवन की तर्ज पर बनेगा भव्य पंडाल, डिज़्नीलैंड मेला बनेगा आकर्षण का केंद्र



**हजारीबाग ।** इस वर्ष हजारीबाग के मटवारी क्षेत्र में दुर्गा पूजा का आयोजन खास होने जा रहा है. शिव शक्ति दुर्गा पूजा समिति द्वारा दिल्ली स्थित थल सेना भवन की थीम पर एक भव्य पंडाल तैयार किया जा रहा है, जिसकी चौड़ाई 140 फीट और ऊंचाई 80 फीट होगी. पंडाल निर्माण का कार्य मिलन लाइट द्वारा किया जा रहा है और इस पर लगभग 15 लाख रुपये खर्च किए जा रहे हैं. वहीं, दुर्गा प्रतिमा का निर्माण प्रसिद्ध मूर्तिकार अनिल परजात्य द्वारा किया जा रहा है. आयोजन केवल धार्मिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और मनोरंजन से भी भरपूर रहेगा. समिति द्वारा मटवारी गांधी मैदान में 8 सितंबर से डिज़्नीलैंड मेला भी लगाया जाएगा, जिसमें झूले, खेल और खाने-पीने के स्टॉल होंगे. यह मेला बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए मनोरंजन का प्रमुख केंद्र बनेगा.पूरे क्षेत्र में आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल है. समिति को विश्वास है कि यह पूजा और मेला लोगों के लिए स्मरणीय अनुभव बनेगा. इस आयोजन की जानकारी समिति के मीडिया प्रभारी शानू गोस्वामी ने दी.

### चतरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : नकली शराब रैकेट का भंडाफोड़, चार शराब कारोबारी गिरफ्तार

**चतरा ।** चतरा पुलिस ने अवैध नकली शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक सक्रिय रैकेट का पर्दाफाश किया है. यह कार्रवाई बिहार-झारखंड सीमा पर स्थित हंटरगंज क्षेत्र में की गई, जहां से बिहार में नकली शराब की आपूर्ति की योजना थी. गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हंटरगंज इलाके में सघन नाकेबंदी की. इस दौरान दो वाहनों की तलाशी में भारी मात्रा में नकली शराब बरामद की गई. मौके से पुलिस ने आशीष दांगी और बलवंत दांगी को गिरफ्तार किया. पूछताछ में इन दोनों ने रैकेट से जुड़े अन्य लोगों के नाम उजागर किए, जिसके बाद पुलिस ने रॉकी यादव और रामाशीष यादव को भी गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के विभिन्न ठिकानों पर छापेमारी कर बड़ी संख्या में नकली शराब की बोतलें, खाली बोतलें, ब्रांडेड शराब के स्टिकर, और परिवहन में इस्तेमाल होने वाले वाहन जब्त किए हैं. प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस नकली शराब का उपयोग बिहार में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव में किया जाना था, जिससे अवैध तरीके से मतदाताओं को प्रभावित किया जा सके.

### पेरियार ललई सिंह यादव की 114वीं जयंती मनाई गई, युवाओं से विचारों को अपनाने का आह्वान

**पदमा (हजारीबाग) ।** सरैया पंचायत में बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वावधान में सामाजिक न्याय के पुरोधा पेरियार ललई सिंह यादव की 114वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई. कार्यक्रम की अध्यक्षता ट्रस्ट के सचिव एड. उमेश कुमार ने की. समारोह की शुरुआत पेरियार ललई सिंह यादव की तस्वीर और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण और अतिथियों को अंगवस्त्र प्रदान कर की गई. मुख्य अतिथि अमल दास सुकन्या (सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट के सचिव) ने कहा कि ललई सिंह यादव ने अपना जीवन बौद्ध धम्म और बहुजन समाज के संघर्षों को समर्पित कर दिया. उन्होंने मानवता, समता और सामाजिक न्याय की लड़ाई में अहम योगदान दिया. विशिष्ट अतिथि राजकुमार दास, अध्यक्ष, बुद्धा फाउंडेशन ट्रस्ट ने कहा कि ललई सिंह यादव ने सामाजिक कुरीतियों और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई और समाज को जागरूक किया. पदमा प्रखंड अनुसूचित जाति कोऑपरेटिव के अध्यक्ष शंभू रविदास ने युवाओं से ₹सच्ची रामायण₹ जैसी किताबें पढ़ने और उनके विचारों को अपनाने का आग्रह किया. कार्यक्रम में कपूर रविदास, राजू रविदास, बाबूलाल रविदास, विक्रम कुमार, पूजा कुमारी, सपना कुमारी समेत कई महिला-पुरुष शामिल हुए.

### तालाब के पास से संदिग्ध हालत में शव बरामद

**डोमचांच (कोडरमा)।** डोमचांच थाना क्षेत्र के निरसोटांड तालाब के पास 50 वर्षीय महेंद्र दास का संदिग्ध हालत में शव बरामद हुआ है। मृतक गेंदवाडीह पंचायत के गोलवाढाब गांव के निवासी थे और जलापूर्ति योजना के तहत पाइप बिछाने का कार्य करते थे। महेंद्र दास रविवार को काम खत्म कर घर लौट रहे थे, लेकिन नीरू पहाड़ी के पास किसी होटल में खाना खाने के बाद घर नहीं पहुंचे। देर रात तक खोजने के बाद भी उनकी कोई खबर नहीं मिली। सोमवार सुबह उनकी गुमशुदगी की शिकायत देने जा रही पत्नी मालती देवी को सूचना मिली कि तालाब के पास उनका शव मिला है। शव के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान थे, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के चार पुत्रियां और एक पुत्र हैं। पुलिस इस घटना की गहराई से जांच कर रही है।

### विवेकानंद की असमय मौत से शोक की लहर

**जयनगर (कोडरमा)।** बांझेडीह स्थित केटीपीएस थर्मल पावर प्लांट की कैंटीन में सोमवार सुबह सुपरवाइजर विवेकानंद सिंह (54 वर्ष) की अचानक मृत्यु से पूरे प्लांट में शोक छा गया। पूजा की तैयारी के दौरान अचानक तेज सीने में दर्द महसूस होने पर वे जमीन पर गिर पड़े। सहकर्मियों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। बिहार के समस्तीपुर निवासी विवेकानंद लंबे समय से कैंटीन में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत थे। हाल ही में कैंटीन का प्रभार बोकारो की नई कंपनी ने संभाला था, जिन्होंने उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए पद पर बरकरार रखा था। मृतक की मौत से सहकर्मी और स्थानीय लोग गमगीन हैं और परिवार के लिए उचित मुआवजे की मांग कर रहे हैं। डीवीसी अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मृतक के परिवार को ईपीएफ और बीमा के तहत लाभ मिलेगा। इसके साथ ही कंपनी प्रबंधन से भी मुआवजे को लेकर बातचीत जारी है। यदि मुआवजे को लेकर संतोषजनक निर्णय नहीं लिया गया, तो कर्मचारी धरना देने पर मजबूर होंगे।

### प्रतिमा जुलूस में करतब करते हुए युवक झुलसा

**जयनगर (कोडरमा) ।** थाना क्षेत्र के जयनगर बाजार में गणेश प्रतिमा जुलूस के दौरान एक बड़ा हादसा हुआ. 25 वर्षीय अनिल यादव, जो लोहडंडा ऊपर टोला के निवासी हैं, करतब दिखाने के प्रयास में बुरी तरह झुलस गए. रविवार को गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकाले गए जुलूस के दौरान अनिल यादव ने अपने मुंह में पेट्रोल भरकर आग उगलने की कोशिश की. लेकिन चूक के कारण उनकी दाढ़ी और चेहरा आग की लपटों में आ गए. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाई और घायल युवक को पास के निजी क्लिनिक ले गए. प्राथमिक इलाज के बाद उसे कोडरमा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया. अनिल यादव ने बताया कि करतब करते समय गलती हो गई, जिससे वह झुलस गए. उनका इलाज अस्पताल में जारी है. यह हादसा जुलूस के दौरान सुरक्षा के अभाव को भी उजागर करता है. ऐसे आयोजनों में सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक है ताकि इस तरह की घटनाएं न हों. प्रशासन और आयोजकों से भी अपील की गई है कि वे भविष्य में सुरक्षा के बेहतर इंतजाम करें ताकि इस प्रकार के हादसे टाले जा सकें.

### अंडर-19 बालिका कबड्डी टीम बनी राज्य की उपविजेता

**रामगढ़।** डीएवी पब्लिक स्कूल बरकाकाना के खिलाड़ियों ने हाल ही में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिताओं में बेहतरीन प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। लड़कों की टीम ने जोश और समर्पण के साथ प्रभावशाली खेल दिखाया। विशेष रूप से, अंडर-19 बालिका कबड्डी टीम ने डीएवी स्पोर्ट्स राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में दमदार खेल प्रस्तुत करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया, जो विद्यालय के लिए गर्व की बात है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा रविवार को आयोजित बालकों की कबड्डी प्रतियोगिता में भी खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजयी खिलाड़ियों को विद्यालय की सभा में प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने सम्मानित किया। प्राचार्य मोहम्मद मुस्तफा मजीद ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी हमारी छात्र-छात्राएं अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। यह सफलता उनके कड़ी मेहनत, समर्पण और अनुशासन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि पूरा विद्यालय परिवार खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर गर्व महसूस करता है और आगे भी उन्हें इसी प्रकार मेहनत करते रहने की प्रेरणा दी.

## स्कूल के छात्र संग मारपीट तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**शुभम संदेश। जयनगर (कोडरमा)**

थाना क्षेत्र के रथाही धाम पावर हाउस डंडाडीह स्थित सरस्वती पब्लिक स्कूल में सोमवार को उस समय सनसनी फैल गई, जब तीन युवकों ने स्कूल के एक छात्र अंकित कुमार को परिसर से बाहर ले जाकर जमकर मारपीट कर दी। गंभीर रूप से घायल छात्र का इलाज सदर अस्पताल कोडरमा में चल रहा है। घटना के बाद ग्रामीणों की सतर्कता से आरोपियों को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया।

**क्या है मामला।**

विद्यालय के प्राचार्य अर्जुन चौधरी ने थाना में आवेदन देकर पूरी घटना की जानकारी दी । उनके मुताबिक सुबह करीब 10:30 बजे बेला मुहल्ला जयनगर निवासी 20 वर्षीय आशिफ खान (पिता तसलीम खान) और इरफान खान (पिता शमीम खान) नामांकन कराने के बहाने स्कूल पहुंचे। नामांकन प्रक्रिया बताने के दौरान ही उनका एक साथी फरहान खान (पिता इमाम उद्दीन खान), निवासी कटहाडीह, स्कूल के बाहर खड़ा रहा। मध्यांतर के समय तीनों ने कंझियाडीह निवासी छात्र अंकित कुमार (पिता बाबूचंद साव) को पकड़ लिया और विद्यालय परिसर से बाहर ले जाकर उसकी पिटाई कर दी। घायल छात्र को बाइक पर लादकर ले जाने का प्रयास किया गया, तभी अन्य छात्रों ने शोर मचाना शुरू किया।

छात्रों की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आरोपियों का पीछा कर उन्हें धर दबोचा। पकड़े गए युवकों को पूछताछ के लिए कंझियाडीह ले जाया गया। इसी बीच आरोपियों के तीन-चार अन्य साथी भी वहां पहुंचे और उन्हें छुड़ाने की कोशिश की। ग्रामीणों को धमकी दी गई कि बम से उड़ा देंगे, लेकिन आक्रोशित ग्रामीणों के सामने वे भाग खड़े हुए। घटना की जानकारी पंसस सह झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एएसआई इस्लाम अंसारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है.

## फरियादियों की समस्याएं सुनीं, दर्जनों मामलों का हुआ समाधान

# एसडीपीओ ने दिए सख्त निर्देश

**शुभम संदेश । हंटरगंज (चतरा)**




चतरा जिले में आम जनता की छोटी-बड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु थाना दिवस का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को हंटरगंज थाना परिसर में थाना दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) संदीप सुमन ने की।

थाना दिवस में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। एसडीपीओ ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और पुलिस पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और निष्पक्ष तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता किसी भी सूरत में परेशान न हों और न ही उन्हें कार्यालयों के चक्कर काटने पड़ें।

एसडीपीओ संदीप सुमन ने सख्त लहजे में कहा कि यदि किसी शिकायत के समाधान में लापरवाही बरती गई या अनदेखी हुई, तो संबंधित पदाधिकारी पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने थाना स्तर पर पारिवारिक विवाद, भूमि विवाद और आपसी मनमुटाव जैसे मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने की बात कही। इस मौके पर दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें घरेलू हिंसा, आपसी विवाद, जमीन विवाद और सामाजिक तनाव से जुड़े मामले प्रमुख थे। इनमें से कई मामलों का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जबकि कुछ मामलों की जांच के उपरांत शीघ्र निष्पादन का आश्वासन दिया गया। एसडीपीओ ने यह भी कहा कि थाना दिवस सिर्फ औपचारिकता न रहे, बल्कि यह जनता के लिए न्याय की उम्मीद बनकर सामने आए। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाएं और थाना को जनता के विश्वास का केंद्र बनाएं।

इस अवसर पर थाना प्रभारी प्रभात कुमार, एसआई राजदेव पांडे, दिलीप यादव, पुरुषोत्तम अग्निहोत्री सहित कई पुलिस अधिकारी, कर्मी और बड़ी संख्या में फरियादी उपस्थित थे। थाना दिवस का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## जलापूर्ति योजना के पाइप चोरी का खुलासा, आठ आरोपी गिरफ्तार



**शुभम संदेश । कोडरमा**

डोमचांच थाना पुलिस ने बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के लिए रखे गए 500 एमएम डायमीटर के पाइप चोरी कांड का सफलतापूर्वक खुलासा किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए 16 पाइप से भरा एक ट्रक और एक हाईड्रा वाहन बरामद किया है। मामला डोमचांच प्रखंड के ग्राम पंचायत बगड़ो का है, जहां जलापूर्ति योजना के पाइप चोरी की वारदात हुई थी। इस संबंध में कनीय अभियंता अभिजीत कुमार के आवेदन पर 31 अगस्त 2025 को थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

पुलिस अधीक्षक कोडरमा के निर्देश पर एसडीपीओ अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी और मानवीय सबूतों के आधार पर छापेमारी कर आरोपियों को पकड़ा। पूछताछ में ट्रक चालक मकसूद अंसारी ने बताया कि ट्रक मालिक मो. अफताब अंसारी और बरही के निसार अंसारी के कहने पर पाइप को जलापूर्ति योजना के ठेकेदार राहुल कुमार और मो. आरिफ ने हाईड्रा से ट्रक में लोड कराया था।

गिरफ्तार आरोपियों में मकसूद अंसारी, मो. अफताब अंसारी, नागेश्वर भुईया, कारू भुईया, आरा भुईया, शिव कुमार, एताउल अंसारी और निसार अंसारी शामिल हैं।.

### कोडरमा जिला प्रशासन ने विशेष आधार शिविर का आयोजन, बच्चों व महिलाओं का व्यापक नामांकन

**कोडरमा।** उपायुक्त के निर्देश पर जिले में विशेष आधार शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य (पीभीटीजी) समुदाय के सदस्यों, 0-5 वर्ष के बच्चों, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (पीएमएमभीवाई) की लाभुक महिलाओं, पोषाहार प्राप्त करने वाली महिलाओं, स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का शत-प्रतिशत आधार कार्ड सुनिश्चित करना है. हाल ही में मरकच्चो प्रखंड के पपलो एवं कोडरमा प्रखंड के पुरनानगर में आयोजित इन शिविरों में बड़ी संख्या में पात्र लाभुकों ने उत्साह के साथ आधार नामांकन कराया. इस आयोजन से खासतौर पर पीभीटीजी समुदाय के कई सदस्यों का पहली बार आधार पंजीकरण हुआ, जिससे वे सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे. साथ ही 0-5 वर्ष के बच्चों का व्यापक आधार नामांकन भी किया गया, जिससे उन्हें शिक्षा और पोषण योजनाओं से जोड़ने में मदद मिलेगी. उपायुक्त कोडरमा ने सभी लाभुकों से अपील की है कि यदि कोई अब भी आधार से वंचित है, तो निकटतम शिविर या आधार केंद्र जाकर अपना नामांकन अवश्य कराएं. यह पहल जिले में सामाजिक एवं आर्थिक समावेशन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है.

### हज़ारीबाग में विश्वकर्मा समाज की जिला बैठक सम्पन्न, सदस्यता अभियान व सम्मेलन की तैयारी तेज

**हज़ारीबाग ।** स्थानीय परिसदन भवन में विश्वकर्मा समाज की हज़ारीबाग जिला कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष यदु राणा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. बैठक में मंच संचालन जिला महासचिव बृजलाल राणा ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा उपस्थित रहे. बैठक में हज़ारीबाग जिले के सभी प्रखंडों से आए समाज के पदाधिकारियों, प्रखंड अध्यक्षों, सचिवों, कोषाध्यक्षों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया. बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के संगठन को मजबूत करना और पंचायत स्तर तक विस्तार करना रहा. प्रदेश अध्यक्ष विकास राणा ने अपने संबोधन में कहा कि "समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ना हमारा लक्ष्य है. पंचायत स्तर तक कमेटी का गठन कर समाज को मजबूती दी जाएगी." उन्होंने यह भी कहा कि सभी प्रखंड कमेटियों को सक्रिय और संगठित किया जाएगा. जिला अध्यक्ष यदु राणा ने बताया कि बहुत जल्द हज़ारीबाग में सदस्यता अभियान शुरू किया जाएगा और इसके माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ा जाएगा. साथ ही आगामी दिनों में विश्वकर्मा समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा जिसमें बड़ी संख्या में समाज के महिला-पुरुष भाग लेंगे. बैठक के दौरान नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.

### कटकमसांडी में धूमधाम से मना करमा महोत्सव

कटकमसांडी के मिडिल स्कूल मैदान में आयोजित आदिवासी मूलवासी करमा महोत्सव में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष ब्रजकिशोर जायसवाल और मिस इंडिया 2019 परी पासवान रहीं। चतरा भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव सिंह भोक्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने पारंपरिक नृत्य, मांदर और ढोल की थाप पर जमकर उत्साह दिखाया। जायसवाल ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आदिवासी संस्कृति को संरक्षित कर भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। आयोजन में दर्जनों नृत्य टीमों ने शानदार प्रस्तुति दी.

## 132 खिलाड़ी जिला स्तरीय मुकाबले के लिए चयनित



**शुभम संदेश । चौपारण**

चौपारण प्रखंड स्टेडियम में चार दिनों तक चले प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का रविवार को सफल समापन हुआ. इस प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के बालक और बालिकाओं ने 17 विभिन्न खेलों में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया. अंतिम दिन केबीएसएस चौपारण में इनडोर गेम्स का आयोजन किया गया, जिसमें खिलाड़ियों ने जोरदार प्रदर्शन किया.

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 132 खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया है. ये खिलाड़ी अब अपने प्रखंड का प्रतिनिधित्व करते हुए जिले का नाम रोशन करेंगे. आयोजन के सफल संचालन में जनार्दन प्रसाद वर्मा, डॉ. प्रदीप कुमार साहू, सुरेंद्र कुमार दास, कमलेश कुमार कमल, राकेश कुमार, बदीउज्जमा, शशिकांत शर्मा, कैसर आलम, मृत्युंजय सिंह, विजय कुमार, सुबोध सिंह, निशु सिंह, संगीता कुमारी, गीता कुमारी, सूर्यकांत सिंह, किशन कुमार, दिलीप कुमार, प्रदीप सिंह, यमुना प्रसाद, सौरव सिंह, बिरेंद्र मौर्य, जगनारायण मिश्रा, बबलू राणा, गुलाब साव, अजय यादव, शशि भूषण, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद सईद, विष्णु नाथ रविदास, गिरधारी महतो, शशि कुमार, पवन कुमार, यशवंत राणा, दीपक भारती और रूपलाल सहित कई अन्य ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई.

### श्यामदेव कुमार यादव बने लोजपा के प्रखंड अध्यक्ष

**हंटरगंज (चतरा) ।** लोजपा (रामविलास) पार्टी ने डाहा पंचायत के ढेबो गांव निवासी श्यामदेव कुमार यादव को हंटरगंज प्रखंड अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है. उनकी नियुक्ति विधायक जनार्दन पासवान द्वारा की गई, जिन्होंने श्यामदेव को पार्टी के लिए समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता बताते हुए संगठनात्मक कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी. विधायक पासवान ने कहा कि श्यामदेव यादव ने लोजपा की विचारधारा को गांव-गांव तक पहुंचाने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है. उन्हें उम्मीद है कि श्यामदेव अब प्रखंड और जिला स्तर पर पार्टी की बैठकों में प्रभावी प्रतिनिधित्व करते हुए संगठन को और मजबूत बनाएंगे. नियुक्ति के बाद श्यामदेव कुमार यादव ने विधायक के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे पार्टी की नीति और सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

**आमसभा** जेएसएलपीएस की वार्षिक आमसभा का भव्य आयोजन संपन्न

# विधायक ने की सराहना, महिलाओं को किया सम्मानित

**शुभम संदेश । हंटरगंज (चतरा)**



झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) के संकुल स्तरीय वार्षिक आमसभा का आयोजन सोमवार को सिविल विद्यालय बारा परिसर में उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि चतरा विधायक जनार्दन पासवान ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि जेएसएलपीएस राज्य में ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक, सामाजिक और व्यक्तिगत विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि महिला स्वयं सहायता समूहों ने गांव-गांव में स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की अलख जगाई है, जो एक सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन का संकेत है। कार्यक्रम में पांडेपुरा क्लस्टर ने साल भर की आय-व्यय की विस्तृत जानकारी दी और पारदर्शिता के साथ वित्तीय प्रबंधन को सबके सामने प्रस्तुत किया। आमसभा में पांच पंचायतों - लेंजवा, गेरुआ, पांडेपुरा, गेंजना और औरु की लगभग 1000 महिला समूहों की अध्यक्ष, सचिव और सदस्य शामिल हुईं।

कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाली महिलाओं को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने महिला समूहों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इन प्रयासों से ग्रामीण महिलाएं न सिर्फ आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि समाज में नेतृत्वकारी भूमिका भी निभा रही हैं।

मौके पर जिला परिषद सदस्य निशी कुमारी, प्रतिनिधि बेचन पासवान, लेंजवा पंचायत के मुखिया योगेंद्र यादव, जेएसएलपीएस प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. दीपक कुमार, बीएपी अलका कुमारी, सीओ अंजली कुमारी, पीआरपी ज्योति कुमारी, सीसी विकेश कुमार, प्रकाश कुमार समेत अन्य अधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

कार्यक्रम में हजारों महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखी गई, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जेएसएलपीएस की जड़ें ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूती से स्थापित हो चुकी हैं। समापन पर सभी ने सामूहिक प्रयासों से महिला सशक्तिकरण को और गति देने का संकल्प लिया।

### घाघरा में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई की मांग, बीडीओ को सौंपा गया ज्ञापन

# जन समस्याओं के निराकरण व पारदर्शिता की मांग को लेकर गुस्से में ग्रामीण

शुभम संदेश ।गुमला

घाघरा प्रखंड में खुलेआम फैलते भ्रष्टाचार के विरुद्ध अब जनता का आक्रोश मुखर होता जा रहा है. इसी क्रम में भ्रष्टाचार विरोधी मंच द्वारा 1 सितंबर 2025 को प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को चार सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा गया. ज्ञापन में जनहित से जुड़ी समस्याओं के शीघ्र समाधान और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है.

उल्लेखनीय है कि 27 अगस्त 2025 को घाघरा में भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई थी. बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर प्रखंड स्तर पर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा. उसी निर्णय के तहत यह चार सूत्रीय मांग-पत्र बीडीओ को सौंपा गया. ज्ञापन में प्रमुख रूप से यूरिया की कालाबाजारी पर रोक लगाना और किसानों को सरकारी दर पर यूरिया उपलब्ध कराना शामिल है. इसके अलावा मनरेगा के तहत कराए गए वृक्षारोपण, कूप निर्माण तथा 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की जांच कराने की मांग की गई है. विशेषकर प्रत्येक पंचायत के एक गांव में इन योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जांच की आवश्यकता बताई गई है.



पेयजल टंकी की वर्तमान स्थिति, तथा रुकी, सरांगो, कोहीपाट और आदर पंचायत में शौचालय निर्माण में हुई अनियमितताओं की भी जांच कराने की मांग की गई है. ज्ञापन में देवाकी निवासी स्वर्गीय दूधेश्वर मिश्रा द्वारा ऑनलाइन रसीद के लिए दिए गए लंबित आवेदन और चपका के सुकरा उरांव द्वारा ईंट भट्ठा में मजदूरी के भुगतान से जुड़ी समस्या का भी उल्लेख किया गया है.

मांग-पत्र झारखंड नवनिर्माण दल के प्रखंड प्रभारी बसंत बड़ाईक और भ्रष्टाचार विरोधी मंच के प्रखंड समिति सदस्य संतु मिश्रा द्वारा सौंपा गया. उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा मांगों पर कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में आंदोलनात्मक रणनीति अपनाई जाएगी. आगामी रणनीति को लेकर 6 सितंबर 2025 को घाघरा हाई स्कूल मैदान के पास एक प्रखंड स्तरीय बैठक बुलाई गई है, जिसमें हर गांव से दो प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है. बैठक की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं. जनता अब भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुट होकर आवाज़ बुलंद करने को तैयार है.

### गुमला ब्रांच में एलआईसी का 69वां स्थापना दिवस मनाया गया

## सेवानिवृत्त कर्मियों को किया गया सम्मानित

शुभम संदेश ।गुमला

सोमवार को एलआईसी गुमला शाखा में भारतीय जीवन बीमा निगम का 69वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया. इस अवसर पर शाखा प्रबंधक त्रिलोकी चंद गोयल ने सेवानिवृत्त और वरिष्ठ बीमा कर्मियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया.

अपने संबोधन में शाखा प्रबंधक ने बताया कि एलआईसी की स्थापना एक सितंबर 1956 को निजी बीमा कंपनियों के राष्ट्रीयकरण के बाद हुई थी. यह भारत सरकार की स्वामित्व वाली देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी और प्रमुख निवेश संस्था है. उन्होंने बताया कि जमशेदपुर मंडल में गुमला ब्रांच ने हमेशा अग्रणी स्थान बनाए रखा है.

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एक सप्ताह तक बीमा सप्ताह मनाने की जानकारी दी गई, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे. इस अवसर पर एबीएम पिंटू कुमार, नंदलाल प्रधान, रुद्रोपम होता, सेत कुमार एक्का, बसंत कुमार, कुणाल कुमार साहु और उमेश चौधरी सहित अन्य अधिकारियों ने अपने विचार रखे. कार्यक्रम में मुकुट टोपनो, मेरी तिर्की, नेम्हास मिंज, जयराम बारला, माइकल सुरीन, शशि भूषण बेक, माधुरी कुल्लू, राजीव कुमार, रितेश प्रसाद, चक्रबाहु प्रसाद, मिथलेश प्रसाद, लक्ष्मी नारायण केसरी और सागर उरांव सहित कई कर्मी उपस्थित थे.

### करमा पूजा: भाई-बहन के स्नेह, धर्म रक्षा और का प्रतीक

**गुमला** । झारखंड सरकार के कुड़ुख़ भाषा एवं सांस्कृतिक पुनरुत्थान केंद्र के तत्वावधान में करम पखवाड़ा का समापन सह पूर्व संध्या समारोह सोमवार को बम्हनी, गुमला में धूमधाम से आयोजित हुआ. इस अवसर पर करमा पर्व के सांस्कृतिक, धार्मिक और पर्यावरणीय महत्व पर विस्तार से चर्चा की गई. कार्तिक उरांव कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. तेतरु उरांव ने करम पेड़ की उपयोगिता बताते हुए कहा कि यह पेड़ दिन-रात ऑक्सीजन देता है और हमें धर्म, पर्यावरण संरक्षण और भाई-बहन के स्नेह का संदेश देता है. उन्होंने कहा कि करमा डाली की पूजा इसी संरक्षण भावना से शुरू हुई थी. जितेश मिंज ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और धरोहर से जोड़ा जा सकता है. शिवनंदन उरांव ने करम गीत और लाल नृत्य की समृद्ध परंपरा को संजोने की बात कही, जबकि बुदु टोप्पो ने कहा कि हमारी भाषा और संस्कृति ही हमारी पहचान है, जिसे भूलना नहीं चाहिए.

### आज से हर रोज लगेगा कैंप

# अब हर पीडीएस दुकान पर बनेगा आयुष्मान कार्ड : डीसी

शुभम संदेश ।लोहरदगा

उपायुक्त डॉ. ताराचंद ने जिले के सभी जनवितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकानों पर आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र लाभुकों का आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया है. यह कैम्प 2 सितंबर से प्रतिदिन सुबह 10 बजे से लगाया जाएगा और तब तक जारी रहेगा जब तक सभी राशन कार्डधारी परिवारों को आयुष्मान योजना से आच्छादित नहीं कर दिया जाता.

डॉ. ताराचंद ने बताया कि जिन लाभुकों के पास राशन कार्ड है लेकिन अब तक उनका या उनके परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है, वे अब किसी अन्य केंद्र पर जाने की बजाय सीधे अपने नजदीकी पीडीएस दुकान पर जाकर कार्ड बनवा सकते हैं.



उपायुक्त ने अपील की कि सभी पात्र लाभुक शिविर में आवेदन के साथ राशन कार्ड व आधार कार्ड की छाया प्रति तथा मूल प्रति जरूर लेकर जाएं. आवेदनकर्ता का बायोमेट्रिक सत्यापन किया जाएगा, जिसके पश्चात वीएलई (CSC प्रतिनिधि) के माध्यम से आयुष्मान कार्ड जारी किया जाएगा.

डॉ. ताराचंद ने यह भी बताया कि जो लोग सितंबर माह का राशन लेने के लिए अपनी जनवितरण प्रणाली की दुकान पर जाएंगे, वे भी उसी दिन शिविर में उपस्थित होकर स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों का आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं.

शिविर से जुड़ी मुख्य बातें:
- स्थानः सभी पीडीएस दुकानों पर
- समयः प्रतिदिन सुबह 10 बजे से (2 सितंबर से शुरू)
- दस्तावेज़ः राशन कार्ड, आधार कार्ड (मूल व छाया प्रति)
- कार्ड जारी प्रक्रियाः बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद
- कार्ड बनवाने के लिए पात्रताः जिनके पास राशन कार्ड है लेकिन अभी आयुष्मान कार्ड नहीं बना है

इस पहल का उद्देश्य है कि कोई भी पात्र लाभुक आयुष्मान भारत योजना के स्वास्थ्य लाभों से वंचित न रहे. आयुष्मान कार्ड के माध्यम से प्रति परिवार सालाना ₹5 लाख तक का निशुल्क इलाज भारत सरकार की ओर से सुनिश्चित किया जाता है.

डॉ. ताराचंद ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और अपनी स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करें.

### जवानों में फिटनेस और अनुशासन जरूरी : श्रद्धा

**लोहरदगा** । बक्सीडीपा स्थित न्यू पुलिस लाइन मैदान में सोमवार की सुबह पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी के निर्देश पर विशेष मॉर्निंग परेड आयोजित की गई. इस मौके पर एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा एवं पुलिस लाइन के जीपी प्रभारी मौजूद थे. परेड में नव नियुक्त जवानों समेत अन्य पुलिसकर्मियों की फिटनेस और अनुशासन की गहन जांच की गई. अधिकारियों ने जवानों को परेड से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी और अनुशासन तथा तत्परता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया. एसडीपीओ श्रद्धा केरकेट्टा ने कहा कि पुलिस बल की असली ताकत उसका अनुशासन है, और हर जवान में यह गुण होना अनिवार्य है. उन्होंने बताया कि इस प्रकार की विशेष परेड समय-समय पर आयोजित की जाती है, जिसमें जवानों को फिटनेस, व्यावहारिक प्रशिक्षण और विभिन्न गतिविधियों से प्रशिक्षित किया जाता है. उन्होंने स्पष्ट किया कि रोजाना पुलिस लाइन में परेड होती है, लेकिन सोमवार की यह परेड विशेष रूप से जवानों की शारीरिक क्षमता और अनुशासन को मजबूत करने के लिए कराई गई. इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस जवानों में जिम्मेदारी और आत्मविश्वास बढ़ाना है ताकि वे अपने दायित्वों का निर्वाह बेहतर तरीके से कर सकें.

### अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मनाया गया 13वां स्थापना दिवस एवं करमा पर्व



शुभम संदेश ।लोहरदगा

अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन, टिको (कुरु, लोहरदगा) में तेरहवां स्थापना दिवस और करमा पर्व का भव्य आयोजन किया गया. बीएड और डीएलएड संकाय के प्रशिक्षुओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसमें करमा नृत्य और पारंपरिक गीतों ने माहौल को जीवंत कर दिया. कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के सचिव इन्द्रजीत भारती ने दीप प्रज्वलन कर किया. अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि अविराम कॉलेज ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, लेकिन अब भी कई ऐसे पिछड़े इलाके हैं जहां शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका की सुविधाएं नहीं पहुंची हैं. इन क्षेत्रों में अविराम को अपनी सामाजिक ज़िम्मेदारी निभाते हुए कार्य करना है. उन्होंने कहा कि अनुशासन और गुणवत्ता के मामले में कोई समझौता नहीं किया जाएगा.

सचिव भारती ने करमा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति से जुड़ा है और हमें इसकी रक्षा और संवर्धन के लिए संकल्पित होना चाहिए. साथ ही, अपनी सांस्कृतिक विरासत को संजोने और अगली पीढ़ी तक पहुंचाने की ज़रूरत पर भी बल दिया. कार्यक्रम में अमीषा, हर्षित, सुधा और उनके समूह द्वारा "करम खांडा भैया", "करम राजा", "झूमर", "करम करम कहले आयो" जैसे पारंपरिक गीतों पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं.

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. प्रतिमा, विभागाध्यक्ष जंगबहादुर, रेणुका, ममता, पंकज, अफताब, पवन, कुंदन, संदीप, आरती, डॉली, तबस्सुम, नेहा, चिनीबास और शशि सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन ममता, सोनाली और विक्रम ने किया.

### पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

# नौ महिलाओं से 2.93 लाख की ठगी, महिला गिरफ्तार, पति फरार

शुभम संदेश ।गुमला

गुमला जिले में पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है. गुमला थाना पुलिस ने इस मामले में बिहार के गया जिले की एक महिला सूर्यमंती कुमारी (30 वर्ष) को गिरफ्तार किया है, जो फर्जी नियुक्ति पत्र देकर ठगी की वारदात को अंजाम दे रही थी. इस ठगी में उसका पति पिंटू कुमार उर्फ अविनाश भी शामिल था, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है.

सूर्यमंती और उसके पति पर कुल 2.93 लाख रुपये की ठगी करने का आरोप है. मामले का खुलासा तब हुआ जब गुमला थाना क्षेत्र की रहने वाली कांति कुमारी ने दोनों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई. कांति कुमारी ने बताया कि तीन वर्ष पहले वह सिलाई प्रशिक्षण के लिए दिल्ली गई थी, जहां उसकी मुलाकात सूर्यमंती से हुई. धीरे-धीरे दोनों में बातचीत बढ़ी और सूर्यमंती ने बताया कि उसका पति पिंटू दिल्ली में पुलिस अधिकारी है.

संपर्क बढ़ने पर कांति की पिंटू से भी बातचीत हुई और वह उनके झांसे में आ गई. पिंटू ने कांति से गुमला एसपी कार्यालय में रसोइया एवं अन्य पदों पर नियुक्ति के नाम पर आठ-आठ हजार रुपये की मांग की. झांसे में आकर कांति ने अलग-अलग तारीखों में कुल 2.29 लाख रुपये पिंटू को दे दिए. यही नहीं, उसने अपने गांव की आठ अन्य महिलाओं से भी आठ-आठ हजार रुपये दिलवाए.



पिंटू ने सभी को नियुक्ति पत्र भी दिए, लेकिन जब कांति और अन्य महिलाएं ज्वाइनिंग के लिए पहुंचीं, तो पता चला कि दिए गए नियुक्ति पत्र पूरी तरह फर्जी हैं. ठगी का अहसास होने पर कांति ने गुमला थाना में सूर्यमंती कुमारी और उसके पति पिंटू के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई.

शिकायत के आधार पर गुमला पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर बिहार के गया जिले के मोहनपुर थाना अंतर्गत सिन्हुआर गांव से सूर्यमंती को गिरफ्तार कर लिया. उसे सोमवार को जेल भेज दिया गया है, जबकि उसका पति अब भी फरार है. पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है.

इस घटना से एक बार फिर यह संदेश स्पष्ट हो गया है कि नौकरी के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह सक्रिय हैं और भोली-भाली महिलाओं को अपना निशाना बना रहे हैं. पुलिस लोगों से अपील कर रही है कि किसी भी तरह के नौकरी प्रस्ताव पर बिना सत्यापन के विश्वास न करें और संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत जानकारी पुलिस को दें.

# खाद की कालाबाजारी पर प्रशासन की छापेमारी किसानों ने कार्रवाई को बताया दिखावा

शुभम संदेश ।चैनपुर (गुमला)

किसानों की समस्याओं को लेकर शुभम संदेश में प्रकाशित खबर का असर सोमवार को देखने को मिला, जब प्रशासन हरकत में आया और खाद दुकानों पर छापेमारी की गई. चैनपुर अनुमंडल पदाधिकारी पूर्णिमा कुमारी, एसडीपीओ ललित मीणा, सीओ दिनेश गुप्ता और थाना प्रभारी कृष्ण कुमार की संयुक्त टीम ने चैनपुर प्रखंड में खाद विक्रेताओं की दुकानों पर औचक निरीक्षण किया.

टीम ने दुकानों के स्टॉक रजिस्टर और लाइसेंस की जांच की, लेकिन मीडिया से दूरी बनाए रखी. पत्रकारों द्वारा सवाल पूछे जाने पर अधिकारियों ने विभागीय जांच लंबित होने का हवाला देते हुए कुछ भी स्पष्ट बताने से इनकार कर दिया.



**कालाबाजारी की आशंका गहराई** : सूत्रों के अनुसार, खाद विक्रेताओं पर आरोप है कि उन्हें मिलने वाला यूरिया छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में भेजा जा रहा है, जिससे चैनपुर के स्थानीय किसान खाद से वंचित हो रहे हैं. यह भी जानकारी सामने आई है कि प्रखंड के विभिन्न हिस्सों में कुछ अवैध गोदाम हैं जहां खाद का भंडारण किया गया है, पर इन गोदामों की कोई जांच नहीं हुई. किसानों से नहीं की बातचीत चौंकाने वाली बात यह रही कि पूरी कार्रवाई के दौरान किसी किसान से संवाद नहीं किया गया, जबकि इस संकट का सबसे बड़ा प्रभाव उन्हीं पर पड़ रहा है. किसानों का कहना है कि अगर अधिकारियों का उद्देश्य वास्तव में कालाबाजारी रोकना होता, तो वे अवैध गोदामों की जांच करते और किसानों की समस्याएं सुनते.

**अवैध दुकानों पर भी चुप्पी** : प्रखंड में कई बिना पंजीकरण वाली दुकानें भी खाद बेच रही हैं, जिन पर कोई वैधानिक कार्रवाई नहीं की गई. इससे किसानों में प्रशासन की नीयत को लेकर सवाल उठने लगे हैं.

**किसानों में आक्रोश और निराशा** : स्थानीय किसानों ने प्रशासन की कार्रवाई को सिर्फ दिखावा करार दिया है. उनका कहना है कि ₹जांच महज औपचारिकता बनकर रह गई है. जब तक अवैध गोदामों और बिना लाइसेंस वाले दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक कालाबाजारी पर रोक लगाना संभव नहीं.

किसानों को आशंका है कि यदि ऐसी आधी-अधूरी कार्रवाई होती रही, तो खाद की किल्लत और बढ़ेगी और उन्हें सही दाम पर खाद मिलना और मुश्किल हो जाएगा

### करमा पर्व मिलन समारोह हर्षोल्लास से संपन्न

**सिमडेगा** । नगर भवन सिमडेगा में करमा पर्व मिलन समारोह बड़े ही धार्मिक उत्साह और सांस्कृतिक धूमधाम के साथ संपन्न हुआ. इस आयोजन का प्रायोजन झारखंड सरकार के पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा किया गया, जबकि संचालन स्टार लाइट चैरिटेबल सोसाइटी, छिपादोहर, लातेहार के सहयोग से हुआ. समारोह में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी मुख्य अतिथि और उपायुक्त कंचन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं. अतिथियों का पारंपरिक स्वागत पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर किया गया. दीप प्रज्ज्वलन और फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया.सिमडेगा सरना समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत ने करमा पर्व की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे प्रकृति से जुड़ा पर्व बताया.

## एक नजर

### गुमला में एनजीटी आदेश की उड़ रही धज्जियां बेलगाम हो रहा बालू का अवैध कारोबार

**गुमला** ।झारखंड में 10 जून से 15 अक्टूबर तक राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) का आदेश लागू है, जिसके तहत मानसून के दौरान बालू खनन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है. इस आदेश का उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा और नदियों के क्षरण को रोकना है. लेकिन गुमला जिले में यह आदेश सिर्फ कागजों तक सीमित रह गया है. जमीनी हकीकत यह है कि जिले की मुख्य सड़कों – पालकोट रोड, सिसई रोड, लोहरदगा रोड, जशपुर रोड और शहर की गलियों में बालू लदे ट्रैक्टर धड़ल्ले से दौड़ते हैं. यहां तक कि सरकारी निर्माण कार्यों में भी खुलेआम बालू की आपूर्ति हो रही है. बालू माफिया इतने बेखौफ हैं कि पुलिस चौकियों के सामने से ट्रैक्टर निकाल ले जाते हैं, और उर्मी चौक पर तैनात पुलिसकर्मियों के सामने यह धंधा चलता रहता है.

### कांग्रेस की एकजुटता ही बड़ी ताकत : मुन्ना सिंह

**खूंटी** ।संगठन सृजन अभियान 2025 के तहत पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी और पर्यवेक्षक मुन्ना सिंह ने सोमवार को खूंटी जिले के तोरपा और कर्रा प्रखंडों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ महत्वपूर्ण बैठकें कीं. तोरपा में आयोजित बैठक में संगठन की मजबूती और जिला अध्यक्ष चयन पर विस्तार से चर्चा हुई. इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की सचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी ज़रीता लैटफ्लांग भी मौजूद थीं. मुन्ना सिंह ने कहा कि कांग्रेस परिवार की एकजुटता संगठन की सबसे बड़ी ताकत है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में सहायक होगी. इसके बाद कर्रा प्रखंड के संत जोसेफ कैथोलिक चर्च परिसर में भी प्रखंड अध्यक्ष अल्बर्ट तिग्गा की अध्यक्षता में संगठन सुदृढ़ीकरण को लेकर विचार-विमर्श किया गया.

### 1.6 किलो गांजा के साथ अरुण बैठा गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**गुमला** । थाना अंतर्गत टोटो बीट की पुलिस ने रविवार को मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पंसो गांव से अरुण बैठा को 1.6 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है. इस दौरान एक बाइक भी जब्त की गई है. एसडीपीओ सुरेश प्रसाद यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पंसो गांव में अरुण बैठा के घर पर मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री हो रही है. सूचना के आधार पर गुमला और टोटो थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने गांव में छापेमारी की. पुलिस को देखकर अरुण बैठा के घर के बाहर खड़ा एक युवक बाइक छोड़कर फरार हो गया. पुलिस ने अरुण बैठा के घर की तलाशी ली, जहां से 1.6 किलो गांजा बरामद हुआ. मौके से बरामद बाइक को भी जब्त कर लिया गया है.

### लोहरदगा में मोमिन कॉन्फ्रेंस की रणनीतिक बैठक संपन्न

**लोहरदगा** । मोमिन कॉन्फ्रेंस लोहरदगा जिला इकाई की एक महत्वपूर्ण रणनीतिक बैठक रविवार को हाजी जबारूल अंसारी के आवास पर आयोजित की गई. बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हाजी सिकंदर अंसारी ने की. बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी 14 सितंबर को सदर प्रखंड मुख्यालय स्थित नए नगर भवन में प्रस्तावित भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा और कार्य विभाजन था. इस बैठक में प्रदेश महासचिव मोजम्मिल अंसारी, प्रदेश उपाध्यक्ष सवारत हुसैन, प्रदेश सचिव हाजी जबारूल अंसारी, कार्यकारी अध्यक्ष जहुर अंसारी, युवा जिलाध्यक्ष ऐनुल अंसारी, नगर अध्यक्ष सेराज अंसारी सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे. सभी ने सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियों का आपसी समन्वय से बंटवारा किया.

### अंबेरा डीह पुल के पास ट्रक की टक्कर से तीन बाइक सवार घायल

**गुमला** ।पालकोट मुख्य मार्ग पर स्थित अंबेरा डीह पुल के पास रविवार रात करीब 8:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों की पहचान तेलगांव निवासी पीटर एक्का, जय मंगल लोहरा और गढ़सारू निवासी उपेंद्र सिंह के रूप में हुई है. प्राप्त जानकारी के अनुसार, तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार होकर पालकोट प्रखंड के बुजी टोली गांव में फुटबॉल टूर्नामेंट खेलने गए थे और वहीं से अपने घर लौट रहे थे. इसी दौरान अम्बेरा डीह पुल के पास सामने से आ रहे ट्रक ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी. हादसे में उपेंद्र सिंह के चेहरे पर गंभीर चोट आई है, जबकि पीटर एक्का और जय मंगल लोहरा के शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं. दुर्घटना के बाद ट्रक मौके से फरार हो गया और पालकोट की ओर तेज गति से निकल गया. तीनों घायलों का इलाज गुमला सदर अस्पताल में चल रहा है. पुलिस घटना की जांच में जुट गई है और फरार ट्रक की तलाश की जा रही है.

### छात्रा को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, मौके पर हुई मौत

**सिमडेगा** । मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टैंसेरा मोड़ के पास सोमवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10वीं की छात्रा माही कुमारी की मौत हो गई, जबकि उसकी बड़ी बहन शिवानी घायल हो गई. दोनों बहनें साइकिल से श्रद्धानंद प्लस टू स्कूल, टैंसेरा जा रही थीं, तभी एक तेज रफ्तार बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों छात्राएं सड़क पर दूर जा गिरीं. घटना में माही की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि शिवानी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है. हादसे की सूचना पर जिला शिक्षा अधीक्षक और पुलिस टीम अस्पताल पहुंची. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. छोटी बच्ची की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. अस्पताल में बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन जमा हो गए.

### ऑटो पलटने से आंगनबाड़ी सेविका गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर (गुमला)** । जारी बाजार से घर लौटते समय एक दर्दनाक सड़क हादसे में आंगनबाड़ी सेविका सुनीता किंडो गंभीर रूप से घायल हो गईं. वह बुम तेल की ओर जा रही थीं कि रास्ते में अचानक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया. हादसे में उन्हें कई गंभीर चोटें आईं. घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने घायल सुनीता को उठाकर चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. हालांकि अस्पताल में डॉक्टर की अनुपस्थिति के कारण मौजूद एएनएम द्वारा उन्हें प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया. घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई. बताया गया कि सुनीता किंडो, पति स्वर्गीय अशिशन किंडो, लंबे समय से आंगनबाड़ी सेविका के रूप में कार्यरत हैं. हादसे की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण अस्पताल पहुंचे. इस दुर्घटना ने एक बार फिर ग्रामीण इलाकों में असुरक्षित सार्वजनिक परिवहन और स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरियों को उजागर किया है. वहीं पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ऑटो चालक की तलाश की जा रही है. स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़कों की स्थिति सुधारने और बेहतर चिकित्सा सुविधा की मांग की है.

### चैनपुर में सड़क हादसे में तीन लोग घायल

**चैनपुर (गुमला)** । थाना क्षेत्र में सोमवार को दो अलग-अलग सड़क हादसों में तीन लोग घायल हो गए, जिनमें एक स्कूली बच्चा भी शामिल है. पहली घटना रामपुर डिपा के पास घटी, जहां थानाडड़गांव निवासी लुईस कुजूर (52) और बयातोर कुजूर (62) चैनपुर प्रखंड कार्यालय मीटिंग में जा रहे थे. तभी विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों सवार आम के पेड़ से जा टकराए और गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई. दूसरी घटना में बरवे मिडिल स्कूल का एक छात्र स्कूल से घर लौटते समय तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आ गया. हादसे में बच्चे का पैर टूट गया. उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया.

### पीएमश्री उच्च विद्यालय जिंगी को राज्य स्तरीय स्वर्ण पदक

**कुड़ू/लोहरदगा** ।झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा आयोजित विद्यालय प्रमाणीकरण के प्रथम चरण में कुड़ू प्रखंड स्थित पीएमश्री उच्च विद्यालय जिंगी को राज्य स्तरीय स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया है. राज्य भर से केवल 49 विद्यालयों का चयन इस सम्मान के लिए किया गया, जिसमें जिंगी विद्यालय की सफलता पूरे प्रखंड के लिए गर्व का विषय है. विद्यालय की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति ने अध्यक्ष कंचन राम के नेतृत्व में विद्यालय पहुंचकर प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी को अंगवस्त्र देकर एवं शिक्षकों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया. समिति अध्यक्ष ने शिक्षकों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि यही प्रयास विद्यालय को स्वर्ण पदक तक ले गया. इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने समिति के सहयोग के लिए आभार जताया और भरोसा दिलाया कि भविष्य में विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करेगा.

**मंथन**

## उच्च शिक्षा में गुणवत्ता और प्रोत्साहन का नया अध्याय

झारखंड सरकार द्वारा शुरू की गई उच्चतर शिक्षा पुरस्कार योजना नई दिशा देने वाला कदम है. यह योजना उन शिक्षकों, छात्रों, प्रशासकों और संस्थानों को सम्मानित करेगी जिन्होंने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है. पुरस्कार राशि एक लाख से लेकर आठ लाख रुपये तक तय की गई है, साथ ही प्रमाण पत्र और स्मारिका भी दी जाएगी. योजना के तहत कुल नौ श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे. इनमें मुख्यमंत्री पुरस्कार विशेष रूप से उल्लेखनीय है, जो आजीवन योगदान करने वालों को आठ लाख रुपये के साथ सम्मानित करेगा. इसी तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचार, पर्यावरणीय व सामाजिक उत्तरदायित्व और शासन-व्यवस्था में सुधार करने वालों को भी पुरस्कृत किया जाएगा. पुरस्कार वितरण और संचालन पर सरकार कई करोड़ रुपये खर्च करेगी। यदि यह निवेश पारदर्शिता और निष्पक्षता से उपयोग में लाया गया, तो निश्चित रूप से राज्य के शैक्षणिक वातावरण में सकारात्मक बदलाव आएगा. झारखंड जैसे राज्य में, जहां उच्च शिक्षा हमेशा संसाधनों और गुणवत्ता की चुनौतियों से जूझती रही है, यह योजना नई ऊर्जा का संचार कर सकती है. प्रतिस्पर्धा और नवाचार की भावना बढ़ाने के साथ-साथ यह पहल शिक्षकों व छात्रों को अपने कार्य के प्रति और अधिक गंभीर बनाएगी. सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इससे राज्य की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर मिलेगा. इसलिए इस योजना को केवल सम्मान का माध्यम नहीं, बल्कि उच्च शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की ठोस रणनीति के रूप में देखा जाना चाहिए.

**नजरिया**

## मतदाता सूची पर उठे सवाल लोकतंत्र के लिए बड़ी चुनौती

बिहार में एसआईआर अभियान के तहत जारी ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से करीब 65 लाख नामों का हटना न केवल प्रशासनिक सवाल खड़ा करता है, बल्कि लोकतंत्र की बुनियाद पर भी चोट करता है. मतदाता सूची किसी भी चुनावी प्रक्रिया की रीढ़ होती है. यदि इसमें पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर संदेह हो, तो चुनाव की निष्पक्षता पर सवाल उठना स्वाभाविक है. कांग्रेस और इंडिया गठबंधन का आरोप है कि यह नाम कटौती सुनियोजित तरीके से की गई है. कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा रखे गए आंकड़े चौंकाने वाले हैं-20 हजार बूथों से सौ-सौ नाम और 2 हजार बूथों से दो सौ से अधिक नाम हटाए गए. सबसे गंभीर दावा यह है कि 7,613 बूथों पर 70% महिलाओं के नाम गायब कर दिए गए हैं. यदि यह तथ्य सही है तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है. चुनाव आयोग को चाहिए कि इन दावों की निष्पक्ष जांच कराए और मतदाता सूची की विश्वसनीयता बहाल करे. लोकतंत्र की मजबूती तभी संभव है जब हर नागरिक को अपने मताधिकार का स्वतंत्र रूप से प्रयोग करने का अवसर मिले. यह मामला केवल विपक्ष या सत्ता पक्ष का नहीं, बल्कि आम मतदाता के अधिकारों का है. पारदर्शिता और विश्वास के बिना लोकतंत्र का आधार कमजोर हो जाएगा. दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति यह है कि इस मुद्दे पर केंद्र में सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए को कोई आपत्ति नहीं है. इससे संदेह और भी बढ़ जाता है.

# नए क्षितिज पर भारत और जापान के संबंध

अरविंद जयतिलक



**भारत और जापान के बीच हुए कई समझौते दोनों देशों की दोस्ती की मिसाल हैं.**

**भारत और जापान की दोस्ती 1400 साल पुरानी है. अब भी ये नई इबारत लिख रहे हैं. वार्षिक सम्मेलनों के जरिए दोनों देश हर बार प्रगति के नए बीज रोप रहे हैं, जिससे निकलने वाली कोपलों ने दोनों के रिश्तों को एक नया क्षितिज प्रदान किया है.**

अमेरिका के साथ टैरिफ और ट्रेड डील के बीच बेहद असहज माहौल में पीएम नरेंद्र मोदी की जापान यात्रा ने दोनों देशों के संबंधों को मिठास से भर दिया. पीएम नरेंद्र मोदी और जापानी पीएम इशिबा के नेतृत्व में दोनों देशों ने कई अहम समझौते पर दस्तखत किए हैं. क्लीन हाइड्रोजन और अमोनिया पर शोध करने की हामी के साथ वेस्ट वाटर मैनेजमेंट, पर्यावरण, प्रदूषण नियंत्रण,जलवायु परिवर्तन समेत कई मसलों पर दोनों देशों ने प्रतिबद्धता जताई है.
दोनों देशों के बीच चंद्रयान-5 मिशन को लेकर भी रोडमैप तैयार है जिसके तहत दोनों देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां मसलन भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और जापान की जाक्सा मिलकर दक्षिणी ध्रुव का अध्ययन करेंगी. यह दोनों देशों के लिए अंतरिक्ष में प्रगति का बड़ा कदम होगा.
अमेरिका द्वारा भारत पर 50% टैरिफ थोपने के बीच जापान द्वारा भारत को अगले 10 सालों में 10 ट्रिलियन येन अर्थात 6 लाख करोड़ रुपए का भारी-भरकम निवेश भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए वरदान साबित होगा. दोनों देशों के बीच अगले दशक में छोटे और मध्यम इंटरप्राइजेज के अलावा स्टार्टअप को जोड़ने पर भी सहमति बनी है. दोनों देशों के बीच तकरीबन 5 लाख लोगों का आदान-प्रदान होगा जो एकदूसरे की प्रगति का हिस्सेदार बनेंगे. इसके तहत 50 हजार स्किल्ड और सेमी स्किल्ड लोग जापान जाएंगे और वहां की आर्थिक व सांस्कृतिक प्रगति का संवाहक बनेंगे.
पीएम मोदी ने जापान-इकोनॉमिक फोरम के मंच से विश्व को संदेश दिया कि भारत निवेश के लिए सबसे सुरक्षित जगह है जहां पूंजी बढ़ती ही नहीं बल्कि कई गुना अधिक हो जाती है. मोदी ने कहा कि 80% कंपनियां भारत में विस्तार करना चाहती है और 75% पहले से ही मुनाफे में हैं. पीएम मोदी की जापान यात्रा से दोनों देशों की आर्थिक प्रगति का एक और नया द्वारा खुलेगा जिससे दोनों देश लाभान्वित होंगे. दृष्टि दौड़ाएं तो पिछले दो वर्षों में जापानी कंपनियों ने भारत के साथ लगभग दो सैकड़ा एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं. इसके तहत सुजुकी मोटर गुजरात में अपना विस्तार करने के लिए तकरीबन चालीन हजार करोड़ रुपए निवेश कर रही है. इसी तरह निप्पॅन स्टील भी गुजरात और आंध्रप्रदेश में सात हजार करोड़ रुपए निवेश कर रही है. टोयोटा किर्लोस्कर कर्नाटक और महाराष्ट्र में लगभग 23 हजार करोड़ रुपए खर्च कर रही है. कई रियल एस्टेट और स्टील कंपनियां भारतीय शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में हजारों करोड़ रुपए निवेश करने जा रही हैं. वित्त वर्ष 2024 के दौरान भारत के साथ जापान का द्विपक्षीय व्यापार कुल 22.85 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा.
जापान से भारत को निर्यात 17.69 बिलियन अमेरिकी डॉलर और आयात 5.15 बिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ. अर्थात भारत को जापान का निर्यात भारत के कुल आयात का 2.62% और जापान को भारत का निर्यात भारत के कुल निर्यात का 1.18%था. जापान भारत का सिर्फ आर्थिक कारोबार तक सीमित साझीदार वाला मित्र नहीं है. बल्कि वह भारत का रणनीतिक-सामरिक साझीदार मित्र भी है. याद होगा गत वर्ष पहले डोकलाम विवाद पर जापान ने खुले तौर पर भारत का पक्ष लेते हुए कहा था कि चीन डोकलाम की वास्तविक स्थिति को बदलने की कोशिश कर रहा है, जो कि गलत है. ध्यान दें तो कुछ वर्षों के दरम्यान भारत एवं जापान के बीच रक्षा-सुरक्षा रणनीतिक समझौता बेहद मजबूत हुआ है.
जापान भारत के साथ एटमी करार को आकार दे चुका है. भारत ऐसा पहला देश है जिसने एनपीटी (परमाणु हथियार अप्रसार संधि) पर हस्ताक्षर नहीं किया है, इसके बावजूद भी जापान ने उसके साथ समझौता किया है. भारत द्वारा कालेधन के विरुद्ध छेड़े गए वैश्विक अभियान में सहयोग करते हुए जापान द्वारा दोहरा कराधान बचाव संधि (डीटीएए) में संशोधन का भी समर्थन किया जा चुका है. इसके अलावा दोनों देशों के बीच साझा विजन डॉक्यूमेंट 2025 के अंतर्गत कई अहम समझौते हुए हैं.

जापान द्वारा भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए सवा तीन अरब के स्पेशल फंड बनाने का वादा किया जा चुका है. जापान का भारत की रेल परियोजनाओं में भी जबरदस्त दिलचस्पी है. यहां गौर करने वाली बात यह भी है कि दोनों देशों की दोस्ती अर्थव्यवस्था, निवेश व विकास को गति देने तक ही सीमित नहीं है बल्कि मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में यह दोस्ती कुटनीतिक व भू-रणनीतिक संदर्भों को भी समेटे हुए है. कुटनीतिक पहलू पर नजर डालें तो भारत और जापान के साथ आने से भारत की पूर्वोन्मुख नीति को नई धार मिली है. शीतयुद्ध की समाप्ति के बाद से ही भारत की पूर्वोन्मुख नीति उसकी विदेशनीति की महत्वपूर्ण आधार रही है. कहा भी जाता है कि भारत का श्रम और बुद्धि बल तथा जापान की पूंजी और तकनीकी मिलकर दक्षिण एशिया में शांति और समृद्धि का वातावरण निर्मित कर सकती है.
भारत और जापान के संबंधों की पड़ताल करें तो दोनों देशों का सभ्यतागत संबंध 1400 साल पुराना है. जापानी ओडीए भारत के त्वरित आर्थिक विकास प्रयत्नों विशेषकर उर्जा, पारगमन, पर्यावरण और मानवीय जरुरतों के जुड़ी परियोजनाओं को सहायता प्रदान करता है. भारत की सभी मेट्रो रेल परियोजनाएं भी जापानी आधिकारिक विकास सहायता की ही घटक हैं. जापान भारत के दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा में भी भागीदार है. यह गलियारा 90 अरब डॉलर की एक वृहत आधारिक संरचना परियोजना है जो जापान के वित्तीय और तकनीकी सहयोग से फलीभूत हो रहा है. दिसंबर 2006 में इस परियोजना के एमओयू पर दोनों देशों ने हस्ताक्षर किया. 2011 में इस परियोजना के क्रियान्वयन हेतु मंत्रिमंडल ने दिल्ली-मुंबई औद्योगिक गलियारा विकास निगम ने 18500 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की. इस पर काम तेजी से हो रहा है. दोनों देश दोस्ती की नई इबारत लिख रहे हैं. वार्षिक सम्मेलनों के जरिए दोनों देश हर बार प्रगति के नए बीज रोप रहे हैं जिससे निकलने वाली कोपलों ने दोनों देशों के रिश्ते को एक नया क्षितिज प्रदान किया है.

## आज का इतिहास


1573 : अकबर ने युद्ध में विजय हासिल की और गुजरात पर कब्जा किया. इस जीत की खुशी में बुलंद दरवाजा बनवाया गया.
1806 : भूस्खलन से स्विटजरलैंड का शहर बर्बाद हो गया था. 457 लोगों की मौत हो गई थी.
1930 : यूरोप से अमेरिका के लिए पहली सीधी उड़ान भरी.
1945 : जापान द्वारा सरेंडर करने के बाद छह साल तक चला दूसरा विश्व युद्ध समाप्त हुआ.
1946 : जवाहर लाल नेहरू के उप सभापतित्व में अंतरिम भारत सरकार का गठन हुआ था.
1956 : हैदराबाद से सौ किमी दूर जडचेराला और महबूब नगर के बीच एक पुल गिरने से 125 लोगों की मौत हो गई थी.
1969 : अमेरिका के न्यूयॉर्क में पहली ऑटोमैटिक टैलर मशीन (एटीएम.) को पेश किया गया था.
1990 : काला सागर में सोवियत यात्री जहाज के डूबने से 79 यात्रियों की मौत हो गई थी.

## समस्या का निदान तुरंत करें, वरना देर हो जाएगी

**चिंतन**


एक लड़का रोज पिता के साथ पास की पहाड़ी पर सैर को जाता था. एक दिन लड़के ने कहा,पिताजी चलिए हम दौड़ लगाते हैं,जो पहले चोटी पर लगी उस झंडी को छू लेगा वो रेस जीत जाएगा. पिताजी तैयार हो गए. दूरी काफी थी, दोनों ने धीरे-धीरे दौड़ना शुरू किया. कुछ देर दौड़ने के बाद पिताजी रुक गए.
क्या हुआ पापा, आप रुक क्यों गए, आपने हार मान ली क्या? लड़का बोला. नहीं-नहीं, मेरे जूते में कंकड़ आ गए हैं, बस उन्ही को निकालने के लिए रुका हूं. पिताजी बोले. लड़का बोला, अरे, कंकड़ तो मेरे भी जूतों में पड़े हैं, पर मैं रुक गया तो हार जाऊंगा. ये कह कर वह तेजी से आगे भागा. पिताजी भी कंकड़ निकाल कर आगे बढे, लड़का बहुत आगे निकल चुका था, पर अब उसे दर्द का एहसास हो रहा था, और उसकी गति भी घट गई थी. धीरे-धीरे पिताजी भी उसके करीब आने लगे थे.
लड़के के पैरों में तकलीफ देख पिताजी चिल्लाए, तुम भी अपने कंकड़ निकाल लो.मेरे पास इसके लिए टाइम नहीं. लड़का बोला और दौड़ता रहा. कुछ ही देर में पिताजी उससे आगे निकल गए. लड़का चीखा,पापा,अब मैं नहीं दौड़ सकता. पिता वापस आए और बेटे के जूते खोले, देखा तो पांव से खून निकल रहा था. उसे घर ले गए और मरहम-पट्टी की. बेटे, मैंने कहा था न कि पहले अपने कंकड़ों को निकाल लो फिर दौड़ो. मैंने सोचा मैं रुकूंगा तो हार जाऊंगा. बेटा बोला. ऐसा नही है बेटा, अगर हमारी लाइफ में कोई प्रॉब्लम आती है तो हमे उसे ये कह कर टालना नहीं चाहिए कि अभी हमारे पास समय नहीं है. दरअसल होता क्या है, जब हम किसी समस्या की अनदेखी करते हैं तो वो धीरे-धीरे और बड़ी होती जाती है और अंततः हमें जितना नुकसान पहुंचा सकती थी उससे अधिक क्षति पहुंचा देती है.
दोस्तों, हमारी जिदंगी ऐसे तमाम कंकडों से भरी हुई है, कभी हम अपने धन को लेकर परेशान होते हैं तो कभी हमारे रिश्ते खराब हो जाते हैं. हम एक सॉरी से समस्या दूर कर सकते थे वो टूटने की कगार पर आ जाते हैं. समस्याओं को तभी समझिए जब वो छोटी हैं वरना अधिक देरी करने पर वे उन कंकड़ों की तरह आपका भी खून बहा सकती हैं.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग



1. Brahmins
2. #SCOSummit
3. #महा_परोपकार_माह
4. #30YearsSinceCBNbecameCM
5. Saint Dr MSG Insan
6. Navarro
7. #InnerPeace
8. Putin
9. #GodMorningMonday
10. सिंह यादव

# बहुरंग



## अनुपम खेर ने लालबाग के राजा का किया दर्शन

देशभर में श्रद्धा और उल्लास के साथ गणेशोत्सव की धूम देखने को मिल रही है. भक्तजन हर शहर और कस्बे में अपने-अपने तरीके से गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना में लीन हैं. इस अवसर पर हर घर, मंदिर और सार्वजनिक स्थान पर सजावट और भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है. गणेश चतुर्थी के मौके पर मुंबई के प्रसिद्ध लालबागचा राजा के दर्शन करने वालों की भीड़ हर साल की तरह इस बार भी उमड़ी हुई है. 01 सितंबर को बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने लालबागचा राजा के दर्शन किए और इस दौरान उनकी भक्ति साफ झलक रही थी. अनुपम खेर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें वह भगवान गणेश के समक्ष हाथ जोड़कर आशीर्वाद लेते हुए नजर आए. अपनी पोस्ट में अनुपम खेर ने लिखा, आज लालबाग के राजा के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ. बिना किसी वीआईपी इंतजाम के गया था. यह अनुभव अलग था, क्योंकि वहां भक्तों का प्यार और आयोजकों की दया भावना हर जगह देखने को मिली. लाखों लोग आते हैं, फिर भी कमाल का अनुशासन और व्यवस्थापन देखकर गर्व महसूस हुआ. भक्तजनों की गणपति के प्रतिभावनाएं वास्तव में अटूट हैं. इससे पहले इस वर्ष अन्य बॉलीवुड सितारों जैसे सनी लियोनी, सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर ने भी लालबागचा राजा के दर्शन कर भगवान गणेश का आशीर्वाद लिया था. अनुपम खेर की यह भक्ति और सादगी दर्शाती है कि पर्व के असली मायने केवल दिखावे या विशेष सुविधाओं में नहीं, बल्कि भक्तों की ईमानदार श्रद्धा में हैं. लालबागचा राजा में भक्तों की भीड़, आयोजन कर्ताओं की कुशल व्यवस्था और हरियाली से सजे पंडाल ने गणेशोत्सव की गरिमा और भी बढ़ा दी है. इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भावनाओं और भक्ति की झलक हर तस्वीर और हर वीडियो में साफ देखने को मिल रही है.

## बेटी आराध्या के साथ गणपति बप्पा के दर्शन करने पहुंचीं ऐश्वर्या राय




बॉलीवुड की खूबसूरत अदाकारा ऐश्वर्या राय बच्चन हर साल गणेशोत्सव के अवसर पर मुंबई के सबसे प्रसिद्ध और भव्य पंडालों में से एक गौड़ सारस्वत ब्राह्मण (जीएसबी) गणपति पंडाल में बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचती हैं. इस साल भी ऐश्वर्या ने अपनी परंपरा को निभाते हुए यहां हाजिरी लगाई. खास बात यह रही कि इस बार उनके साथ उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी मौजूद थीं. मां-बेटी की यह जोड़ी गणपति बप्पा के चरणों में मत्था टेकती और आशीर्वाद प्राप्त करती नजर आईं. सोशल मीडिया पर ऐश्वर्या और आराध्या का एक खूबसूरत वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. इसमें दोनों भक्ति भाव में लीन होकर भगवान गणेश के दर्शन करती दिख रही हैं. ऐश्वर्या जहां हमेशा की तरह पारंपरिक परिधान में बेहद सुंदर लग रही थीं, वहीं आराध्या भी ट्रेडिशनल लुक में सबका दिल जीतती नजर आईं. दोनों ने बड़े ही सादगीपूर्ण अंदाज में पूजा-अर्चना की और भक्तिभाव से बप्पा को प्रणाम किया. पंडाल में मौजूद श्रद्धालुओं का ध्यान इस मां-बेटी की जोड़ी ने अपनी ओर खींच लिया. जैसे ही ऐश्वर्या और आराध्या पंडाल में दाखिल हुईं, लोगों ने उनका से स्वागत किया. बाहर खड़े फैंस भी उनकी एक झलक पाने को बेताब नजर आए. भीड़ में मौजूद कई लोग उनके साथ सेल्फी लेने और तस्वीर खिंचवाने के लिए उमड़ पड़े. पंडाल में प्रवेश से पहले ऐश्वर्या और आराध्या ने न सिर्फ प्रशंसकों से मुलाकात की बल्कि उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं. दोनों ने मुस्कुराते हुए फैंस का अभिवादन किया, जिससे वहां का माहौल और भी खास बन गया. हालांकि इस मौके पर अभिषेक बच्चन ऐश्वर्या और आराध्या के साथ नजर नहीं आए. फिर भी मां-बेटी की मौजूदगी ने पंडाल की रौनक बढ़ा दी. ऐश्वर्या राय बच्चन और आराध्या हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धा और भक्ति के साथ बप्पा के दरबार में पहुंचीं और गणेशोत्सव की भव्यता का हिस्सा बनीं.

## भूतिया अंदाज में दिखे मनोज बाजपेयी, शुरू हो गई 'पुलिस स्टेशन में भूत' की शूटिंग

अभिनेता मनोज बाजपेयी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'पुलिस स्टेशन में भूत' को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं. इस फिल्म का निर्देशन कोई और नहीं बल्कि बॉलीवुड के मशहूर फिल्मकार राम गोपाल वर्मा कर रहे हैं, जिनके साथ मनोज बाजपेयी ने इससे पहले कई यादगार फिल्मों में काम किया है. 'सत्या', 'शूल' और 'कौन' जैसी क्लासिक फिल्मों के बाद अब दोनों लगभग तीन दशक बाद फिर से एक साथ आए हैं. यही वजह है कि इस फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. फिल्म से मनोज बाजपेयी का पहला लुक हाल ही में सामने आया है, जिसने हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है. तस्वीर में मनोज पुलिस की वर्दी पहने हुए दिखाई दे रहे हैं. उनके हाथ में एक खून से सनी हुई डरावनी गुड़िया है और उनका चेहरा बेहद गंभीर और रहस्यमय भाव लिए हुए है. यह लुक फिल्म की कहानी के हॉरर और कॉमेडी से भरपूर माहौल की झलक देता है. मनोज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फिल्म की शूटिंग शुरू होने की जानकारी शेयर की. उन्होंने लिखा, शूटिंग शुरू. 'सत्या' से लेकर अब तक... कुछ सफर पूरे होने के लिए ही बने होते हैं. लगभग तीन दशक बाद राम गोपाल वर्मा के साथ हमारी नई हॉरर कॉमेडी 'पुलिस स्टेशन में भूत' के लिए फिर से जुड़कर बहुत खुश हूं. यह मेरे लिए बेहद खास है. फिल्म की शूटिंग फिलहाल हैदराबाद में चल रही है और टीम ने जोर-शोर से काम शुरू कर दिया है. खास बात यह है कि इस फिल्म में मनोज बाजपेयी के साथ जेनेलिया डिसूजा और कॉमेडी के बादशाह राजपाल यादव भी नजर आने वाले हैं. जेनेलिया लंबे वक्त बाद पर्दे पर वापसी कर रही हैं, वहीं राजपाल यादव की मौजूदगी फिल्म के हास्य तत्व को और भी मजबूत बनाने वाली है.

## बॉक्स ऑफिस पर 'परम सुंदरी' का जलवा जारी, पहले दिन 7.25 करोड़ रुपये कमाए

सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर स्टारर 'परम सुंदरी' 29 अगस्त को बड़े पर्दे पर रिलीज़ हुई थी. फिल्म को जहां समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, वहीं दर्शकों ने पहली बार सिद्धार्थ और जाह्नवी की जोड़ी को खूब सराहा. ओपनिंग डे पर



भले ही फिल्म ने उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन वीकेंड तक आते-आते इसने बॉक्स ऑफिस पर शानदार उछाल मारी. अब तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं. बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के अनुसार 'परम सुंदरी' ने रिलीज़ के तीसरे दिन यानी रविवार को 10.25 करोड़ रुपये की कमाई की. फिल्म ने पहले दिन 7.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया था, जबकि दूसरे दिन इसका कलेक्शन बढ़कर 9.25 करोड़ रुपये तक पहुंच गया. इस तरह तीन दिनों में फिल्म की कुल कमाई 26.75 करोड़ रुपये हो गई है. रिपोर्ट्स के मुताबिक, 'परम सुंदरी' लगभग 45 करोड़ रुपये के बजट में बनी है. 'परम सुंदरी' का निर्देशन तुषार जलोटा ने किया है. फिल्म में सिद्धार्थ मल्होत्रा और जाह्नवी कपूर के साथ रेन्जी पणिक्कर, सिद्धार्थ शंकर, मनजोत सिंह, संजय कपूर और इनायत वर्मा जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे. कहानी में सिद्धार्थ दिल्ली के एक कारोबारी की भूमिका निभा रहे हैं, जबकि जाह्नवी एक केरल की कलाकार का किरदार निभा रही हैं. फिल्म की पूरी कथा इन्हीं दोनों के इर्द-गिर्द घूमती है और उनकी अनोखी प्रेम कहानी को दर्शाती है.

## राशिफल



आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें. वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा. किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव. सुख आरोग्य प्रभावित होगा. शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे. आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी. किसी नजदीकी शुभचिंतक सलाह उपयोगी सिद्घ होगी. शुभांक-5-6-7

**वृष :** नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी. बुद्घि, बल व पराक्रम सफल होगा. संतोष रखने से सफलता मिलेगी. व्यापार में वृद्घि व उत्तम लाभ मिलेगा. मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा. आत्मचिंतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पुरुषार्थ का सहारा लें. यात्रा का योग बनेगा. विद्यार्थियों को लाभ. शुभांक-5-7-8

**मिथुन :** दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा. शिक्षा में परेशानी आ सकती है. स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान रहें. व्यापार में वृद्घि होगी. नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा. शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे. पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी. कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा. स्वविवेक से कार्य कर. शुभांक-4-6-7

**कर्क :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी. कामकाज की अधिकता रहेगी. शुभांक-4-6-7

**सिंह :** प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे. मनोरथ सिद्घि का योग है. सभा-गोष्ठियों में सम्मान मिलेगा. प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे. कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आनन्ददायक दिन रहेगा. आमोद-प्रमोद का दिन होगा. व्यावसायिक प्रगति भी होगी. शुभांक-6-7-9

**कन्या :** स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी. ज्ञान-विज्ञान की वृद्घि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा. कुछ कार्य भी सिद्घ होंगे. व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा जाए तो अच्छा है. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे. उन्नति के याग हैं. शुभांक-4-5-7

**तुला :** नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी. कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. जो चल रहा हैं उसे सावधानीपूर्वक संभालें. शुभांक-7-8-9

**वृश्चिक :** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है. आवास, मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी. कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है. मान-सम्मान में वृद्घि होगी. अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें. रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी. शुभांक-4-6-8

**धनु :** कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा. यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी. नियोजित धन से लाभ होने लगेगा. घर वाले मदद करेंगे. शुभांक-5-7-9

**मकर :** बचते-बचते कलह विवाद का डर रहेगा. हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी. अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा. कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दे शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी. व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है. शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा. कामकाज की अधिकता रहेगी. लाभ भी होगा और पुराने मित्रों से समागम. व्यवसायिक अभ्युदय होगा और प्रसन्नताएं बढ़ेगी. ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा. धार्मिक यात्रा का योग हैं. शुभांक-5-6-7

**मीन :** धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी. लाभ में आशातीत वृद्घि तय है मगर नकारात्मक रुख न अपनाएं. किसी पुराने संकल्प को पुरा कर लेने का दिन हैं. 'आगे-आगे गौरख जागे' वाली कहावत चरितार्थ होगी. निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा. इच्छित कार्य सफल होंगे. शुभांक-4-6-8

शुभम संदेश
रांची, मंगलवार 02 सितंबर, 2025



# सूरजमुखी की चमक







## भूमि का चुनाव

सूरजमुखी की फसल हर प्रकार की मिट्टी में उगाई जा सकती है, जहां पर पानी निकास का अच्छा प्रबंध हो।

## प्रमुख किस्में

सूरजमुखी की एक मात्र किस्म मार्डन बहुत लोकप्रिय है परंतु अब कई संकर किस्में भी उपलब्ध हैं जैसे बीएचएस-1, केबीएसएस-1, ज्वालामुखी, एमएसएफएच-17, सूर्या आदि।

## बुवाई का समय एवं विधि

सूरजमुखी की फसल प्रकाश संवेदी है अतः इसे वर्ष में तीन बार (रबी, खरीफ एवं जायद ऋतु) में बोया जा सकता है। जायद मौसम में सूरजमुखी की फरवरी के प्रथम सप्ताह से फरवरी के मध्य तक बोना सबसे उपयुक्त होता है, जायद मौसम में कतार से कतार दूरी 45 सेमी व पौध से पौध दूरी 25-30 सेमी की दूरी पर बुवाई करें।

## खाद एवं उर्वरक

बुवाई से पूर्व 7-8 टन प्रति हेक्टेयर की दर से सड़ी हुई गोबर खाद भूमि में खेत की तैयारी के समय खेत में मिलायें व अच्छी उपज के लिए सिंचित अवस्था में यूरिया 130 से 160 किग्रा, एसएसपी 375 किग्रा व पोटाश 66 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से प्रयोग करें। नाइट्रोजन की 2/3 मात्रा व स्फुर एवं पोटाश की समस्त मात्रा बोते समय प्रयोग करें एवं नाइट्रोजन की 1/3 मात्रा को बुवाई के 30-35 दिन बाद पहली सिंचाई के समय खड़ी फसल में देना लाभप्रद पाया गया है।

## सिंचाई

जायद में बोयी गई (फरवरी माह में) सूरजमुखी की फसल में 3 सिंचाई की आवश्यकता पड़ती है। पहली सिंचाई बुवाई के 30-35 दिन बाद करें व इसी अवस्था में नाइट्रोजन की 1/3 मात्रा का उपयोग करें द्वितीय सिंचाई 20-25 दिन बाद फूल आने की अवस्था में करें एवं अंतिम सिंचाई बीज बनने की अवस्था में करें।



## कीट नियंत्रण

प्रायः सूरजमुखी की फसल पर एफिड्स, जैसिड्स, हरे रंग की सुंडी व हेड बोरर का प्रकोप अधिक होता है। रस चूसक कीट, एफिड्स, जैसिड की रोकथाम के लिए इमिडाक्लोप्रिड 125 ग्राम प्रति हेक्टेयर या एसिटामिप्रिड 125 ग्राम प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें व सुंडी व हैड बोरर के नियंत्रण के लिए क्विनालफॉस 20 प्रतिशत 1 लीटर दवा को या प्रोफेनोफॉस 50 ईसी 1.5 लीटर दवा को 600-700 लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़कें।

## रोग नियंत्रण

सूरजमुखी की फसल में मुख्यतः रतुआ, डाऊनी मिल्ड्यू, हेड राट, राइजोपस हेड राट जैसी समस्याएं आती हैं। पत्ती झुलसा रोग के नियंत्रण हेतु मैन्कोजेब 3 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें।

## फसल सुरक्षा

सूरजमुखी में बहुधा तोते सर्वाधिक नुकसान पहुंचाते हैं। तोते प्रायः दाने पड़ने की अवस्था से लेकर दाने पकने की अवस्था तक (एक माह) अधिक नुकसान पहुंचाते हैं।

## कटाई एवं गहाई

फसल की कटाई उस समय करें जब कि फूल का पिछला हिस्सा नीबू जैसा पीला रंग का हो जाये और फूल झड़ जाये तो फसल तैयार समझना चाहिए। इस स्थिति में फूल को काटकर खलिहान में लायें व 3-4 दिन खलिहान में सूखने के बाद डंडों से पीटकर बीज निकालें।

## उपज

सूरजमुखी की फसल 90-105 दिन में पककर तैयार हो जाती है व उन्नत विधि से उत्पादन करने पर 18-20 क्विंटल/ हेक्टेयर तक उपज प्राप्त की जा सकती है।

# मुनाफेदार छोटा खीरा



रकिन को छोटा खीरा भी कहा जाता है। इसका उत्पत्ति स्थान अफ्रीका है। अर्न्तराष्ट्रीय बाजार में इस फसल ने अपना अलग स्थान बनाया है। भारत में इसकी खेती पश्चिम बंगाल, आंध्रप्रदेश एवं कर्नाटक में की जाती हैं। उपयुक्त कृषि जलवायु होने के कारण भारतीय गरकिन उच्च गुणवत्ता वाली होती है। भारत से गरकिन स्पेन, बेल्जियम, श्रीलंका, फ्रांस, इंग्लैंड, आस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका, स्विटजरलैंड, हौलेंड, ब्राजील, स्वेडन, अर्जेंटीना आदि देशों में निर्यात किया जाता है। भारत में गरकिन को सम्पर्क खेती के रूप में बढ़ावा दिया जा रहा है। इस कृषि पद्धति में विभिन्न संस्थायें किसानों को बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाकर तथा उच्च गुणवत्ता के पौध रोपण सामग्री उपलब्ध कराकर खेती कराते हैं तथा इनकी उपज को उचित दाम में खरीदकर एवं संग्रहित कर बाजार या प्रसंस्करण इंडस्ट्री को भेजते हैं। गरकिन का प्रसंस्करण और निर्यात 1990 में कर्नाटक में शुरू हुआ था, फिर यह धीरे-धीरे तमिलनाडू और आंध्रप्रदेश में फैल गया। रूस अधिक मात्रा में भारतीय गरकिन का आयात करता है। भारत से गरकिन का औसतन 2,25,000 मैट्रिक टन प्रतिवर्ष निर्यात होता है, जिसकी कीमत लगभग 700 करोड़ रूपये होती है। निर्यात के लिए गरकिन को ब्राईन, विनेगर या एसीटिक एसिड में सुरक्षित रखते हैं। एक एकड़ खेती के लिए लगभग 20,000 औसतन खर्च आता है।



## जलवायु एवं मिट्टी

गरकिन की खेती वर्ष भर की जा सकती है। लेकिन उष्ण जलवायु इसके लिए उपयुक्त है। औसतन तापमान 18-24 डिग्री से.ग्रे. की आवश्यकता पड़ती है। कम तापमान अंकुरण एवं फूल को प्रभावित करता है। गरकिन को सभी प्रकार की मिट्टी में लगाया जा सकता है। उचित जल निकास एवं उर्वरता वाली मिट्टी इसकी खेती के लिए अनुकूल है। मिट्टी का पी एच 6-6.5 तक होना चाहिए।



## बीजदर एवं बुआई

इसके लिए 11000-15000 बीज प्रति एकड़ की आवश्यकता पड़ती है। कतार से कतार के बीज की दूरी 1 मीटर तथा बीज से बीज की दूरी 30 से.मी. रखते हैं। खेत में 10 फीट की दूरी पर खंभे लगाकर उस पर तार को बांध देते हैं। जिससे पंडाल की आकृति बन जाती है। जब पौधा बड़ा होने लगता है तब जूट रस्सी की सहायता से उसे खंभा पर चढ़ा देते हैं।

## सिंचाई



प्रत्येक कतार में एक ड्रिप की लाईन बिछा दें। ड्रिप की सहायता से मिट्टी में नमी के आधार पर 2-3 घंटे के अंतराल पर खेत में सिंचाई करें।

## खरपतवार नियंत्रण

खेत में खरपतवार को बीज बोने से 15 दिन के अंतर पर तीन बार निकालें।

## खेत की तैयारी

मिट्टी को 3-4 बार गहरी जुताई करके 10-15 टन प्रति एकड़ गोबर खाद मिलाते हैं। खेत की मेड़ 15 से.मी. ऊंची एवं 1 मीटर चौड़ी बनाते हैं। उर्वरक को मिट्टी जांच के आधार पर चार भागों में कर उपयोग करें। सामान्यतया 100 कि.ग्रा. डीएपी एवं 100 कि.ग्रा. नीम केक का उपयोग करें।

# तिल



## भूमि

दोमट, हल्की चिकनी एवं कछारी भूमि तिल की खेती हेतु उपयुक्त होती है।

## खेत की तैयारी

अच्छी जुताई कर भुरभुरी मिट्टी वाला समतल खरपतवार रहित खेत तैयार करें। सिंचाई हेतु नालियों एवं क्यारियों की व्यवस्था करना चाहिए।

## बीज की मात्रा एवं बीजोपचार

5-6 किग्रा/ है. की दर से उन्नत किस्म के प्रमाणित कार्बेन्डाजिम (2 ग्राम/किग्रा) फफूंदनाशी से बीजोपचार कर बोयें। बीजों के समान वितरण हेतु बीज : गोबर की खाद (2:20) मिलाकर बोनी करें।



## उन्नत किस्में

ग्रीष्म ऋतु हेतु तिल की अनुशंसित किस्में टीकेजी-22, टीकेजी-55, जेटीएस-8, टीकेजी-306 फरवरी के तृतीय से चतुर्थ सप्ताह में बोयें। बोने में कतारों से कतारों की दूरी 12 इंच तथा पौधों से पौधों की दूरी 4 इंच रखने से उपयुक्त पौध संख्या 3 लाख / हे. प्राप्त होती है।

## खाद एवं उर्वरक

गोबर की 10 टन खाद/ हेक्टेयर तथा रसायनिक उर्वरक 60:40:20 किग्रा नत्रजन:फास्फोरसः पोटाश/ हेक्टेयर की दर से डालें। स्फुर एवं पोटाश की पूरी मात्रा और नत्रजन की आधी मात्रा बोनी के समय तथा शेष आधी नत्रजन की मात्रा बोने के 3-4 सप्ताह बाद डालें।

## निराई-गुड़ाई

बोने के 15-20 दिन बाद निराई-गुड़ाई करें और उसी समय अनावश्यक घने पौधे को निकाल दें।

## सिंचाई

जायद मौसम हेतु ऐसी किस्मों का चयन करें। जो कम पानी व कम समय में अधिक उत्पादन दे। सामान्य तौर पर मई-जून में 7 दिन के अंतराल पर सिंचाई करते रहना चाहिए तथा सिंचाई सुबह-शाम करें। फूल आने तथा फलियां बनते समय तिल की फसल में सिंचाई अत्यंत आवश्यक है।

## कीट नियंत्रण

तिल को पत्ती मोड़क एवं फली बेधक कीट पौधों की पत्ती अवस्था में एवं फूलों के अंदर घुसकर भीतरी भाग खाकर एवं फली में छेदकर फसल को नुकसान पहुंचाती है। क्विनालफॉस 25 ईसी (2 मिली/ली.) या डाइमेथियेट (1 मिली/लीटर) का आवश्यकतानुसार छिड़काव करें।

## रोग नियंत्रण

तिल की फसल में तना एवं जड़ सड़न रोग, आल्टरनेरिया पत्ती धब्बा रोग का प्रकोप होता है साथ ही पर्णभाग रोग का प्रकोप होता हैं जिसमें फूल हरे पत्तियों में बदल जाते हैं। अधिक शाखायें और छोटी पत्तियां गुच्छों में होती है। रोग नियंत्रण हेतु उपयुक्त फसल चक्र अपनायें। कीट/ रोग से ग्रसित पौधों के भाग को तोड़कर/उखाड़कर तथा इल्लियों को इकट्ठा कर नष्ट करें। डायथेन एम-45 (2.5 ग्राम/ली.) मिलाकर बोने के 30 और 60 दिन पर आवश्यकतानुसार छिड़काव करें।

## कटाई और गहाई

पत्तियां पीली होकर झड़ने लगें तथा फलियां हरी हो तभी तिल की कटाई करें। कटी फसल को लकड़ी के सहारे रखकर अच्छी तरह सुखायें। सूखे पौधों को छड़ियों से पीटकर गहाई करें।

## उपज

700-800 किग्रा/ हेक्टेयर होती है।



# एशिया कप से पहले गिल-बुमराह और जितेश भी फिट घोषित

## रोहित शर्मा का ब्रोंको टेस्ट, नतीजा क्या आया जानकर चौंक जाएंगे !

एजेंसियां। नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम ने एशिया कप 2025 से पहले अपनी फिटनेस परीक्षा में शानदार नतीजे दिए हैं. कप्तान रोहित शर्मा ने बंगलूरू स्थित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में आयोजित फिटनेस कैंप के दौरान ब्रोंको टेस्ट और यो-यो टेस्ट पास कर सभी को प्रभावित किया. रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी शारीरिक बनावट और स्टैमिना में काफी सुधार देखने को मिला और कोचिंग स्टाफ उनके प्रदर्शन से बेहद संतुष्ट नजर आया.

**रोहित वनडे सीरीज में खेलेंगे:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बेंगलुरु में टेस्ट के दौरान सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में सभी लोग रोहित की शारीरिक दमखम और उनके प्रदर्शन से प्रभावित थे. रोहित भारतीय खिलाड़ी के रूप में केवल वनडे प्रारूप में ही सक्रिय हैं. उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में मुंबई इंडियंस के लिए भी खेला था. हालिया रिपोर्ट और किए गए परीक्षण के परिणाम उनके लिए बड़ी राहत की बात होंगे. रोहित शर्मा के लिए आने वाला समय दिलचस्प है. उन्होंने पिछले साल भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था और लगभग एक साल बाद टेस्ट क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया. अक्तूबर में उनकी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज (19, 23 और 25 अक्तूबर में भागीदारी तय है. हालांकि, यह देखना बाकी है कि क्या वह 30 सितंबर से 5 अक्तूबर तक कानपुर में होने वाले इंडिया ए बनाम ऑस्ट्रेलिया ए के तीन वनडे मैचों में भी हिस्सा लेंगे या नहीं.

**गिल-बुमराह भी फिट :** सिर्फ रोहित ही नहीं, बल्कि शुभमन गिल और जसप्रीत बुमराह ने भी अपने-अपने टेस्ट पास किए. गिल ने आराम से न्यूनतम मानक हासिल किए, जबकि बुमराह ने चोट से उबरने के बाद अपनी लय और फिटनेस दोनों साबित की. खिलाड़ियों का डीएक्सए स्कैन भी हुआ जिसमें बॉडी कंपोजिशन और बोन स्ट्रेंथ की जांच की गई. गिल को आगामी एशिया कप के लिए उपकप्तान बनाया गया है. एशिया कप टी20 टूर्नामेंट की शुरुआत नौ सितंबर से होगी.





### ब्रोंको टेस्ट क्या है?

यह टेस्ट खिलाड़ियों की गति, स्टैमिना और एरोबिक क्षमता मापने के लिए इस्तेमाल होता है. इसमें खिलाड़ी को 20, 40 और 60 मीटर की दूरी लगातार दौड़कर तय करनी होती है और हर बार स्टार्टिंग लाइन पर लौटना होता है. यह प्रक्रिया बार-बार दोहराई जाती है. इसे रग्बी से लिया गया है और क्रिकेटरों के लिए यह यो-यो टेस्ट का विकल्प माना जा रहा है.

### रोहित शर्मा ने 20 दिन में पलट दी बाजी

रोहित शर्मा जब फिटनेस टेस्ट देकर अपने होमटाउन मुंबई वापस लौटे तब एयरपोर्ट पर उन्हें देखने के लिए काफी लोग जुट गए. रोहित शर्मा इस दौरान काफी फिट नजर आ रहे थे. रोहित शर्मा क्रिकेट मैदान पर कमबैक करने के लिए काफी अच्छी तरह से तैयार नजर आ रहे हैं. कुछ दिन पहले रोहित शर्मा जब अपने परिवार के साथ छुट्टियों से वापस लौटे थे, उस वक्त वह काफी मोटे नजर आ रहे थे. यहां तक कि उनका तोंद साफ देखा जा सकता था, लेकिन सिर्फ 20 दिनों के अंदर उन्होंने पूरा गेम बदल दिया है.

### मरता क्या ना करता

रोहित शर्मा के फिटनेस टेस्ट पास करते ही लोग यह कह रहे हैं कि मरता क्या ना करता. दरअसल रोहित शर्मा अगर इस टेस्ट को पास नहीं करते तो उन्हें टीम इंडिया के स्क्वाड में जगह नहीं मिलती. फिटनेस टेस्ट को बीसीसीआई ने काफी अहम बना दिया है. टीम में जगह पाने के लिए इसे पास करना जरूरी होता है. रोहित शर्मा ने पिछले कुछ दिनों में अभिषेक नायर के साथ मिलकर काफी प्रैक्टिस की थी और इसका फायदा साफ नजर आ रहा है.

### इन खिलाड़ियों का टेस्ट नहीं

सभी खिलाड़ियों ने 30 और 31 अगस्त को हुए फिटनेस टेस्ट पास किए. वहीं एशिया कप टीम के अन्य सदस्य, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, कुलदीप यादव और रियान पराग (स्टैंडबाय) पहले ही दलीप ट्रॉफी क्वार्टरफाइनल खेल चुके थे, इसलिए उनके लिए अलग टेस्ट नहीं रखा गया. विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, जो एशिया कप के लिए स्टैंडबाय सूची में हैं, ग्रोइन की समस्या के कारण क्वार्टरफाइनल से बाहर रहे. वह इस समय मेडिकल टीम की निगरानी में हैं. कुल मिलाकर, फिटनेस टेस्ट के नतीजों ने टीम इंडिया के लिए एशिया कप से पहले एक सकारात्मक तस्वीर पेश की है. गिल-बुमराह की फिटनेस और अन्य खिलाड़ियों की तत्परता ने मैनेजमेंट को राहत दी है. अब देखना होगा कि यह ऊर्जा मैदान पर किस तरह झलकती है.

**सिराज-यशस्वी का भी टेस्ट**

भारत के अन्य खिलाड़ियों में मोहम्मद सिराज, यशस्वी जायसवाल, वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर ने भी यह टेस्ट बिना किसी दिक्कत के पूरा किया. जायसवाल और सुंदर एशिया कप के लिए स्टैंडबाय सूची में हैं, जबकि ठाकुर अब दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में वेस्ट जोन की कप्तानी करते दिखेंगे. रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि प्रसिद्ध कृष्णा ने ब्रोंको टेस्ट के दौरान अपने ऊंचे स्कोर से सबको खासा प्रभावित किया.

# हजारों गेंदें फेंकीं, अर्शदीप एशिया कप टी20 में कहर बरपाने को तैयार

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एशिया कप टी20 का आगाज नौ सितंबर से होने जा रहा है. भारत के स्टार तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह इसमें कहर बरपाने को तैयार हैं. टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू के लंबे होते इंतजार के बीच अर्शदीप ने कहा कि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज के साथ बातचीत ने उन्हें इस उबाऊ दौर से उबरना और एशिया कप के लिए मानसिक रूप से तैयार होना सिखाया है. इंग्लैंड दौरे पर शुरुआती तीन टेस्ट में प्लेइंग-11 से बाहर रहने के बाद अर्शदीप के पास चौथे और पांचवें टेस्ट में डेब्यू का मौका था लेकिन बाएं अंगूठे की दुर्भाग्यपूर्ण चोट के कारण ऐसा नहीं हो सका.

**दलीप ट्रॉफी में खेल रहे हैं अर्शदीप**

अर्शदीप ने बंगलूरू में दलीप ट्रॉफी के इतर कहा, 'मैंने पिछले दो महीनों में मानसिक रूप से उबाऊ समय का लुत्फ उठाना सीख लिया है. टेस्ट क्रिकेट या लाल गेंद के मैचों में एक समय ऐसा आता है जब आपका काम थोड़ा उबाऊ हो जाता है.जैसे लंच के बाद का सत्र जब गेंद से ज्यादा मदद नहीं मिलती है. तब आप उसका लुत्फ कैसे ले सकते हैं?'

**सिराज की सलाह काम आई:** उत्तर क्षेत्र के लिए अच्छी गेंदबाजी करने के बावजूद बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को पूर्वी क्षेत्र के खिलाफ अपना पहला विकेट लेने के लिए दूसरे दिन के आखिरी सत्र तक इंतजार करना पड़ा. अर्शदीप के लिए सिराज की सलाह पर अमल करने का यह एक बेहतरीन मौका था. उन्होंने कहा, 'मैंने सिराज से बात की, उन्होंने मुझे बताया कि जब कुछ भी नहीं हो रहा हो तो आप उस समय का कितना लुत्फ उठाओगे, यह आपको बताएगा कि आप लाल गेंद वाले क्रिकेट में कितने सफल हो सकते हैं. उन्होंने मुझे यह छोटी सी सलाह दी और मुझे यह बहुत पसंद आई.'



**एक-दूसरे के साथ लुत्फ उठा रहे थे अर्शदीप**

अर्शदीप ने कहा, 'यहां भी ऐसा ही हुआ. उनके (पूर्व क्षेत्र) चार विकेट गिर चुके थे और गेंद से ज्यादा मदद नहीं मिल रही थी. हम ऐसे में एक दूसरे के साथ का लुत्फ उठा रहे थे. मैं इस मैच में गेंदबाजी कर अच्छा महसूस कर रहा हूं. मैं पिछले कुछ महीने भारतीय टीम के साथ था. मैंने वहां काफी अभ्यास किया. मैंने यहां 17 ओवर गेंदबाजी की है और इससे मेरे शरीर को कोई परेशानी नहीं हुई है.'

**लाल और सफेद गेंद में सामंजस्य:** अर्शदीप को हालांकि अब एशिया कप के रंग में ढलना होगा, जिसे यूएई में टी20 प्रारूप में खेला जाएगा. अर्शदीप ने लाल गेंद से खेलने के बाद सफेद गेंद (सीमित ओवरों में इस्तेमाल होने वाली गेंद) वाले टूर्नामेंट से सामंजस्य बिठाने के बारे में पूछे जाने पर कहा कि उन्हें इसमें कोई परेशानी नहीं होगी. उन्होंने कहा, 'लाल गेंद के बाद सफेद गेंद से खेलना कोई परेशानी का सबब नहीं है. मैंने इंग्लैंड में आखिरी टेस्ट मैच के दौरान ही सफेद गेंद से अभ्यास करना शुरू कर दिया था.'

**हमारे वर्कलोड का अच्छे से ध्यान रखा जा रहा**

26 साल के अर्शदीप ने कहा, 'उस समय मुझे नहीं पता था कि एशिया कप से पहले दलीप ट्रॉफी मैच खेलना होगा. हमारे कार्यभार (थकान और चोटिल होने से बचने) का अच्छे से ध्यान रखा जा रहा है. मैंने अभ्यास के दौरान हजारों की संख्या में गेंद डाली है. सफेद हो या लाल, दोनों गेंद ही है. आपको बस अपने खेल का लुत्फ उठाना होगा.'

### बीसीसीआई फिर करने जा रहा वही गलती

# एमएस धौनी के हाथ में जाते ही बर्बाद हो जाएगी टीम इंडिया!



एजेंसियां। नयी दिल्ली

टीम इंडिया एशिया कप 2025 के लिए जल्द ही यूएई के लिए रवाना होगी. कुछ दिन पहले ही बीसीसीआई भारतीय टीम के स्क्वाड का ऐलान किया था. सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम इस टूर्नामेंट के लिए प्रबल दवेदारों में से एक मानी जा रही है. बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप 2026 की तैयारियों के लिए यह टूर्नामेंट काफी अहम माना जा रहा है. वर्ल्ड कप से 6 महीने पहले टीम इंडिया एशिया कप के ही जरिए अपनी तैयारियों की शुरुआत करेगी. इसी बीच एक खबर सामने आई कि बीसीसीआई टी20 वर्ल्ड कप से पहले एमएस धौनी को टीम इंडिया का मेंटर बना सकती है. बता दें कि यह बीसीसीआई के लिए सबसे गलत फैसलों में से एक साबित हो सकता है. टीम इंडिया साल 2021 में भी कुछ ऐसा ही किया था और भारतीय टीम पूरी तरह से बर्बाद हो गई थी. एक बार फिर से ऐसा ही कुछ होता नजर आ रहा है.

**बेहतर कप्तान जरूरी नहीं कि हो सकता है अच्छा मेंटर:** एमएस धौनी का नाम जब भी सामने आता है हर किसी के दिमाग में एक ही चीज सामने आती है कि टीम इंडिया ने आज तक उनसे बेस्ट कप्तान कभी भी नहीं देखा. धौनी की कप्तानी में टीम इंडिया ने दो वर्ल्ड कप और एक चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी, लेकिन यह जरूरी नहीं कि एक बेहतर कप्तान अच्छा मेंटर भी साबित हो. फैंस ने कई बार ऐसा देखा है. सचिन तेंदुलकर से बेस्ट बल्लेबाज भारत क्या पूरी दुनिया में आज तक कोई नहीं हुआ, लेकिन वह एक अच्छे कप्तान नहीं बन सके. ऐसा ही कुछ यहां भी है. ऐसे में बीसीसीआई को इस मुद्दे पर विचार करने की जरूरत है.

### साल 2021 में क्या हुआ था

टी20 वर्ल्ड कप 2021 से पहले बीसीसीआई ने टीम इंडिया की मेंटरशिप एमएस धौनी के हाथों में ही सौंपी थी और भारतीय टीम ने उस टूर्नामेंट में बेहद खराब प्रदर्शन किया था. भारत को पहली बार किसी वर्ल्ड कप मैच में पाकिस्तान तक से हार का सामना करना पड़ा था. पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया वह मैच 10 विकेट से हार गई थी. भारतीय फैंस आज भी उस हार को नहीं भुला सके हैं. एक बार फिर से अगर टीम इंडिया की मेंटरशिप एमएस धोनी के हाथों में आती है तो टीम इंडिया पर बर्बादी की राह पर फिर से चल सकती है.

## जापान की अकाने यामागुची ने तीसरी बार जीता बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप खिताब

एजेंसियां। नयी दिल्ली

पेरिस में खेले गए बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप के महिला एकल फाइनल में जापान की अकाने यामागुची ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन की पूर्व विश्व नंबर-1 चेन यूफेई को सीधे सेटों में 21-9, 21-13 से हराकर तीसरी बार विश्व खिताब अपने नाम किया. पांचवीं वरीयता प्राप्त यामागुची ने महज 37 मिनट में मुकाबला समाप्त कर 2021 और 2022 के बाद अपना तीसरा स्वर्ण पदक हासिल किया. मैच के दौरान वह पूरी तरह आत्मविश्वास से भरी नजर आईं और अपने प्रतिद्वंद्वी को कोई मौका नहीं दिया.चीन की टोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता चेन



यूफेई ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय और मौजूदा चैम्पियन दक्षिण कोरिया की आन से-यंग को हराया था. हालांकि, इस दौरान उनके टखने में चोट लग गई थी और फाइनल में उनकी मूवमेंट पर इसका असर साफ दिखाई दिया. यामागुची ने पहले गेम में पूरी तरह दबदबा बनाए रखा और दूसरे गेम में अंतराल के बाद लगातार अंक जुटाकर जीत सुनिश्चित कर ली.

# नीता अंबानी की टीम ने लगातार तीसरी बार जीता द हंड्रेड का खिताब, हुई पैसों की बारिश!

एजेंसियां। नयी दिल्ली

द हंड्रेड 2025 का खिताब ओवल इनविंसिबल्स ने जीत लिया है. सैम बिलिंग्स की कप्तानी वाली इस टीम ने फाइनल में ट्रेंट रॉकेट्स को हराया. नीता अंबानी के मालिकाना हक़ वाली इस टीम ने लगातार तीसरी बार द हंड्रेड की ट्रॉफी अपने नाम की है. जानिए चैंपियन बनने पर टीम को क्या धनराशि मिली, फाइनल मुकाबले में क्या कुछ हुआ और इस संस्करण का हीरो कौन रहा.

**द हंड्रेड 2025 के फाइनल में क्या हुआ :** सैम बिलिंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था. सलामी बल्लेबाजी विल जैक्स ने 72 रनों की विस्फोटक पारी खेली. 41 गेंदों में खेली इस पारी में उन्होंने 2 छक्के और 7 चौके जड़े. जॉर्डन कॉक्स ने 28 गेंदों में 40 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेली. पहले बल्लेबाजी करते हुए ओवल इनविंसिबल्स ने 168 रन बनाए. जवाब में ट्रेंट रॉकेट्स 142 रन ही बना सकी, हालांकि मार्कस स्टोइनिस ने संघर्ष किया और विस्फोटक पारी खेली लेकिन वो टीम को जीत तक नहीं पहुंचा सके. स्टोइनिस ने 38 गेंदों में 5 छक्के और 4 चौकों की मददद से 64 रन बनाए. ओवल फाइनल मैच का सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया, उन्होंने 20 गेंदों के स्पेल में 25 रन देकर 3 विकेट लिए. उन्होंने टॉप 3 बल्लेबाजों को ही अपना शिकार बनाया था.



**ओवल इन्विंसिबल ने लगातार तीसरी बार जीता खिताब**

ये द हंड्रेड टूर्नामेंट का पांचवा संस्करण था. लगातार तीसरी बार है जब ओवल इनविंसिबल्स चैंपियन बनी है, इस टीम ने 2023 में मेनचेस्टर ऑरिजिनल्स और 2024 में साउथर्न ब्रेव को हराकर खिताब जीता था. इससे पहले ट्रेंट रॉकेट्स भी एक बार खिताब जीत चुकी है.

### विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025

## नीरज चोपड़ा भारत की 19 सदस्यीय टीम की अगुवाई करेंगे, अविनाश साबले बाहर

एजेंसियां। नयी दिल्ली

एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) ने रविवार को टोक्यो में अगले महीने शुरू होने वाली विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए भारत की अंतिम 19 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी. इस टीम में 14 पुरुष और 5 महिला एथलीट शामिल हैं, जो 15 अलग-अलग स्पर्धाओं में चुनौती पेश करेंगे. भारत की सबसे बड़ी पदक उम्मीद एक बार फिर भाला फेंक विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा होंगे, जो डिफेंडिंग चैंपियन होने के नाते वाइल्ड कार्ड एंट्री से सीधे क्वालीफाई हुए हैं. उनके



अलावा तीन और भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी—सचिन यादव, यश वीर सिंह और रोहित यादव—भी मैदान में उतरेंगे. तीन एथलीट्स ने सीधे एंट्री स्टैंडर्ड पार कर क्वालीफाई किया है—गुलवीर सिंह (5000 मीटर), प्रवीण चित्रावल (ट्रिपल जंप) और पारुल चौधरी (3000 मीटर स्टीपलचेज). गुलवीर 10,000 मीटर दौड़ में भी हिस्सा लेंगे.

### सांत्वना के बोल

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चेतेश्वर पुजारा को लिखा पत्र, कहा-

# टेस्ट क्रिकेट में आपके अभूतपूर्व योगदान को हमेशा याद किया जाएगा

एजेंसियां। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पुजारा को पत्र लिखा है. इसे लेकर चेतेश्वर पुजारा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में साझा किया है, जिसमें पुजारा ने लिखा- मुझे अपने सेवानिवृत्ति पर माननीय प्रधानमंत्री जी से प्रशंसा पत्र प्राप्त करके सम्मानित महसूस हुआ. व्यक्त की गई हार्दिक भावनाओं के लिए मैं बहुत आभारी हूं. अपनी दूसरी पारी में कदम रखते हुए, मैं मैदान पर बिताई हर याद और मुझे मिले प्यार और प्रशंसा को संजोकर रखूंगा.

पीएम मोदी ने अपने पत्र में लिखा- प्रिय चेतेश्वर, मुझे क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने के आपके निर्णय के बारे में पता चला. इस घोषणा के बाद, प्रशंसकों



और क्रिकेट जगत ने आपकी उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना की है. मैं आपके शानदार क्रिकेट करियर के लिए हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं. क्रिकेट के छोटे प्रारूपों के प्रभुत्व वाले दौर में, आप खेल के लंबे प्रारूप की खूबसूरती की याद दिलाते थे. आपके अडिग स्वभाव और लंबे समय तक एकाग्रता के साथ बल्लेबाजी करने की क्षमता ने आपको भारतीय बल्लेबाजी क्रम का आधार बनाया.

आपका शानदार क्रिकेट करियर, खासकर विदेशी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में, उल्लेखनीय कौशल और दृढ़ संकल्प के क्षणों से भरा पड़ा है. उदाहरण के लिए, प्रशंसक ऑस्ट्रेलिया में हुए टेस्ट जैसे मौकों को हमेशा याद रखेंगे, जब आपने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भारत की पहली ऐतिहासिक सीरीज जीत की नींव रखी थी. सबसे शक्तिशाली गेंदबाजी आक्रमणों में से एक के खिलाफ डटे रहकर, आपने दिखाया कि टीम के लिए जिम्मेदारी उठाना क्या मायने रखता है.

आपके करियर में कई सीरीज जीत, शतक, दोहरे शतक और कई सम्मान मिले हैं. लेकिन कोई भी संख्या उस शांति को बयां नहीं कर सकती जो आपकी उपस्थिति ने प्रशंसकों और साथियों को दी, यह एहसास दिलाया कि टीम का भाग्य सुरक्षित हाथों में है. यह वास्तव में आपकी स्थायी विरासत है जो केवल संख्याओं से परे है. खेल के प्रति आपका जुनून इस बात से भी झलकता है कि एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर होने के बावजूद, आपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना ज़रूरी समझा, चाहे वह सौराष्ट्र के लिए हो या विदेश में. सौराष्ट्र क्रिकेट के साथ आपका लंबा जुड़ाव और राजकोट को क्रिकेट के नक्शे पर लाने में आपका योगदान इस क्षेत्र के हर युवा के लिए अपार गर्व का विषय रहेगा.

मुझे यकीन है कि आपके पिता, जो खुद एक क्रिकेटर होने के साथ-साथ आपके गुरु भी हैं, को आप पर गर्व होगा. पूजा और अदिति आपके साथ ज़्यादा समय बिताकर बहुत खुश होंगी. उन्होंने आपको आगे बढ़ाने के लिए बहुत त्याग किए हैं. मैदान के बाहर, एक कमेंटेटर के रूप में आपका गहन विश्लेषण क्रिकेट प्रेमियों के लिए निरंतर मूल्यवान साबित होता रहेगा, जो आपकी अंतर्दृष्टि सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं.

# ये पटका, वो मारा, मेसी के साथियों ने की लड़ाई, मैदान पर खूब पटका-पटकी

एजेंसियां। नयी दिल्ली

लीग्स कप के फाइनल में एक बड़ा उलटफेर देखने को मिला. जहां लियोनेल मेसी की अगुवाई वाली इंटर मियामी को सिएटल साउंडर्स ने 3-0 से करारी शिकस्त दी और ट्रॉफी से उन्हें दूर कर दिया. मैच से पहले इंटर मियामी को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन सिएटल साउंडर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्हें पूरी तरह से पछाड़ दिया. इस मुकाबले के बाद एक बड़ा घटना भी हुई, जहां दोनों टीमों के खिलाफ आपस में ही भिड़ गए और फुटबॉल के मैदान को डब्ल्यूडब्ल्यूई रिंग में बदल दिया.

मैच के बाद हुई घटना ने सबको चौंका दिया. हार से गुस्साए लुइस सुआरेज ने 20 साल के खिलाड़ी ओबेद वर्गास के साथ हाथापाई शुरू कर दी. सिएटल के खिलाड़ी जब अपनी जीत का जश्न मना रहे थे, तब सुआरेज ने वर्गास को पकड़कर उनका गला दबा दिया. इस घटना के बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच लड़ाई शुरू हो गई और कुछ खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को मुक्के भी मारे. खबरों के अनुसार, सुआरेज का गुस्सा यही शांत नहीं हुआ. जब उन्हें वहां से ले जाया जा रहा था, तब उन्होंने सिएटल साउंडर्स के सहायक कोच से भी बहस की और उनके चेहरे पर थूक दिया. फुटबॉल के मैदान पर फैंस को आए दिन झगड़े देखने को मिलते हैं, लेकिन यह काफी ज्यादा हो गया था. लड़ाई का वीडियो भी काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और सुआरेज को भारी ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा रहा है.



## कटिहार में 13 मवेशियों के साथ आठ पशु तस्कर गिरफ्तार किए गए



**कटिहार ।** जिले के कुर्सेला थाना पुलिस ने एक पिकअप और एक ट्रक से 13 मवेशी के साथ आठ पशु तस्करों को गिरफ्तार किया . यह कार्रवाई 31 अगस्त की रात की गई, जब कुर्सेला थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि एक पिकअप और एक ट्रक पर मवेशियों को अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा है. पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुर्सेला चेक एनएच-81 के पास वाहन चेकिंग शुरू की. इस दौरान एक पिकअप और एक ट्रक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस बल ने पकड़ लिया. पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मो. शाहिद, राजेश कुमार, मो. दिलशान, मो. समीम अली, मो. एहसान, मो. रूअफ, मो. आरिफ और मो. आजाद के रूप में हुई. पुलिस ने पिकअप और ट्रक से 13 मवेशियों को बरामद किया, जिन्हें क्रूरतापूर्वक परिवहन किया जा रहा था. गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है. बरामद सामानों में एक पिकअप, एक ट्रक और 13 मवेशी शामिल हैं.

## दरभंगा: गश्ती के दौरान सोते पाए गए पुलिस पदाधिकारी निलंबित

**दरभंगा ।** जिले में बेनीपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी की जांच में गश्ती के दौरान बड़ी लापरवाही सामने आई है. जानकारी के अनुसार 21 अगस्त 2025 की रात गश्ती के दौरान बेहेड़ी थाना क्षेत्र में डायल 112 पर तैनात पुलिस पदाधिकारी एजाज खां को थाना के पास ब्लॉक भवन में सोते हुए पाया गया. जांच रिपोर्ट में गश्ती के दौरान ड्यूटी में गंभीर लापरवाही का आरोप सिद्ध पाया गया. इसके आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दरभंगा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एजाज खां को आज तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है. साथ ही उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र दरभंगा निर्धारित किया गया है.

## दरभंगा पुलिस ने ठगी कांड का किया खुलासा, चार गिरफ्तार

**दरभंगा ।** दरभंगा जमालपुर थाना क्षेत्र के झगड़आ गांव में तंत्र-मंत्र का झांसा देकर एक महिला से सोने के जेवर लेकर फरार हुए तीन युवकों को पुलिस ने धर दबोचा है. इस घटना को लेकर उनतीस अगस्त को जमालपुर थाना में मामला दर्ज किया गया था. पुलिस ने बहेड़ी थाना क्षेत्र के नौडेगा गांव निवासी शक्ति लालदेव, राजाबाबू लालदेव और ज्योतिष लालदेव को गिरफ्तार किया. उनकी निशानदेही पर तेईस ग्राम गला हुआ सोना, घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल और अपराध के समय पहने गए कपड़े बरामद किए गए. इसी मामले में सोना गलाने वाले सोनार उगन कुमार साह, निवासी बहेड़ी, को भी पुलिस ने पकड़ा है. सभी अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया. इस कार्रवाई में जमालपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अंजलि कुमारी, सहायकद अवर निरीक्षक दीपक कुमार सिंह, चौकीदार बबलू पासवान और विजय पासवान की अहम भूमिका रही.

# उमस भरी गर्मी के बीच पटना समेत 28 जिलों में गरज-वज्रपात की चेतावनी

संवाददाता ।पटना



बिहार में पिछले दो तीन दिनों से तापमान में हुई बढ़ोतरी के कारण लोग उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे है. इस बीच भारतीय मौसम विभाग ने पटना समेत 28 जिलों के लिए गरज, चमक और वज्रपात की चेतावनी जारी की है. विभाग ने सिवान और गोपालगंज में भारी वर्षा के लिए यलो अलर्ट है, जबकि अधिसंख्य भागों में 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना बताई गई है. यह अलर्ट बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी और चक्रवाती परिसंचरण के कारण है, जो अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है. मौसम विभाग के अनुसार, रविवार को उत्तर बिहार के अधिकांश इलाकों में भारी वर्षा हुई.

राजधानी पटना का अधिकतम तापमान रविवार को 34.1 डिग्री सेल्सियस रहा. न्यूनतम तापमान 29.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. गया में अधिकतम 35.1 और न्यूनतम 26.8 डिग्री, भागलपुर में 33.0 और 27.9 डिग्री, तथा मुजफ्फरपुर में 32.0 और 27.4 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा. पूर्णिया में 35.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे अधिक तापमान दर्ज हुआ. अगले तीन दिनों में तापमान में बढ़ोतरी से उमस का असर और बढ़ सकता है और आज से मानसून के फिर सक्रिय होने की संभावना है. पूर्वी चंपारण के कल्याणपुर (90.2 मिमी), पीपराकोठी (82.4 मिमी), कोतवा (48.2 मिमी), सुगौली (42.8 मिमी), पताही (38.2 मिमी), संग्रामपुर (36.2 मिमी), रक्सौल (34.6 मिमी), मोतिहारी (33.2 मिमी) और अरेराज (30.4 मिमी) में अच्छी बारिश रिकॉर्ड की गई. सिवान के सिसवन में 23.4 मिमी, सीतामढ़ी के ढेंगराब्रिज में 20 मिमी, गोपालगंज के फुलवरिया में 18.8 मिमी, बांका के शंभूगंज में 18.4 मिमी, गोपालगंज में 18.2 मिमी, गया में 17.2 मिमी, शिवहर में 16.8 मिमी, खगड़िया के बालतारा में 16 मिमी तथा बक्सर के नवानगर में 15.4 मिमी वर्षा हुई. दक्षिण बिहार के जिलों में वर्षा कम रही, लेकिन उत्तरी भागों में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है.

## कैमूर में आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत

पटना ।बिहार में कैमूर जिले के मोहनिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत दनियालपुर कुरुई गांव में खेत में काम कर रही महिलाओं पर सोमवार को अचानक आकाशीय बिजली गिर गई . इस हादसे में तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गईं . गांव में मातम का माहौल है . मृतकों में कुमारी देवी (पति मनोज राम), प्रेमशिला देवी (पति मदन राम), मांग्री देवी (पति अशोक राम) की मौत हो गई . वहीं मीरा देवी (पति रोहित राम), जानकी देवी (पति हरिश्चंद्र) ,कुंती देवी (पति श्रीराम), गीता देवी (पति मदन राम) घायल हो गई है . सभी महिलाएं एक ही गांव की बताई जा रही हैं . ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायलों को मोहनिया अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है . डॉक्टरों के अनुसार चार महिलाओं की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है . घटना की जानकारी मिलते ही जिला पार्षद गीता पासी मौके पर पहुंचीं . उन्होंने कहा कि आकाशीय बिजली से तीन महिलाओं की मौत और कई घायल होना बेहद दुखद है . मैं सरकार से मांग करती हूं कि पीड़ित परिवारों को तत्काल आपदा राहत राशि और मुआवजा दिया जाए .

# लोस में जनता ने भाजपा को वोट दिया लेकिन बिहार के लिए कुछ नहीं किया : तेजस्वी यादव

- तेजस्वी ने आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर वोट की चोरी की साजिश रची जा रही है . उन्होंने कहा कि बड़ी चालाकी से फर्जी वोट जोड़े जा रहे है . ऐसे में इन लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा .

संवाददाता ।पटना



राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' का आज पटना में समापन हो गया. आखिरी दिन पटना के गांधी मैदान में सभा को संबोधित करते हुए बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि लोकसभा चुनावों में बिहार की जनता ने भाजपा को वोट दिया लेकिन उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया. केंद्र की सरकार फैक्ट्री गुजरात में लगाते हैं और मजदूर यहां से ले जाते हैं. ऐसे लोगों को बिहार के लोग हल्दी लगाना जानते हैं. इस बार (विधानसभा चुनाव) में ये नहीं चलेगा. तेजस्वी ने आरोप लगाया कि बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के नाम पर वोट की चोरी की साजिश रची जा रही है. उन्होंने कहा कि बड़ी चालाकी से फर्जी वोट जोड़े जा रहे है. ऐसे में इन लोगों को मुंहतोड़ जवाब देना होगा. इस चुनाव में आपलोग अपनी ताकत दिखा दीजिए. पीएम मोदी के खिलाफ टिप्पणी के कारण महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में अपने ऊपर दर्ज केस पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हम लोगों पर एफआईआर कराया जा रहा है लेकिन हम लोग डरने वाले नहीं है. उन्होंने कहा, 'ऐसे थोड़े ही लालू जी का बेटवा डरा जाएगा. भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जेल में हुआ था. कितना भी तंग कर लीजिए तेजस्वी झुकेगा नहीं, न लालू झुका न तेजस्वी झुकेगा.

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने नीतीश कुमार की सरकार को नकलची सरकार बताया . उन्होंने कहा कि हमने ऐलान किया था कि सरकार आने पर पेंशन बढ़ाएंगे, बिजली फ्री करेंगे, डोमिसाइल कानून बनाएंगे, माई-बहिन मान योजना लाएंगे. हमारी सभी घोषणाओं की यह सरकार नकल कर रही है. ये लोग नकल तो कर सकते हैं लेकिन विजन नहीं ला सकते हैं. इसलिए आप लोगों को तय करना है कि डुप्लीकेट सीएम चाहिए या ओरिजनल. उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की 'वोटर अधिकार यात्रा' का आज पटना में समापन हो गया. इसकी शुरुआत 17 अगस्त को रोहतास से हुई थी. 23 जिले और 50 से अधिक विधानसभा क्षेत्रों से गुजरती हुई ये यात्रा 30 अगस्त को आरा पहुंची थी. इस दौरान 13 किलोमीटर का सफर तय किया गया. 16 दिनों की इस यात्रा में मुकेश सहनी और दीपांकर भट्टाचार्य समेत बिहार और देशभर के इंडिया गठबंधन के कई घटक दलों के बड़े नेता भी शामिल हुए.

## एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक

**सहरसा ।** आगामी 08 सितम्बर को जिला स्टेडियम सहरसा में आयोजित होने वाले सहरसा विधानसभा एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की तैयारी को लेकर नगर पश्चिमी के शक्तिकेंद्र प्रमुखों की महत्वपूर्ण बैठक सहरसा विधायक माननीय डॉ . आलोक रंजन के आवास पर सोमवार को संपन्न हुई . बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष पश्चिमी आशीष गुप्ता ने की . इस अवसर पर सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने हेतु बूथ स्तर तक की तैयारियों की समीक्षा की गई तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं .बैठक में वक्ताओं ने कहा कि बूथ ही संगठन की असली शक्ति है और बूथ स्तर तक की सक्रियता से ही संगठन की मजबूती संभव है .

# रोहतास में दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में तीन की मौत, हड़कंप

संवाददाता ।डेहरी आन सोन

बिहार में रोहतास जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के बरडीहां सिकडडी एसएच-81 पर मेदनीपुर तांतो टोला पेट्रोल टंकी के समीप दो बाइक की आमने सामने की भीषण टक्कर में तीन की मौत हो गई, जबकिं एक गंभीर रूप से जख्मी है. जख्मी का इलाज बिक्रमगंज के करुणा अस्पताल में हो रहा है. घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार को देर शाम पहरमा की ओर से एक बाइक से दो लोग नासरीगंज की ओर आ रहे थे, जबकि दूसरी ओर मेदिनीपुर से एक बाइक जिस पर दो लोग थे, वे आ रहे थे.

दोनों के बीच मेदनीपुर तांतो टोला पेट्रोल पंप के समीप आमने सामने की भीषण टक्कर हो गई. टक्कर इतनी जोर से हुई कि बाइक के परखच्चे उड़ गए. इस दुर्घटना में कछवां थाना क्षेत्र के पहरमा निवासी वैधानाथ राम के 16 वर्षीय पुत्र हिमांशु कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. हालंकि सूचना पाकर पहुंची पुलिस स्थानीय लोगों व देव पंचायत के मुखिया सुचित्रा सिंह के पति व सामाजिक कार्यकर्ता अजय सिंह सहयोग घायलों को नासरीगंज रेफरल अस्पताल ले गई जहां चिकित्सक ने हिमांशु को मृत घोषित कर दिया. जबकिं अन्य को रेफर कर दिया. घायलों की स्थिति गंभीर देख सभी घायलों को करुणा अस्पताल में लाया गया.

अस्पताल पहुंचने तक एक और घायल काराकाट प्रखंड के मोथा निवासी स्व राम बच्चन कहार उर्फ धुमन के 30 वर्षिय पुत्र रौशन कुमार उर्फ छोटन की मौत हो गई. जबकि इसी गांव के निवासी अवधेश पासी का 22 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार को इलाज के लिए बनारस ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई. वहीं कछवां थाना क्षेत्र के पहरमा गांव निवासी बलिराम राम का 20 वर्षीय पुत्र पवन कुमार का बिक्रमगंज के करुणा अस्पताल में इलाज हो रहा है. सहायक पुलिस अधीक्षक व बिक्रमगंज के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार ने सोमवार को बताया कि इस दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकिं एक घायल का इलाज अभी हो रहा है. नासरीगंज के थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि दो शवों का पोस्टमार्टम सासाराम भेजकर कराया गया, जबकिं एक जिसकी मौत बीएचयू में इलाज के दौरान हुई, उनका पोस्टमार्टम वहीं हो रहा है. घटनास्थल से क्षतिग्रस्त दोनों बाइक पुलिस अभिरक्षा में है.

## बाढ़ के पानी में डूबकर वृद्ध की मौत

**भागलपुर ।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के छोटी हरदासपुर गांव में सोमवार की सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. शौच करने गए वृद्ध सोसो मंडल की पैर फिसलने से गहरे पानी में डूबकर मौत हो गई. बताया जाता है कि सोसो मंडल अपने घर से थोड़ी दूरी पर शौच करने गए थे. इसी दौरान अचानक उनका पैर फिसल गया और वह बाढ़ के पानी में गिर पड़े. आसपास के लोग उन्हें बचाने की कोशिश करते उससे पहले ही उनकी मौत हो गई. उल्लेखनीय है कि नाथनगर क्षेत्र में एक बार फिर बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है. जिससे गांवों में लोगों की परेशानी बढ़ गई है. घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा.

## सांप डसने से किशोरी की मौत

**नालंदा ।** नालंदा जिले के हिलसा थाना अंतर्गत गोबिंद विगहा गांव में सोमवार की सुबह सोये अवस्था मे हो गई. आनन-फानन में परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई. मृतिका की पहचान हिलसा थाना क्षेत्र के गोविंद विगहा गांव निवासी महावीर प्रसाद की 14 वर्षीय पूत्री आरती कुमारी के रूप में की गई है. घटना के संबंध में मृतिका के पिता ने बताया कि उसकी पूत्री सोई थी जब काफी देर तक नहीं जगी तो देखने उसके कमरे में गये तो पाया कि वह अचेत है जब उसे होस में लाया तो बतायी की उसे सांप काट लिया है. उसने अपने हाथ में सांप काटने का निशान दिखाया.



## टीसीए कल्याणी ने महालेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाला

**नई दिल्ली ।** भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की 1991 बैच की अधिकारी टीसीए कल्याणी ने सोमवार को लेखा महानियंत्रक (सीजीए) का पदभार संभाल लिया है. वह इस पद पर आसीन होने वाली 29वीं अधिकारी हैं. उन्होंने रक्षा, दूरसंचार, उर्वरक, वित्त, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, सूचना एवं प्रसारण, और गृह मंत्रालय सहित प्रमुख मंत्रालयों में कार्य किया है. वित्त मंत्रालय के मुताबिक कल्याणी ने प्रौद्योगिकी को अपनाकर सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता और दक्षता को निरंतर बढ़ावा दिया है. मुख्य लेखा नियंत्रक (सीजीए) का पदभार ग्रहण करने से पहले कल्याणी गृह मंत्रालय में प्रधान मुख्य लेखा नियंत्रक (पीआर. सीसीए) के रूप में कार्यरत थीं, जहां उन्होंने भारत सरकार के सबसे बड़े मंत्रालयों में से एक के बजट और लेखा-जोखा का निरीक्षण किया. कल्याणी दिल्ली विश्वविद्यालय की स्वर्ण पदक विजेता हैं. उन्होंने लेडी श्री राम कॉलेज से राजनीति विज्ञान में बीए की डिग्री प्राप्त की है. उन्होंने जवाहर लाल विश्वविद्यालय से अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में एमए और पश्चिमी यूरोपीय अध्ययन में एमफिल की डिग्री भी प्राप्त की है. कल्याणी 34 वर्षों से अधिक की विशिष्ट सेवा के साथ सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन, लेखांकन, शासन और प्रशासन में व्यापक विशेषज्ञता रखती हैं. उन्होंने भारत सरकार से उर्वरक खरीद सहायता के लिए किसानों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) योजना शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है.

## सेबी के नियमों का पालन न करने पर कोल इंडिया पर 10.72 लाख जुर्माना




**नई दिल्ली ।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोयला खनन कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) पर 10.72 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति नहीं करने के कारण यह जुर्माना लगाया है. कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने सोमवार को एक नियामक फाइलिंग में कहा कि कंपनी को एनएसई और बीएसई से 30 जून को समाप्त तिमाही के लिए सेबी एलओडीआर के नियम 17 के प्रावधानों का पालन न करने के संबंध में नोटिस प्राप्त हुआ है. कंपनी ने जारी एक बयान में कहा कि उसके बोर्ड में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशकों की नियुक्ति के संबंध में सेबी के मानदंडों का पालन न करने पर उस पर 10.72 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. सीआईएल ने कहा कि यह गैर-अनुपालन उसकी किसी लापरवाही या चूक के कारण नहीं था और अनुपालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए लगातार प्रयास भी किए गए थे. कंपनी ने कहा कि निदेशक मंडल के सभी सदस्यों की नियुक्ति देश के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है. इसलिए बोर्ड सदस्यों की नियुक्ति सीआईएल के प्रबंधन के अधिकार क्षेत्र से बाहर है.

# लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी, मजबूती के साथ बंद हुए सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी ।नई दिल्ली



अगस्त के आखिरी तीन कारोबारी दिनों में गिरावट का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार ने आज सितंबर महीने की शुरुआत जोरदार मजबूती के साथ की. माना जा रहा है कि जीडीपी के मजबूत आंकड़े, चीन के तियानजिन में हो रहे एससीओ शिखर सम्मेलन से आ रही सकारात्मक खबर, आईटी शेयरों में आई तेजी और शेयर बाजार में निचले स्तर से हुई खरीदारी के सपोर्ट के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक सोमवार को बढ़त बनाने में सफल रहे. आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी. बाजार खुलने के बाद दिन के पहले सत्र के कारोबार में लिवालों और बिकवालों के बीच जोर आजमाइश होती रही, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में भी उतार-चढ़ाव होता रहा. दोपहर 12 बजे के बाद खरीदार पूरी तरह से बाजार पर हावी हो गए, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल लगातार तेज होती गई. पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.70 प्रतिशत और निफ्टी 0.81 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए. सोमवार को दिन भर के कारोबार के दौरान आईटी, ऑटोमोबाइल, एनर्जी और मेटल सेक्टर के शेयरों में लगातार खरीदारी होती रही. इसके अलावा बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, एफएमसीजी, हेल्थकेयर, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे निफ्टी का ऑटोमोबाइल इंडेक्स आज 2.80 प्रतिशत तक उछल गया. इसी तरह आईटी इंडेक्स भी 1.59 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद होने में सफल रहा. ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.64 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ. इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 1.49 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया. शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की बढ़ोतरी हो गई. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन के कारोबार के बाद बढ़ कर 448.90 लाख करोड़ रुपये (अनंतिम) हो गया. जबकि पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.65 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह निवेशकों को सोमवार के कारोबार से करीब 5.25 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया.

वहीं सोमवार को दिन भर के कारोबार में बीएसई में 4,380 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें 2,800 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,387 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 193 शेयर बिना किसी उतार चढ़ाव के बंद हुए. एनएसई में आज 2,805 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई. इनमें से 1,944 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 861 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए. इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर बढ़त के साथ और 7 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 42 शेयर हरे निशान में और 8 शेयर लाल निशान में बंद हुए.

वहीं बीएसई का सेंसेक्स सोमवार को 19.34 अंक के मामूली बढ़त के साथ 79,828.99 अंक के स्तर पर खुला. कारोबार की शुरुआत होते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल ऊपर नीचे होने लगी. दोपहर 12 बजे तक उतार चढ़ाव का सामना करने के बाद सेंसेक्स को खरीदारों का सपोर्ट मिल गया, जिसके कारण इस सूचकांक ने रफ्तार पकड़ ली. लगातार हो रही खरीदारी के सपोर्ट से आज का कारोबार खत्म होने के थोड़ी देर पहले ये सूचकांक 597.19 अंक उछल कर 80,406.84 अंक के स्तर तक पहुंच गया. हालांकि अंत में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई मामूली बिकवाली के कारण सेंसेक्स ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे खिसक कर 554.84 अंक की मजबूती के साथ 80,364.49 अंक के स्तर पर बंद हुआ. सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने 5.85 अंक की सांकेतिक तेजी के साथ 24,432.70 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की. बाजार खुलते ही लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में लगातार उतार-चढ़ाव होने लगा.

**शेयर बाजार** | घरेलू सर्राफा बाजार में सोमवार को तेजी का रुख रहा

# 24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 1,02,360 हुआ, चांदी की कीमत भी बढ़ी

एजेंसी ।नई दिल्ली



घरेलू सर्राफा बाजार में सोमवार को तेजी का रुख नजर आ रहा है. कीमत में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना प्रति 10 ग्राम 1,02,360 रुपये से लेकर 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये से लेकर 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है. चांदी के भाव में तेजी आने के कारण कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में 1,24,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है. दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,02,410 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 94,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है. इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है.

कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,02,410 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 94,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,02,510 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 94,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है. देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी का रुख नजर आ रहा है. इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 1,02,360 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है. इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 94,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है.

## अगस्त में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.86 लाख करोड़ बढ़ा

एजेंसी ।नई दिल्ली

सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह अगस्त में सालाना आधार पर 6.5 फीसदी बढ़कर 1.86 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा. पिछले साल इसी अवधि में यह 1.75 लाख करोड़ रुपये था, जबकि पिछले महीने जून में जीएसटी राजस्व संग्रह 1.96 लाख करोड़ रुपये रहा था. जीएसटी महानिदेशालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि अगस्त में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 1.67 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सलाना आधार पर 10.7 फीसदी की वृद्धि दर्शाता है. आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में सकल घरेलू राजस्व 9.6 फीसदी बढ़कर 1.37 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात कर 1.2 फीसदी घटकर 49,354 करोड़ रुपये रह गया. जीएसटी रिफंड सलाना आधार पर 20 फीसदी घटकर 19,359 करोड़ रुपये रह गया. इससे पहले अप्रैल 2025 में जीएसटी राजस्व संग्रह बढ़कर 2.37 लाख करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था.

## सेबी ने एमटीएनएल पर 13.46 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

एजेंसी ।नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) को स्टॉक एक्सचेंज एनएसई और बीएसई ने दंडित किया है. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के मानदंडों का पालन न करने के लिए 6.73 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है. कंपनी ने शेयर बाजार को जानकारी दी है कि बोर्ड संरचना संबंधी सेबी के मानकों का पालन न करने पर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) ने 6.73-6.73 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है. एमटीएनएल ने बताया कि एनएसई और बीएसई से सेबी (एलओडीआर) विनियम, 2015 के प्रावधानों का पालन न करने पर यह कार्रवाई की गई है. इसमें महिला निदेशक की नियुक्ति न करना, ऑडिट समिति के गठन में खामी, नामांकन और परिश्रमित समिति, स्टेकहोल्डर संबंध समिति व प्रबंधन समिति के गठन में गैर-अनुपालन शामिल हैं. एमटीएनएल ने सफाई देते हुए कहा कि वह एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है और स्वतंत्र निदेशकों सहित सभी बोर्ड नियुक्तियां प्रशासनिक मंत्रालय यानी दूरसंचार विभाग करता है. कंपनी ने बताया कि 15 अप्रैल से दो स्वतंत्र निदेशक, जिनमें एक महिला निदेशक भी शामिल हैं, की नियुक्ति दूरसंचार विभाग ने की है.

## अनोंदिता मेडिकेयर ने स्टॉक मार्केट में जोरदार एंट्री दर्ज की

**नई दिल्ली ।** अनोंदिता मेडिकेयर के शेयरों ने सोमवार स्टॉक मार्केट में जबरदस्त एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया. आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 145 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे. एनएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 90 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 275.50 रुपये के स्तर पर हुई.

मजबूत लिस्टिंग के बाद लिवाली शुरू हो जाने के कारण कंपनी के शेयर की चाल में तेजी आ गई. लगातार हो रही लिवाली के सपोर्ट से कंपनी के शेयर 289.25 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गए और इसी स्तर पर बंद हुए. इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को 99.48 प्रतिशत का मुनाफा हो चुका है. यानी आईपीओ निवेशकों का पैसा पहले दिन ही करीब दोगुना हो गया है. अनोंदिता मेडिकेयर का 69.50 करोड़ रुपये का आईपीओ 22 से 26 अगस्त के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था.







## पूर्वी अफगानिस्तान में भूकंप से तबाही; गांव के गांव बर्बाद

**काबुल ।** पूर्वी अफगानिस्तान में आए एक शक्तिशाली भूकंप में लगभग 800 लोगों की मौत हो गई. अब तक 2,500 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है. रविवार देर रात 6.0 तीव्रता का भूकंप नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर के पास कुनार प्रांत के कई कस्बों में आया, जिससे भारी नुकसान हुआ. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था. इसकी गहराई महज 8 किलोमीटर थी. कम तीव्रता वाले भूकंप ज्यादा नुकसान पहुंचाते हैं. इसके बाद भी इलाके में कई झटके आए. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक, रात 11:47 बजे आए 6.0 तीव्रता के भूकंप का केंद्र नंगरहार प्रांत के जलालाबाद शहर से 27 किलोमीटर पूर्व-उत्तर-पूर्व में था.

## न्यूज अपडेट

### इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर बड़ा हादसा, हेलीकॉप्टर हो गया लापता

**नयी दिल्ली ।** इंडोनेशिया के बोर्नियो द्वीप पर सोमवार को एक बड़ा हादसा हुआ. आठ लोगों को लेकर जा रहा एक हेलीकॉप्टर अचानक उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही लापता हो गया. एयरबस बीके117 डी-तीन मॉडल का यह हेलीकॉप्टर ईस्टिंडो एयर कंपनी का था. ये दक्षिण कालिमंतान प्रांत के कोटाबारू जिले के हवाई अड्डे से उड़ा था और इसे मध्य कालिमंतान के पालतांगकराया शहर पहुंचना था. लेकिन उड़ान भरने के केवल आठ मिनट बाद ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल से इसका संपर्क टूट गया. अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर का आखिरी संपर्क सुबह 08:54 बजे हुआ था. इसे पालतांगकराया शहर सुबह 10:15 बजे पहुंचना था.

### अटॉर्नी जनरल ने हाईकोर्ट से कहा बर्खास्तगी की प्रक्रिया 'पूरी तरह अवैध'

**नई दिल्ली ।** इजराइल की अटॉर्नी जनरल गली बहारीव-मियारा ने हाई कोर्ट में दायर याचिकाओं के जवाब में कहा है कि सरकार द्वारा उन्हें पद से हटाने की पूरी प्रक्रिया पूरी तरह अवैध है. बहाराव-मियारा ने अपने बयान में कहा, सरकार ने अटॉर्नी जनरल का कार्यकाल समाप्त करने के नियमों में बदलाव किया, और यह बदलाव तब किया जब बर्खास्तगी की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी थी. यह सिर्फ परिणाम सुनिश्चित करने के लिए किया गया. उनके अनुसार, सरकार ने मौजूदा कानूनी प्रक्रिया को छोड़कर एक नया रास्ता अपनाते हुए एक मंत्रिस्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया, ताकि वही समिति बर्खास्तगी की सिफारिश कर सके. हाई कोर्ट इस मामले पर इस सप्ताह के अंत में सुनवाई करेगा.

### मयूरभंज में 22 साल की महिला से सामूहिक दुष्कर्म का केस निकला झूठा

**ओडिशा ।** ओडिशा पुलिस ने सोमवार को बड़ा खुलासा करते हुए कहा कि मयूरभंज जिले में 22 वर्षीय महिला के साथ हुए कथित सामूहिक दुष्कर्म का मामला झूठा निकला. जांच में सामने आया है कि यह आरोप एक साजिश के तहत लगाए गए थे, ताकि कुछ लोग अपने दुश्मनों से बदला ले सकें. उप-मंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) हृषिकेश नायक ने बताया कि जब गहराई से जांच हुई तो पाया गया कि आरोप पूरी तरह से झूठे हैं. जांच से पता चला कि जिन दो आरोपियों के नाम शिकायत में लिए गए थे, उनमें से एक घटना वाले दिन यानी 29 अगस्त को तेलंगाना में मौजूद था. पुलिस ने महिला और उसकी मां से कड़ाई से पूछताछ की. दोनों ने मजिस्ट्रेट के सामने स्वीकार किया कि उन्होंने झूठा आरोप लगाया था.

### कुमार विश्वास की पत्नी मंजू शर्मा ने आरपीसीसी से दिया इस्तीफा

**गाजियाबाद .** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में रहने वाले मशहूर कवि डॉ. कुमार विश्वास की पत्नी डॉ. मंजू शर्मा एक बार फिर चर्चा में हैं. उन्होंने राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य के पद से इस्तीफा दे दिया है. दरअसल, पिछले दिनों राजस्थान लोक सेवा आयोग सुर्खियों में रहा है. आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हुए हैं. ऐसे में मंजू शर्मा ने स्वेच्छा से इस्तीफा देने का फैसला लिया है. इसके साथ ही उनकी सैलरी को लेकर भी चर्चा शुरू हो गई है. राजस्थान लोक सेवा आयोग के सदस्य के तौर पर डॉ. मंजू शर्मा को एक निश्चित वेतन मिलता है, लेकिन सार्वजनिक पटल पर इसकी जानकारी उपलब्ध नहीं है.

### चारधाम सहित हेमकुंड साहिब की यात्रा 5 सितंबर तक रहेगी स्थगित

**देहरादून ।** उत्तराखंड में लगातार बारिश को देखते हुए राज्य सरकार ने चारधाम यात्रा सहित हेमकुंड साहिब यात्रा भी 5 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी है. गढ़वाल कमिश्नर विनय शंकर पांडेय ने सोमवार को बताया कि भारी बारिश से प्रदेश में कई जगह भूस्खलन या मलबा आने से मार्ग बाधित हो रहे हैं. जिन्हें सरकार प्राथमिकता पर खोलने के प्रयास कर रही है, लेकिन यात्रियों की सुरक्षा ओर सुविधा को देखते हुए, फिलहाल चारधाम एवं हेमकुंड साहिब यात्रा को 5 सितंबर 2025 तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है. उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि वे प्रतिकूल मौसम की स्थिति को देखते हुए फिलहाल यात्रा मार्गों पर प्रस्थान न करें तथा प्रशासन के परामर्शों का पालन करें.

### हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में इस्राइली तेल टैंकर को उड़ा डाला

**दुबई ।** यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को कहा कि उन्होंने सऊदी अरब के तट के पास लाल सागर में एक तेल टैंकर पर मिसाइल दागी. इससे इस वैश्विक जल मार्ग पर जहाजों पर उनके हमलों की फिर शुरुआत हो सकती है. हूती सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारि ने एक रिकॉर्डेड संदेश में इस हमले की जिम्मेदारी ली. यह संदेश हूती नियंत्रित सैटेलाइट न्यूज चैनल अल-मसीरा पर प्रसारित हुआ. उन्होंने दावा किया कि यह 'स्कारलेट रे' जहाज इस्राइल से जुड़ा हुआ था. जहाज के मालिकों से तत्काल संपर्क नहीं हो सका. ब्रिटेन की सेना के यूनाइटेड किंगडम मरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर ने बताया कि सऊदी अरब के यानबू इलाके के पास एक जहाज ने पानी में किसी चीज के गिरने की आवाज (छपाक) और एक धमाका सुना.

## पीएम ने एससीओ के मंच से आतंकवाद के मुद्दे पर पाक को सुनाई गई खरी-खरी

# आतंकवाद पर किसी भी तरह का डबल स्टैंडर्ड स्वीकार्य नहीं होगा



- आतंकवाद पर पीएम नरेंद्र मोदी का भाषण सुन उड़ा पाक के पीएम शहबाज शरीफ के चेहरे का रंग

**एजेंसी । बीजिंग**

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आतंकवाद पर सीधा हमला बोला और पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया. खास बात यह रही कि मोदी का यह भाषण उस वक्त हुआ जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ भी वहीं मौजूद थे. पीएम मोदी ने कहा, 'हाल ही में हमने पहलगाम में आतंकवाद का बहुत ही घिनौना रूप देखा. इस दुःख की घड़ी में, जो मित्र देश हमारे साथ खड़े रहे, मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं. यह हमला केवल भारत की अंतरात्मा पर ही आघात नहीं था, यह मानवता में विश्वास रखने वाले हर देश, हर व्यक्ति को खुली चुनौती थी. ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है, क्या कुछ देशों द्वारा आतंकवाद का खुलेआम समर्थन हमें स्वीकार्य हो सकता है?' प्रधानमंत्री मोदी ने अपने भाषण में एससीओ को लेकर भारत की नीति के तीन स्तंभ बताए- एस यानी सिक्यूरिटी (सुरक्षा), सी यानी कनेक्टिविटी और ओ यानी अवसर. उन्होंने कहा कि सुरक्षा, शांति और स्थिरता विकास की नींव हैं, लेकिन आतंकवाद, अलगाववाद और अतिवाद इस राह की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं.



**मोदी का भाषण सुन उड़ा शहबाज के चेहरे का रंग** उन्होंने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि आतंकवाद पर किसी भी तरह के डबल स्टैंडर्ड स्वीकार्य नहीं होंगे और सभी देशों को एकजुट होकर इसका हर रूप में विरोध करना होगा. पीएम मोदी जब आतंकवाद पर भाषण दे रहे थे तब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ उनके सामने ही बैठे थे. जैसे ही पीएम ने पहलगाम हमले का जिक्र किया शहबाज के चेहरे की हवाइयां उड़ गईं.

### मोदी-पुतिन की कार में 45 मिनट सीक्रेट बातचीत

चीन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात लगातार सुर्खियों में है. एससीओ सम्मलेन के बाद दोनों नेताओं में द्विपक्षीय वार्ता भी देखने को मिली. हालांकि, वार्ता से पहले पीएम मोदी और राष्ट्रपति पुतिन ने 45 मिनट तक कार में बातचीत की, जिसकी तस्वीर खुद पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शेयर की है. चीन के तियानजान में एससीओ सम्मेलन खत्म होने के बाद पीएम मोदी और पुतिन की मुलाकात थोड़ी दूर पर मौजूद एक होटल में शेड्यूल की गई थी. ऐसे में पुतिन ने न सिर्फ काफी देर तक पीएम मोदी का कार में इंतजार किया बल्कि वेन्यू पर पहुंचने के बाद भी दोनों नेता कार में ही बैठकर बातचीत करते रहे.

**पुतिन ने किया मोदी का इंतजार :** एससीओ सम्मेलन में राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी को देखते ही गले लगा लिया था. इस मुलाकात की तस्वीरें शेयर करते हुए पीएम मोदी ने लिखा था कि आपसे मिलकर हमेशा खुशी होती है. वहीं, एससीओ सम्मेलन खत्म होने के बाद पुतिन को भारत के साथ द्वीपक्षीय वार्ता के लिए रवाना होना था. मगर, रूसी राष्ट्रपति पीएम मोदी के साथ ही जाना चाहते थे. ऐसे में उन्होंने 10 मिनट तक पीएम मोदी का इंतजार किया.

### कोर्ट आरक्षण आंदोलन पर सख्त; कहा- जरांगे व समर्थक आज दोपहर तक सभी सड़कें खाली करें

**एजेंसी । मुंबई**

मराठा आरक्षण आंदोलन पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी की है. अदालत की पीठ ने कहा कि मनोज जरांगे के नेतृत्व वाला विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण नहीं है और इसमें सभी शर्तों का उल्लंघन किया गया है. बॉम्बे हाईकोर्ट ने मुंबई में चल रहे आंदोलन पर तत्काल सुनवाई करते हुए कहा कि हमने कुछ शर्तों के साथ विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी थी, जिनका प्रदर्शनकारियों ने उल्लंघन किया है. प्रदर्शनकारियों ने शहर को ठप कर दिया है और उन्होंने अदालत को दिए गए अपने हलफनामे का पालन नहीं किया है.

**प्रदर्शन पर कोर्ट की सख्त टिप्पणी :** बॉम्बे हाई कोर्ट ने सोमवार को कहा कि मराठा आरक्षण आंदोलन के कारण पूरा मुंबई ठप हो गया है. इसके साथ ही अदालत ने माना कि आंदोलन शांतिपूर्ण नहीं रहा और प्रदर्शनकारियों ने सभी शर्तों का उल्लंघन किया है. अदालत ने आदेश दिया कि मंगलवार दोपहर तक शहर की सभी सड़कें खाली कर दी जाएं. न्यायमूर्ति रविंद्र घुगे और गौतम अंकल के खंडपीठ ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को सिर्फ आजाद मैदान में धरना देने की अनुमति थी, लेकिन वे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, चर्चगेट स्टेशन, मरीन ड्राइव और यहां तक कि हाई कोर्ट के बाहर भी जुट गए.

### अभय चौटाला के फार्म हाउस में शिफ्ट हुए जगदीप धनखड़

**नयी दिल्ली ।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ एक बार फिर से चर्चाओं में हैं. पेंशन की खबरों के बाद अब वह अपने आवास को लेकर सुर्खियों में हैं. उन्होंने अपने आधिकारिक आवास से दिल्ली के छतरपुर इलाके में स्थित एक निजी फॉर्म हाउस में शिफ्ट किया है. छह हफ्ते पहले उन्होंने मानसून सत्र के पहले दिन ही इस्तीफा देकर सबको चौंका दिया था. इसके पीछे उन्होंने स्वास्थ्य कारणों का हवाला दिया था. छतरपुर के जिस निजी फॉर्म हाउस में वह शिफ्ट हुए हैं, वह आईएनएलडी नेता अभय चौटाला का है. समाचार एजेंसी पीटीआई से बातचीत करते हुए एक अधिकारी ने बताया है कि वह फ़िलहाल इसी फॉर्महाउस में रहेंगे, जब तक टाइप-VIII का आधिकारिक सरकारी आवास रहने के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हो जाता है.

## पीओके में क्रैश हुआ पाकिस्तानी सेना का हेलिकॉप्टर

# दो अधिकारियों समेत पांच की मौत

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के कब्जे कश्मीर (पीओके) के गिलगित-बाल्टिस्तान क्षेत्र में सोमवार तड़के सेना का एक हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें पांच सैन्यकर्मी मारे गए. मृतकों में दो अधिकारी भी शामिल हैं.पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी आधिकारिक बयान के मुताबिक, एमआई-17 हेलिकॉप्टर नियमित प्रशिक्षण मिशन पर था, जिसमें उड़ान के दौरान तकनीकी खराबी आ गई. इसके बाद चालक दल ने जबरन 'क्रैश-लैंडिंग' की कोशिश की, लेकिन हेलिकॉप्टर हादसे का शिकार हो गया. यह घटना रात करीब 1 बजे हुडोर गांव के पास हुई, जो दियामेर जिले के ठकदास कैंटोनमेंट से लगभग 12 किलोमीटर दूर है. **इन अधिकारियों और जवानों की मौत :** इस हादसे में मारे गए पाकिस्तानी सेना जवानों की पहचान हो गई है. जिनमें पायलट इन कमांड मेजर आतिफ, को-पायलट मेजर फैसल, फ्लाइट इंजीनियर नायब सुबेदार मकबूल, क्रू चीफ हवलदार जहांगीर और क्रू चीफ नायक आमिर शामिल हैं. पाकिस्तानी सेना ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण मिशन, ऑपरेशनल तैयारियों को बनाए रखने के लिए नियमित रूप से कराए जाते हैं. इनका मकसद युद्धकालीन मिशन, ऑपरेशनल सपोर्ट, मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में दक्षता बनाए रखना है. इससे पहले गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैज़ुल्लाह फराक ने पहले कहा था कि 'हमारे एक हेलिकॉप्टर' का दियामेर जिले के चिलास इलाके में हादसा हुआ है, जिसमें पांच चालक दल के सदस्य मारे गए.

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू के बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया, राजभवन में की समीक्षा बैठक

**जम्मू ।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी के कुछ बाढ़ प्रभावित इलाकों का दौरा किया. इसके बाद राजभवन में बाढ़ राहत उपायों पर एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की. गृह मंत्री ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और विधानसभा में विपक्ष के नेता सुनील शर्मा के साथ बिक्रम चौक के पास तवी पुल और जम्मू हवाई अड्डे के पास मंगूचक का दौरा किया. उन्होंने पिछले सप्ताह जम्मू क्षेत्र में रिकॉर्ड बारिश के बाद आई अचानक बाढ़ से हुए नुकसान का प्रत्यक्ष जायजा लिया. शाह बाढ़ प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण कर सकते हैं, जिसमें कटरा भी शामिल है, जहां 26 अगस्त को माता वैष्णो देवी मंदिर जाने वाले पुराने मार्ग पर भूस्खलन के कारण 34 तीर्थयात्रियों की मौत हो गई थी और 20 घायल हो गए थे. इसके अलावा किश्तवाड़ के चिसोती गांव का भी हवाई सर्वेक्षण कर सकते हैं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बाढ़ राहत उपायों पर समीक्षा बैठक की. केंद्रीय गृह मंत्री भारी बारिश और अचानक आई बाढ़ के बाद की स्थिति का आकलन करने के लिए रविवार शाम जम्मू पहुंचे. जम्मू हवाई अड्डे पर उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री सहित अन्य लोगों ने उनका स्वागत किया.



**सवाल-जवाब**

## एससीओ समिट के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पहला रिएक्शन, बोले-

# भारत तेल, हथियार सब रूस से खरीदता है, हमसे नहीं

- अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत-अमेरिका के रिश्तों को एकतरफा और विनाशकारी बताया है.
- डोनाल्ड ट्रंप के अनुसार भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर ऊंचे टैरिफ लगाए हैं जिससे व्यापार में असंतुलन हुआ है.
- भारत ने रूस से अधिक कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदे हैं, जबकि अमेरिका से कम खरीदारी की है.

**एजेंसी । वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत को लेकर बयान दिया है. ट्रंप ने इस बार कहा है कि भारत और अमेरिका के बीच रिश्ते एक तरफा ही रहे हैं. उनका यह बयान ऐसे समय में आया है जब एक ही दिन पहले यानी रविवार को चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूस के व्लादिमीर पुतिन के साथ एक खास मुलाकात की है. ट्रंप की मानें तो अमेरिका तो भारत के साथ बहुत कम बिजनेस करता है लेकिन भारत का ट्रेड अमेरिका के साथ बहुत ज्यादा है.



**'हमसे वसूले इतने ज्यादा टैरिफ' :** ट्रंप ने सोमवार को भारत-अमेरिका व्यापार को 'विनाशकारी' और एकतरफा बताया. उन्होंने दावा किया कि भारत ने अमेरिकी वस्तुओं पर इंपोर्ट ड्यूटी में कटौती की पेशकश की है, जिसे 'जीरो' कर दिया गया है. ट्रंप की मानें तो अब इसके लिए 'देर हो रही है'. ट्रंप ने अपनी सोशल मीडिया साइट ट्रूथ सोशल पर एक लंबी-चौड़ी पोस्ट में लिखा, 'बहुत कम लोग यह समझते हैं कि हम भारत के साथ बहुत कम व्यापार करते हैं, लेकिन वे हमारे साथ बहुत ज्यादा व्यापार करते हैं. इसका कारण यह है कि भारत ने अब तक हमसे इतने ऊंचे टैरिफ वसूले हैं कि हमारे व्यवसाय भारत में सामान नहीं बेच पा रहे हैं. यह पूरी तरह से एकतरफा आपदा रही है!'

**रूस से तेल खरीदता है भारत :** ट्रंप ने कहा कि भारत अपना ज्यादातर तेल और मिलिट्री उपकरण रूस से खरीदता है, अमेरिका से बहुत कम खरीदता है. उन्होंने फिर से कच्चे तेल का जिक्र किया है. रूस से कच्चे तेल आयात की वजह से ही ट्रंप ने ज्यादातर भारतीय उत्पादों पर लगाए गए कुल 50 फीसदी टैरिफ में से 25 फीसदी टैरिफ जुर्माने के तौर पर तय किया है. उन्होंने कहा कि वह 'लोगों को सोचने के लिए कुछ आसान तथ्य पेश कर रहे हैं. ट्रंप के इंपोर्ट ड्यूटी वाले दावे पर भारत की तरफ से अभी तक कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी गई है.

### बंगलूरू:मंदिर से लौट रही महिला पर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाया

**बंगलूरू ।** बंगलूरू से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. यहां 35 वर्षीय महिला को उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर ने पेट्रोल छिड़ककर जिंदा जला दिया. महिला की पहचान वनजाक्षी के रूप में हुई है. घटना 30 अगस्त को इलेक्ट्रॉनिक सिटी थाना क्षेत्र में हुई. पुलिस ने 52 वर्षीय आरोपी कैब चालक विठल को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस के अनुसार, वनजाक्षी और विठल चार से पांच साल पहले लिव-इन रिश्ते में थे. दोनों पहले भी शादीशुदा रह चुके थे. लेकिन विठल की शराब की लत और उसके द्वारा की जा रही लगातार परेशानियों के कारण महिला ने उसे छोड़ दिया था. इसके बाद वनजाक्षी की नजदीकी एक अन्य व्यक्ति मारीअप्पा से बढ़ गई थी. इससे आरोपी विठल और भी नाराज रहता था.

**ओडिशा में प्रतिमा विसर्जन जुलूस में झड़प**

# एक की मौत, 14 घायल; करंट लगने से 3 अन्य युवक घायल

**एजेंसी । ओडिशा**

ओडिशा में गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान झड़प की अलग-अलग घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई. 14 घायल हो गए. जुलूस में डीजे वाहन पर चढ़ते समय करंट लगने से तीन अन्य युवक घायल हुए, जबकि प्रतिमा विसर्जन बाद नदी में नहाते समय महिला बह गई. नयागढ़ जिले में रविवार रात प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान संगीत बजाने को दो समूहों में हुई झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई. 10 घायल हो गए. पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि मृतक की पहचान हरिहर स्वैन के रूप में हुई है.

**लोगों ने प्रदर्शन कर आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग की :** एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि हरिहर स्वैन की उस समय हत्या कर दी गई जब वह अपने बेटे को हमलावरों से बचाने की कोशिश कर रहे थे. उन्होंने बताया कि यह घटना फतेहगढ़ पुलिस थाना क्षेत्र के करदापल्ली गांव में पथापुर और करदापल्ली क्षेत्रों के लोगों के बीच जुलूस के दौरान हुए विवाद के बाद हुई. मामले में अधिकारी ने बताया कि घायलों को स्थानीय अस्पताल भेज दिया गया है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. नयागढ़ की पुलिस अधीक्षक ने कहा, 'हमने स्थानीय पुलिस स्टेशन में दर्ज शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है.

स्वत्वाधिकारी लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुद्रक, प्रकाशक प्रदीप कुमार सिंह, क्वार्टर नंबर सी-90, पोस्ट-नावागढ़, थाना-बरोरा, हरिणा कॉलोनी, धनबाद-828306, झारखंड द्वारा फ्लैट नंबर 2ए, सेकेंड फ्लोर, सिंगारो मेनन अपार्टमेंट,चूना भट्ठा, एचबी रोड कोकर, नियर डिस्टिलरी पुल, बिरसा समाधि स्थल) रांची-834001, झारखंड से प्रकाशित और शिवसाईं पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड, रातू, काठीटांड़, टेंडर बगीचा रातू, रांची - 835222 झारखंड द्वारा मुद्रित. **संपादक : संजय कुमार सिंह.*** फोन नंबर 0651-2913385, 9142897989 (***पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार**).
आरएनआई नं : JHAHIN/2023/84487, ई-मेलः shubhamsandeshnews@gmail.com धनबाद ब्यूरो : ओजोन सेंटर,थर्ड फ्लोर, कमरा नं-306 अशोकनगर, बैंक मोड़, धनबाद-828106. फोन नं – 9431145133.ई मेल-sandeshsubham23@gmail.com.